सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 09 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 155, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 719 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 719 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 244 अंक की गिरावट आई। } 10

## देश में पिछले 12 वर्षों में आये कई परिवर्तन : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 12 वर्षों में उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों का मूल गरीबों का कल्याण है। } 12

## इजराइल-ईरान ने एक दूसरे पर किये हमले

○ पश्चिम एशिया के सामने फिर युद्ध छिड़ने की आशंका ○ तेहरान समेत कई शहरों में सुने गये धमाके

एजेंसी



दुबई। ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने के बाद जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने सोमवार तड़के तेहरान के मध्य और पश्चिमी हिस्सों पर हवाई हमले किए। इन हमलों से पूरे पश्चिम एशिया के सामने एक बार फिर युद्ध छिड़ने की आशंका पैदा हो गई है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खबर में बताया कि इस्फहान, करज, तबरीज और तेहरान में धमाकों की आवाजें सुनी गईं। हालांकि, फिलहाल इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। तेहरान में एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि राजधानी के पश्चिमी हिस्से में कम से कम एक बड़े धमाके की आवाज सुनाई दी। इजराइली हमलों के बाद ईरान ने तेहरान के इमाम खुमैनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास का हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। इजराइल की सेना ने कहा कि यमन की ओर से एक मिसाइल दागे जाने के बाद सोमवार को देश के कई हिस्सों में सायरन बज उठे। हालांकि, सेना ने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने या कहीं मिसाइल गिरने की कोई सूचना नहीं मिली है। यमन के बड़े हिस्से पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है। इससे पहले भी इजराइल-हमास युद्ध के दौरान और उसके बाद हूती विद्रोहियों ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागी थीं, लेकिन वे ईरान-इजराइल के मौजूदा संघर्ष में पूरी तरह शामिल नहीं हुए हैं। हूतियों ने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, अतीत में कई बार उन्होंने हमलों की जिम्मेदारी देर से स्वीकार की है। ईरान के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि किन ठिकानों को निशाना बनाया गया और न ही किसी संभावित नुकसान के बारे में जानकारी दी। ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि इजराइल ने सोमवार सुबह के हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया, लेकिन इससे अधिक विवरण नहीं दिया। ईरान में हमले शुरू करने के बाद इजराइल ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, कुछ देर पहले इजराइल की वायुसेना ...शेष पृष्ठ 10 पर

## फिलीपीन में 7.8 तीव्रता का भूकंप, 32 की मौत

○ 200 से अधिक घायल, कई इमारतें जमींदोज ○ सुनामी की तीन फुट ऊंची उठीं लहरें

एजेंसी




मनीला (फिलीपीन)। दक्षिणी फिलीपीन के मिंडानाओ क्षेत्र में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिससे कुछ तटीय क्षेत्रों में सुनामी की तीन फुट ऊंची लहरें उठीं। फिलीपीन में भूकंप के बाद बिजली गुल होने की सूचना मिली और राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस ने लोगों से ऊंचाई वाले स्थानों पर जाने का आग्रह किया। भूकंप के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 17 लोग मारे गए। इसी के साथ इस क्षेत्र में भूकंप से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 32 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सारंगानी प्रांत के आपदा प्रबंधन अधिकारी रेने पुंजालन ने डीजेडबीबी रेडियो नेटवर्क को बताया कि ग्लान के पहाड़ी कस्बे में भूकंप के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में कई घर आ गए और इस हादसे में 13 ग्रामीणों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सारंगानी में चार अन्य ग्रामीणों की मौत के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। अधिकारी ने बताया कि इसी के साथ इस साल फिलीपीन द्वीपसमूह में आए सबसे शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 32 हो गई है। भूकंप के कारण दक्षिणी फिलीपीन में छोटी इमारतें ढह गईं और सुनामी की छोटी लहरें उठीं। इंडोनेशिया, पलाऊ और दक्षिणी जापान तक इन सुनामी लहरों का असर देखा गया। फिलीपीन ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार, भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप पर स्थित जनरल सैंटोस शहर से 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 37 मिनट पर आया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने भूकंप आने के बाद कहा था कि फिलीपीन के कुछ समुद्री तटों पर सुनामी की तीन मीटर ऊंची लहरें आ सकती हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया के कुछ तटों पर एक मीटर तक ऊंची लहरें आने की आशंका हैं। संस्थान के प्रमुख टेरेसिटो बाकोलकोल ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा, हम लोगों को सलाह देते हैं कि वे ऊंचाई वाले स्थानों पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

### शांतिपूर्वक संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी और सख्त परीक्षा व्यवस्था के बीच आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1183 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में कराई गई। भर्ती बोर्ड ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 जून 2026 को आयोजित परीक्षा के लिए कुल 9,62,832 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। इनमें से 7,23,540 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जो कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों का 75.15 प्रतिशत है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शासन, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की तैयारियां प्रभावी साबित हुईं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रही।

### अयोध्या में एक लाख का इनामी ढेर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अयोध्या जिले में हुई मुठभेड़ में हत्या, लूट, रंगदारी और सुपारी किलिंग जैसी कई संगीन वारदातों में वांछित तथा एक लाख रुपये के इनामी अपराधी भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू को मार गिराया। घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए बदमाश की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। एसटीएफ के अनुसार सात और आठ जून की मध्यरात्रि को अयोध्या के महाराजगंज थाना क्षेत्र में अभियान के दौरान भानु प्रताप सिंह की मौजूदगी की सूचना मिली थी। वह अपने साथियों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। सूचना के आधार पर एसटीएफ प्रयागराज इकाई ने घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की।

# पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर विकसित होंगे रजिस्ट्री ऑफिस

## तकनीक की मदद से रजिस्ट्री कार्यालयों को बनायें पारदर्शिता और जनसुविधा का आदर्श मॉडल: सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, निवेश गतिविधियों और शहरीकरण की आवश्यकताओं के अनुरूप विभाग को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित, उत्तरदायी और जनसुविधा केंद्रित बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय आमजन के प्रत्यक्ष संपर्क वाले कार्यालय हैं, इसलिए वहां की व्यवस्थाएं आधुनिक, व्यवस्थित और नागरिक केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने उप निबंधक कार्यालयों को चरणबद्ध ढंग से पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर विकसित करने की आवश्यकता बताई।




बैठक में बताया गया कि प्रदेश के रजिस्ट्री कार्यालयों में प्रतिवर्ष लगभग 2.4 करोड़ लोगों का प्रत्यक्ष संपर्क होता है। इसे देखते हुए हेल्प डेस्क, टोकन एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, आधुनिक प्रतीक्षालय, महिला एवं शिशु कक्ष, डिजिटल सुविधाएं तथा अन्य नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए जिससे नागरिकों को अनावश्यक प्रतीक्षा और असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग राज्य की राजस्व व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2016-17 में विभाग की सकल आय 11,613.84 करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 32,598.49 करोड़ रुपये हो गई है। इसी अवधि में पंजीकृत लेखपत्रों की संख्या 28.25 लाख से बढ़कर 49.34 लाख से अधिक हो गई। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए राजस्व वृद्धि के साथ सेवा गुणवत्ता और नागरिक संतुष्टि को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस विभागीय सुधारों का प्रमुख आधार बनना चाहिए। संपत्ति एवं विवाह पंजीकरण में आधार प्रमाणीकरण, बायोमेट्रिक और आईरिस आधारित सत्यापन, ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन तथा खतौनी आधारित डिजिटल जांच जैसी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जाए। पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली, अभिलेखों के डिजिटाइजेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कार्यप्रणाली तथा जियो-टैगिंग व्यवस्था को तेजी से लागू करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### यूपी में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन होंगे स्थापित : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों के परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना से उत्तर प्रदेश को विशेष लाभ मिलेगा। यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। महज 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि में यूपी देश का 21 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन करता है। समय पर मौसम, बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि या ओलावृष्टि की जानकारी नहीं मिलेगी तो हम किसानों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### प्रदेश में बनेंगे पांच नये आयुष चिकित्सालय व महाविद्यालय

लखनऊ। प्रदेश में आयुष चिकित्सा प्रणाली को मजबूत बनाने और प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकार ने पांच नए एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया है। ये आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालय गोंडा, मीरजापुर, मेरठ, आगरा और बस्ती मंडल में स्थापित किए जाएंगे, जहां विद्यार्थियों को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान की शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार के निर्णय से न केवल प्रदेश में आयुष शिक्षा का दायरा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। नए महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में हादसा, नौ की मौत

### क्रेन से 1600 डिग्री सेल्सियस गर्म पिघला लोहा गिरा

एजेंसी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुए एक बड़े हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में बड़ी मात्रा में पिघले हुए स्टील के रिसाव के कारण हुई। हादसा उस समय हुआ जब क्रेन के जरिये ले जाए जा रहे पिघले लोहे से भरी बाल्टी से गर्म धातु नीचे गिर गई। अधिकारियों के अनुसार, अब तक पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए पीड़ितों की मदद का एलान किया है। विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में पिघला हुआ लोहा गिरने से कम से कम



नौ मजदूरों की मौत हो गई। इस हादसे में छह अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल मजदूरों को तुरंत नजदीकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### राजग का समर्थन करेंगे टीएमसी के 20 सांसद

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस का अंदरूनी संकट सोमवार को उस समय और गहरा गया जब पार्टी की वरिष्ठ सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने दावा किया कि पार्टी के करीब 20 सांसदों ने केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन करने का फैसला किया है और इसकी औपचारिक जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दी जाएगी।

इसी के साथ पार्टी की संसदीय इकाई में फूट सार्वजनिक हो गई है और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद पार्टी पर ममता बनर्जी का नियंत्रण और कमजोर हो गया है। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व को मिली करारी हार के कुछ ही दिनों बाद सामने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रख, विकास को दी रफ्तार

### जौनसार बावर की पहचान अद्वितीय लोक-संस्कृति व सामाजिक एकता से : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जौनसार-बावर की पहचान उसकी अद्वितीय लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता से है। यह क्षेत्र उत्तराखंड की सांस्कृतिक विविधता का महत्वपूर्ण केंद्र होने के साथ-साथ अपनी विशिष्ट जीवनशैली और लोक मूल्यों के लिए भी जाना जाता है। राज्य सरकार इस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नागथात में आयोजित जौनसार-बावर लोक सांस्कृतिक महोत्सव एवं क्रीड़ा समारोह-2026 के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम



नहीं होते, बल्कि समाज को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जौनसार-बावर सांस्कृतिक पुनरुत्थान समिति द्वारा वर्षों से किए जा रहे प्रयास स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय केदार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके त्याग और संघर्ष की गाथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे महान व्यक्तित्वों के योगदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जौनसार-बावर की लोक कलाएं, पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य शैलियां और सामाजिक परंपराएं प्रदेश की सांस्कृतिक संपदा हैं। इन परंपराओं में प्रकृति के प्रति सम्मान, सामुदायिक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का जो स्वरूप दिखाई देता है, वह आज के समय में भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय और पर्वतीय क्षेत्रों ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ योगी सरकार ने 11.68 लाख को बनाया साक्षर (पृष्ठ-02)
○ देश में पोषण सुधार का अग्रणी मॉडल बना यूपी (पृष्ठ-02)
○ सोने का भाव 1,100 गिरा, चांदी 5,000 टूटी (पृष्ठ-10)
○ लोगों की किफायती वाहनों व ईवी में बढ़ी दिलचस्पी (पृष्ठ-10)
○ चालू खाता अधिशेष 7.1 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

गर्मी और मानसून में लंबे समय तक चलने वाला असहनीय हीट स्ट्रेस जलवायु के लिए खड़ी कर सकता है बड़ी चुनौतियां

# गर्मी व उमस से बढ़ सकता है असहनीय ताप का प्रकोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। अगर वैश्विक तापमान दो डिग्री सेल्सियस और बढ़ा, तो भारत में मानसून के समय पड़ने वाली भारी उमस और गर्मी के कारण लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। इससे गर्मियों के मौसम में होने वाली जानलेवा एवं असहनीय गर्मी का असर और अधिक समय तक बना रहेगा। इसे अनकंपेन्सबल हीट स्ट्रेस (ओएचएस) कहा जाता है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गयी है।

अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (एजीयू) एडवांसेज नामक पत्रिका में छपे निष्कर्षों में मानसून के मौसम (जुलाई-अक्टूबर) में असहनीय ताप के प्रकोप पर जोर दिया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर और अमेरिका के स्टैनफोर्ड और पर्ड्यू विश्वविद्यालयों के अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि दोनों मौसमों गर्मी और मानसून- में लंबे समय तक चलने वाला



असहनीय हीट स्ट्रेस घनी आबादी वाले और संवेदनशील इलाकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य, श्रम उत्पादकता और जलवायु लचीलेपन के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर सकता है। यूएचएस तब होता है जब बहुत ज़्यादा गर्मी और नमी के कारण किसी का शरीर पसीने या दूसरे तरीकों से ठंडा नहीं हो पाता। लगातार गर्मी होने से इंसान के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है, जिसमें गर्मी से जुड़ी बीमारियां, अंगों के निष्क्रिय होने का खतरा और मौत शामिल हैं। अध्ययन से पता चलता है कि 1979-2021 की अवधि में, असंतुलित स्तर पर ओएचएस की घटना कई बार हुई है और यह देशभर के अधिकतर इलाकों को प्रभावित कर रहा है। यूएचएस की स्थिति मार्च-जून के गर्मियों के महीनों में ज़्यादा पाई गई, जिससे भारत का आठ प्रतिशत हिस्सा प्रभावित हुआ और यह सालाना गर्मी से होने वाली मौत के मामलों से भी जुड़ा हुआ था। अनुसंधानकर्ताओं ने लिखा, हालांकि, उमस वाली खतरनाक गर्मी बहुत तेजी से बढ़ेगी। अगर दुनिया का तापमान औद्योगिक काल से पहले के मुकाबले दो डिग्री और बढ़ा, तो मानसून की यह गर्मी देश के लगभग उतने ही बड़े हिस्से को परेशान करेगी, जितना गर्मियों के मौसम में असर होता है। उस वक्त देश का 60 प्रतिशत हिस्सा गर्मियों में और 53 प्रतिशत हिस्सा मानसून में इस खतरनाक गर्मी की चपेट में होगा।

## वकीलों की हड़ताल पर हाईकोर्ट सख्त बार मेम्बर समेत तीन को भेजा नोटिस

विधि संवाददाता

○ 27 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने न्यायिक कार्य के बहिष्कार और वकीलों की हड़ताल को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए सेंट्रल बार एसोसिएशन व लखनऊ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत तीन अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पूछा है कि उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए तथा उनके आचरण की शिकायत बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को क्यों न भेजी जाए। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेश अनुराधा सिंह व अन्य की ओर से दाखिल एक केस की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। सुनवाई के दौरान जिला जज लखनऊ की रिपोर्ट और वीडियो फुटेज भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसमें एक अधिवक्ता द्वारा बैठक के दौरान वकीलों में प्लास्टिक की लाठियां बांटने तथा प्रशासन और पुलिस के खिलाफ उत्तेजक टिप्पणियां किए जाने का उल्लेख किया गया है। कोर्ट ने इस घटना को गंभीरता से लिया। पीठ ने अधिवक्ता उत्तम त्रिपाठी, हिमांशु मिश्रा और बृजेश कुमार यादव को भी नोटिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

# वस्त्रोद्योग के लिए नयी कौशल विकास व्यवस्था तैयार हो : सीएम

## ग्रामोद्योग और माटीकला क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को मिले नयी गति

- पारंपरिक कौशल और आधुनिक तकनीक से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था
- उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार होगा कुशल मानव संसाधन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वस्त्र क्षेत्र की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप व्यापक कौशल विकास कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में निवेश, उत्पादन और रोजगार की दृष्टि से देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उद्योगों को समय पर प्रशिक्षित और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमों का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित न होकर युवाओं को रोजगार और आजीविका से जोड़ना होना चाहिए।

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार समर्थ योजना के अंतर्गत अब तक 2.28 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जबकि 1.60 लाख से अधिक प्रशिक्षार्थियों को रोजगार से जोड़ा गया है। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है और कुल प्रशिक्षार्थियों में उनका हिस्सा 87 प्रतिशत से अधिक है। वहीं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से भी बड़ी संख्या में युवाओं को वस्त्र क्षेत्र से संबंधित विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्त्र क्षेत्र में तकनीकी बदलाव अत्यंत तेजी से हो रहे हैं। ऑटोमेशन, आधुनिक मशीनरी तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे नए क्षेत्रों के विस्तार को देखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समयानुकूल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक उपयोगी और रोजगारपरक बनाया जाए। बैठक में अधिकारियों ने वस्त्र क्षेत्र के लिए प्रस्तावित कौशल विकास व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें उद्योगों, प्रशिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्थाओं के विकास पर भी चर्चा हुई। माटीकला क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण रोजगार से सीधे जुड़ा हुआ है।

मिट्टी से निर्मित उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ बड़ी संख्या में कारीगर परिवारों की आजीविका का आधार भी हैं। उन्होंने माटीकला उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने, कारीगरों को आधुनिक डिजाइन, सोलर चाक उपलब्ध कराने, नई तकनीक, बेहतर उपकरण, वित्तीय सहायता और विपणन सुविधाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 तक 1,331 इकाइयों की स्थापना की गई है। इन इकाइयों में 3,302.37 लाख रुपये का पूंजी निवेश हुआ है तथा 557.18 लाख रुपये की मार्जिन मनी सहायता उपलब्ध कराई गई है। माटीकला महोत्सवों, प्रदर्शनियों और मेलों के माध्यम से कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

वर्ष 2025-26 में 300 इकाइयों की स्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक उद्योगों को केवल संरक्षण की नहीं, बल्कि नवाचार, ब्रांडिंग, डिजिटलीकरण और आधुनिक बाजार से जुड़ाव की आवश्यकता है। माटीकला के उत्पादों को ई-कॉमर्स, डिजाइन विकास और आधुनिक विपणन प्रणालियों से जोड़कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

## जरूरतमंदों की शिक्षा बाधित नहीं होने देगी सरकारः योगी

- मुख्यमंत्री से मिलकर बूढ़ी मां संग आई बेटी, खुश होकर लौटी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए लोगों से उन्होंने व्यक्तिगत मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। एक बच्ची ने मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने लखनऊ के किसी संस्थान में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया। पुलिस की अनसुनी व अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर सख्त सीएम योगी ने अफसरों को मॉनीटरिंग कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का आदेश दिया।

लखनऊ की एक बच्ची अपनी बूढ़ी मां के साथ पहुंची। उसने बताया कि इंटरमीडिएट अच्छे अंक से उत्तीर्ण किया है। वह आगे बीटेक करना चाहती है, लेकिन धन के अभाव में दिक्कत हो रही है। सीएम योगी ने उसकी मार्कशीट देखी, फिर कहा कि पढ़ाई पर ध्यान दो। आपका प्रवेश किसी अच्छे संस्थान में कराया जाएगा। सरकार किसी भी निर्धन या जरूरतमंद की शिक्षा को बाधित नहीं होने देगी। सकारात्मक संदेश पाकर प्रफुल्लित बेटी व मां ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों ने मुख्यमंत्री से पुलिस की हीलाहवाली व अवैध कब्जे को लेकर उचित कार्रवाई न होने की शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने हर प्रकरण को सुना, फिर शासन के अफसरों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि इन मामलों की मॉनीटरिंग करिए। पीड़ित को न्याय और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराइए। सीएम ने पीड़ितों को जल्द ही समाधान के लिए आश्वस्त किया। कुछ फरियादी ऐसे भी आए, जो सीधे जनता दर्शन में पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा कि आपने जनपद के किस अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर कुछ फरियादियों ने कहा कि हम सीधे यहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गर्मी बेतहाशा पड़ रही है। आप सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सबसे पहले अपनी शिकायतें जनपद, मंडल स्तर के अधिकारियों से करें। कई समस्याओं का समाधान वहीं से हो जाएगा।

## देश में पोषण सुधार का अग्रणी मॉडल बना यूपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई में देश के लिए एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है। महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की सक्रिय कार्यशैली के चलते प्रदेश में संचालित टेक होम राशन योजना मातृ एवं शिशु पोषण को नई मजबूती प्रदान कर रही है। पोषण, तकनीक, पारदर्शिता और महिला सशक्तीकरण को एक साथ जोड़ने वाली यह व्यवस्था अब राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त कर रही है। सरकार ने भारत सरकार की सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 गाइडलाइन तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2023 के अनुरूप रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने इस नई प्रणाली को बड़े पैमाने पर धरातल पर उतारा है। वर्तमान में प्रदेश में हर महीने लगभग 1.56 करोड़ लाभार्थियों तक पौष्टिक आहार पहुंचाया जा रहा है। इनमें छह माह से छह वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं तथा अतिकुपोषित बच्चे शामिल हैं। सीएम योगी के मार्गदर्शन में यह पहल केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक असर स्वास्थ्य संकेतकों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2019-21 के दौरान प्रदेश में बच्चों में स्टंटिंग यानी नाटेपन की दर 39.7 प्रतिशत से घटकर 31.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसके अलावा अल्पवजन और दुबलापन जैसी समस्याओं में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि दशार्ती है कि योगी सरकार की पोषण नीति जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम दे रही है। सरकार में इस योजना के तहत विभिन्न आयु वर्गों के लिए विशेष पोषण उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। शिशु अमृत, शिशु आहार, बाल पुष्टिकर और संपूर्ण मातृ आहार जैसे उत्पाद बच्चों और महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड और ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली के माध्यम से हर पैकेट की डिजिटल निगरानी की जा रही है।

## इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल हुए लोद अध्यक्ष




**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की सोमवार को आयोजित बैठक में लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने भाग लिया। बैठक में देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक बदहाली, नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियों तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विपक्षी दल इन जनसरोकार के मुद्दों को देशभर में उठाएंगे और केंद्र सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए संयुक्त अभियान चलाएंगे। विशेष रूप से नीट पेपर लीक और अन्य भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं को लेकर युवाओं के साथ हुए अन्याय को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने मतदान अधिकारों से जुड़े मुद्दों एवं चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर भी चिंता व्यक्त की। इन विषयों पर मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर आवश्यक हस्तक्षेप और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग किए जाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में यह भी तय किया गया कि इंडिया गठबंधन की बैठकें प्रत्येक दो महीने के अंतराल पर आयोजित की जाएंगी।

## पीडब्ल्यूडी में 30 जून तक होगा तबादला

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग में अब अभियंताओं और कर्मचारियों को तबादला 30 जून तक हो सकेगा। इस सम्बन्ध में शासन की ओर से निर्देश जारी हो गये है। यह निर्देश विशेष सचिव प्रभुनाथ ने जारी किया है। बता दें कि कार्य योजना तैयार किये जाने के कारण विभाग के अभियंताओं और कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं हो पाया था। इस दौरान कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा था और यदि तबादला किये जाते तो कार्य प्रभावित होने की संभावना जतायी जा रही थी। फिलहाल तबादला 31 मई तक होना था।

## यात्रियों के लिए खुल गया संजय सेतु, एनएचएआई ने समय से पहले पूरा किया मरम्मत कार्य



**लखनऊ।** लखनऊ और बाराबंकी को बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा तथा बलरामपुर जिलों से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण संजय सेतु पुल को मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सोमवार को सुबह लगभग 9:30 बजे यातायात के लिए खोल दिया गया। खास बात यह है कि पुल की मरम्मत निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली गई, जबकि कार्य को 15 जून 2026 तक पूरा किया जाना था। मरम्मत कार्य को तेजी और सुरक्षित तरीके से पूरा करने के लिए 16 अप्रैल 2026 से पुल पर यातायात बंद कर दिया गया था। अब पुल के दोबारा शुरू होने से क्षेत्र के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, सुगम और निर्बाध हो सकेगा।

संजय सेतु पुल इस क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी है, जो न केवल रोजमर्रा के आवागमन को आसान बनाता है, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, सामाजिक गतिविधियों एवं आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मरम्मत कार्य के दौरान पुल की संरचनात्मक सुरक्षा एवं उपयोगिता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार किए गए हैं। पुल के फिर से चालू होने से लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा एवं बलरामपुर के बीच संपर्क और अधिक मजबूत होगा तथा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा।

इससे यात्रा समय में कमी आने के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था भी बेहतर होगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय सड़क अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्यरत है। संजय सेतु पुल का पुनः संचालन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## आपदा और दुर्घटनाओं से निपटने के लिए बनेगा स्पेशियलाइज्ड रेस्क्यू ग्रुप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विशेष आपात परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश को जल्द ही एक नई विशेषज्ञ टीम मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग में विशेषीकृत रेस्क्यू ग्रुप (एसआरजी) का गठन किया जा रहा है।

बदलते आपदा परिदृश्य और नई चुनौतियों को देखते हुए पहले चरण में 10 जनपदों में एसआरजी की स्थापना की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए 240 कर्मियों को एनडीआरएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ तथा अन्य विशेषज्ञ संस्थानों में उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। भवन ध्वस्त होने, बाढ़, रासायनिक दुर्घटनाओं, ऊंचाई पर फंसे लोगों के रेस्क्यू और संकरे स्थानों में बचाव जैसे जटिल अभियानों में यह टीम आधुनिक उपकरणों और विशेष प्रशिक्षण के साथ त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम होगी। सोमवार को अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से शहरी, औद्योगिक और आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अग्निशमन एवं आपात सेवा व्यवस्था को भी समय की आवश्यकताओं के अनुरूप मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग अब केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन, संपत्ति, उद्योगों और निवेश की सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। इसलिए इसे आधुनिक तकनीक, अत्याधुनिक संसाधनों और प्रशिक्षित मानवबल से और सशक्त बनाया जाए। बैठक में डीजी फायर सर्विस ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश की 350 तहसीलों में से 296 तहसीलों में 326 स्थायी अग्निशमन केंद्र संचालित हैं। 26 नए केंद्र लोकार्पण के लिए तैयार हैं, जबकि 25 केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 47 अन्य प्रस्तावित केंद्रों की डीपीआर तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शेष तहसीलों में भी अग्निशमन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही तेज की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज जैसे शहरों में तेजी से बढ़ रही बहुमंजिला इमारतों ने अग्निसुरक्षा की नई चुनौतियां खड़ी की हैं। इन चुनौतियों का सामना आधुनिक संसाधनों और विशेष व्यवस्था के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने हाईराइज भवनों के लिए आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में 102 मीटर क्षमता के 10, 90 मीटर क्षमता के 3 तथा 72 मीटर क्षमता के 7 हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म खरीदने की योजना है। इसके अलावा 100 मंजिल तक प्रभावी अग्निशमन क्षमता वाले आधुनिक तकनीक से लैस 14 विशेष फायर फाइटिंग वाहनों की खरीद भी प्रस्तावित है, जिससे ऊंची इमारतों और बड़े परिसरों में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

## स्वतंत्र देव सिंह ने जल जीवन मिशन से लाभान्वित ग्रामीणों से किया संवाद

- 251.04 लाख की पाइप पेयजल योजना से 569 परिवारों को मिल रहा स्वच्छजल

**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को ग्राम पंचायत सरथुआ में आयोजित कार्यक्रम में वृहद पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन का संकल्प दिलाया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत जल शक्ति मंत्री ने तीन बच्चों और उनकी माताओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और पौधरोपण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जो हमारे समृद्ध और सतत भविष्य की आधारशिला हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पेयजल योजना से बदल रहा ग्रामीणों का जीवन कार्यक्रम के दौरान सरथुआ ग्रामीण पाइप पेयजल योजना की उपलब्धियों को सराहा गया। 251.04 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस योजना के माध्यम से सरथुआ एवं मोहिद्दीनपुर के 569 परिवारों को नियमित, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से ग्रामीणों को नियमित जल आपूर्ति मिल रही है और हाल ही में 5-6 नए घरेलू नल कनेक्शन भी जोड़े गए हैं।

जल शक्ति मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि अब उन्हें प्रतिदिन तीन बार नियमित जलापूर्ति प्राप्त होती है। इससे उनके समय और श्रम की भारी बचत हुई है। साथ ही परिवारों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में बड़ा सुधार आया है। ग्रामीणों ने घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को मिला न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड



**लखनऊ।** शिक्षा, खेल एवं खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं एसएनआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया। जिमखाना क्लब, लखनऊ में आयोजित 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026' समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया।

समारोह में शिक्षा एवं खेल क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख व्यक्तित्वों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अनएडेड स्कूल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल, मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक राजीव तुली और सुनील तुली, अवध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन ऋषि गोयल एवं अन्य को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए खेलों को विद्यालयी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। डॉ. पाण्डेय पिछले 25 वर्षों से खेल प्रशासन और खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं एसएनआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन के माध्यम से देश के अनेक प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं खेल संस्थानों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा वे पिछले लगभग 12 वर्षों से भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) समूह की विभिन्न परियोजनाओं और खेल परिसरों से भी जुड़े हुए हैं। खेलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2019 में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया था।

## भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। महंगाई बढ़ने से किसानों के सामने खेती का संकट पैदा हो गया है। डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद अब उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोत्तरी से किसान हलकान है। भाजपा सरकार में किसान परेशानी में है। खाद, बीज और डीजल की कीमतों के बढ़ने से खेती करना मुश्किल हो गया है। भाजपा सरकार में पहले से किसान परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का लागत मूल्य नहीं मिल पाता है। खेती घाटे का कार्य हो गया है। अब खाद के दामों में वृद्धि ने किसानों के सामने बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। भाजपा सरकार में महंगाई ने आग लगा दी है। इससे देश की आम जनता और किसान झुलस रहे है। सरकार को किसानों और आम जनता के जीवन यापन की चिंता नहीं है। भाजपा अपने उद्योगपति मित्रों और अपने मुनाफे के लिए महंगाई बढ़ाती जा रही है। बिजली और खाद की मार झेल रहे किसानों के सामने अब सिर्फ दिक्कतें और परेशानी ही रह गई है। फसलों के बेहतर विकास के लिए नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटेशियम यानी एनपीके उर्वरक की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसका ज्यादातर उपयोग होता है। इस पर ज्यादा पैसे खर्च करने से किसानों का मौसमी बजट भी बिगड़ रहा है। उनकी जेब भी ज्यादा ढीली होनी तय है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन भाजपा के 12 साल के शासन के बाद आय दोगुनी के बजाय आधी भी नही रह गयी है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण कृषि कार्य से किसानों का मोहभंग हो रहा है। भाजपा साजिश करके किसानों को उनकी खेती और जमीन से दूर कर रही है।

## ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के विरोध में हस्ताक्षर अभियान शुरू

- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राहुल गांधी के अंडमान-निकोबार संरक्षण अभियान का किया समर्थन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अंडमान-निकोबार (ग्रेट निकोबार) संरक्षण अभियान का पूर्ण समर्थन किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के विरोध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की।

अंडमान निकोबार के जंगल और पर्यावरण को बचाने को लेकर सोमवार से उप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में जागरूकता और हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा ग्रेट निकोबार को कार्पोरेट लूट से बचाने एवं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य एवं प्रकृति के संरक्षण के अभियान के समर्थन में उप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

अजय राय ने आज कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार में प्रस्तावित मेगा प्रोजेक्ट के विरुद्ध उठाया गया। सवाल देश की प्राकृतिक धरोहर, पर्यावरण और आदिवासी समुदायों की रक्षा का सवाल है। हम इस अभियान को हरियाली बनाम लालच का अभियान मानते हैं और इसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूर्ण रूप से शामिल है।

केंद्र सरकार द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप पर लगभग 92000 करोड़ रुपये की लागत से एक विशाल विकास परियोजना चलाई जा रही है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट, पावर प्लांट और टूरिस्ट टाउनशिप शामिल है जबकि देश की सुरक्षा के लिए जरूरी आईएनएस बाज जो एकमात्र तीनों सेनाओं के संयुक्त अड्डा है उसके विस्तार की योजना की स्वीकृति केंद्र सरकार के पास पांच वर्ष से लंबित है। नेवल जेटी की योजना भी पांच वर्ष से लंबित है लेकिन एक पूंजीपति के विकास और प्रकृति के विनाश की योजना तुरंत स्वीकृति कर दी गयी। उन्होंने कहा कि आईएनएस बाज योजना का विस्तार चीन के हिन्द महासागर में गतिविधियों के लिए भी जरूरी है। आईएनएस बाज योजना का विस्तार होगा तो सुरक्षा व्यवस्था का विस्तार होगा जबकि अडानी के होटल और कैसिनो से सुरक्षा को खतरा पैदा होगा। अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी की हालिया यात्रा और स्थानीय आदिवासियों (शोम्पेन और निकोबरी समुदाय) तथा सेटलर्स से मुलाकात के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह परियोजना लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों की कटाई करेगी, 160 वर्ग किलोमीटर के प्राचीन वर्षा वनों और कोरल रीफ्स को नष्ट करेगी।

## देश में 50 करोड़ पौधे तुरंत लगाये जाने की जरूरत : अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को जारी बयान में कहा है कि ताजा रिसर्च के अनुसार आज हमारे देश में 50 करोड़ पौधे तुरन्त लगाये जाने की आवश्यकता है। अजय राय ने कहा कि पूरी दुनिया में गर्म शहरों की एक सूची उसमें 90 शहर भारत में है उसमें 25 शहर उप्र के हैं जो सबसे गर्म शहर हैं और यह पेड़ों की कटान और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ का ही दुष्परिणाम है।

उन्होंने कहा कि आखिर में प्लान्टेशन क्यों आवश्यक है। इसका सीधा जवाब यह है कि पेड़-पौधे कार्बन डाई आक्साइड (परिवहन, पाल्यूशन, फैक्ट्री इत्यादि द्वारा जनित) के उत्सर्जन को सोखने का काम करता है और वायु की शुद्धता को बढ़ाते हैं तथा वायुमण्डल में आक्सीजन की मात्रा बढ़ाते है जो सांस के द्वारा हमें प्राप्त होती है। इसके अलावा भूजल के गिरते स्तर में सुधार करता है। बाढ़ की स्थिति में मिट्टी की कटान रोकता है जिससे बाढ़ से आम जनता को बचाता है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में सहायक हैं। आज जो हाई टेम्परेचर से पूरी दुनिया पीड़ित है उसका सबसे बड़ा कारण पेड़ों की भारी संख्या में काटा जाना है और उस अनुपात में पौधरोपरण नहीं हो रहा है सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि ताजा रिसर्च के अनुसार भारत में पेड़ों की कटान पिछले 10 वर्षों में आवश्यकता से अधिक हुई है जिसकी वजह से बड़े बड़े शहर जैसे दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद गैस चैम्बर में परिवर्तित हो गये हैं इन बड़े शहरों को चारों तरॅफ से कंक्रीट से लाद दिया गया है।

इसी वजह से पेड़ों की कटान कई गुना अधिक हुई है जिससे बड़े शहरों में वर्षा का पैटर्न बदल गया है, कभी ज्यादा बारिश, कभी बिल्कुल बारिश नहीं हो रही है। अजय राय ने कहा कि व्यापक जनहित में अधिक से अधिक पेड़ लगाये जाने की आवश्यकता है। विकास की अंधी दौड़ में पेड़ों की कटान को रोकने की जरूरत है।

## ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी, सुरक्षित पेयजल को मिलेगी नयी गतिः ओपी राजभर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को विधानसभा के मुख्य भवन के कक्ष कार्यालय में पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक में मंत्री ने ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) की स्थापना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ग्रामीण बच्चों और युवाओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डिजिटल लाइब्रेरी न केवल विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगी, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल ज्ञान से भी जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही पूर्ण की जाए।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाए। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) की स्थापना एवं संचालन कार्यों में तेजी लाने को कहा। मंत्री ओपी राजभर ने गंगा एक्शन प्लान से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

# होटल नोवोटेल में पार्किंग की जगह बनायी बेकरी व स्टॉफ क्वॉर्टर

- स्वीकृत भवन मानचित्र के विपरीत निर्माण मिलने पर होटल प्रबंधन को नोटिस
- एलडीए व अग्निशमन विभाग के संयुक्त निरीक्षण में होटलों में मिली खामियां

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोमती नगर के होटल नोवोटेल में पार्किंग की जगह बेकरी, लॉन्ड्री व स्टॉफ क्वॉर्टर बने थे। निरीक्षण में लापरवाही सामने आने पर एलडीए ने होटल प्रबंधन के खिलाफ नोटिस जारी किया है। एलडीए व अग्निशमन विभाग की ज्वाइंट टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न होटलों, बैन्क्वेट हॉल एवं रेस्त्रां में अभियान चलाया। इसमें जिन जगहों पर खामियां मिली हैं, वहां अब कार्रवाई की तैयारी है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि दिल्ली में होटल में आग से हुये दर्दनाक हादसे के दृष्टिगत शहर में बहुमंजिला इमारतों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के आदेश दिये गये हैं। जिसके लिए एलडीए के प्रवर्तन व अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम गठित की गयी है। सोमवार को ज्वाइंट टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर बहुमंजिला भवनों में संचालित होटलों व रेस्त्रां में जांच की। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी व एफएसओ मामचन्द्र बड़गूजर के नेतृत्व में टीम ने विराज खण्ड स्थित होटल नोवोटेल व होटल लीनेज समेत अन्य होटलों में जांच की। होटल नोवोटेल में भवन की ऊंचाई व सेटबैक तय मानकों के मुताबिक मिले। लेकिन, स्वीकृत मानचित्र में होटल के लोअर बेसमेंट में जिस जगह 15 वाहनों की पार्किंग दशार्यी गयी थी। वहां बेकरी, लॉन्ड्री व स्टॉफ के लिए कमरे बने थे। जिसके लिए होटल प्रबंधन के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है।

**सेटबैक में अतिक्रमण पर कार्रवाई :** प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने गुड़म्बा में कुर्सी रोड स्थित होटल एसएस ग्रैंड, आराधना इन, होटल जीआरपी समेत 07 प्रतिष्ठानों में जांच की। इसमें होटल एसएस गैंड में सेटबैक में अवैध निर्माण मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रचलित करायी गयी। इसके अलावा 05 प्रतिष्ठानों के स्वीकृत मानचित्र तलब किये गये हैं। इसी तरह प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने टीम के साथ गोमती नगर विस्तार स्थित होटल-मर्करी व सुशांत गोल्फ सिटी स्थित होटल कम्फर्ट विस्ता एवं होटल सेंट्रम में जांच की।

**होटल मंगलम पर होगी कार्रवाई**

प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार की अगुवाई में टीम ने हरदोई रोड स्थित होटल मंगलम पैलेस का निरीक्षण किया। जहां मानचित्र के विपरीत उपयोग व निर्माण कार्य मिलने पर कार्रवाई प्रचलित की जा रही है। इसी तरह आईआईएम रोड स्थित होटल एसडी पैलेस, होटल आरके ग्रैंड, नेशनल पैलेस व सीतापुर रोड स्थित होटल रेवांता में जांच की गयी। इनसे स्वीकृत मानचित्र सम्बंधी दस्तावेज मांगे गये हैं।

## माफिया मुख्तार के कब्जे से खाली करायी जमीन पर बने फ्लैटों की बुकिंग फिर खुली

**लखनऊ।** डालीबाग में दिवंगत माफिया मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने प्राइम लोकेशन के शानदार 72 सस्ते फ्लैटों की योजना में एलडीए ने एक बार फिर पंजीकरण खोला है। योजना में दो आवंटन निरस्त होने के बाद उनका पंजीकरण खोला गया है। यह 20 जून तक होगा। आवंटन लॉटरी के जरिए होगा।

डालीबाग में बने यह फ्लैट हैदर कैनाल बंधे पर करीब 20 मीटर चौड़ी के किनारे बने हैं। सस्ते और शानदार फ्लैट होने के चलते इनकी बहुत मांग थी। बीते साल जब इनका पंजीकरण खुला था तो 72 फ्लैटों के लिए 8100 लोगों ने पंजीकरण कराया था। ऐसे में आठ हजार से अ ?धिक लोगों को निराशा हाथ लगी थी। आवंटन के बाद दो लोगों ने पैसा तय समय में जमा नहीं किया। जिसके बाद एलडीए ने उनका आवंटन निरस्त कर ? दिया है और अब एक फिर से पंजीकरण खोला गया है। यह पांच जून से शुरू है और 20 जून तक चलेगा।

यह फ्लैट ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हैं, इसमें वहीं लोग आवेदन कर सकते हैं जिनकी सालाना आय तीन लाख रुपये है। यह भी शर्त रहेगी कि शहर में उनका अपना कोई मकान नहीं होगा। इसको लेकर आवेदन के साथ शपथ पत्र भी आवेदक को देना होगा। फ्लैट का एरिया 35 वर्ग मीटर है और कीमत करीब 10 लाख रुपये है। फ्लैट में दो कमरे, हैं और लैट्रीन व बाथरूम अलग-अलग बनाए गए हैं। बालकनी भी बनाई गई है।

## यूपी में प्रोजेक्ट गंगा से डिजिटल क्रांति की तैयारी

- योजना का शुभारंभ आज, 20 लाख घरों तक पहुंचेगा हाईस्पीड ब्रॉडबैंड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में डिजिटल कनेक्टिविटी को ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों तक विस्तार देने के लिए राज्य सरकार प्रोजेक्ट गंगा की शुरूआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ करेंगे।

गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एडवांसमेंट नामक इस प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश की करीब 8 हजार न्याय पंचायतों में डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर नियुक्त किए जाएंगे। इसके माध्यम से लगभग 20 लाख घरों तक हाईस्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाई जाएगी। इस परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस की ब्रॉडबैंड यूनिट वन ओटीटी एंटरटेनमेंट लि. के बीच 9 मार्च 2026 को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। चयन प्रक्रिया का काम वन ओटीटी कंपनी को सौंपा गया है। पहले चरण में श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच जिलों को शामिल किया गया था, लेकिन अब इसे प्रदेश के सभी जिलों में लागू किया जाएगा। यह योजना अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।

इस प्रोजेक्ट के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार से लोगों को टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, वर्क फ्रॉम होम और ई-कॉमर्स जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे न केवल डिजिटल साक्षरता बढ़ेगी, बल्कि एक लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। न्याय पंचायत स्तर पर चयनित डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत उन्हें ऋण उपलब्ध कराकर सेवा केंद्र विकसित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से ब्रॉडबैंड कनेक्शन, बिलिंग और शिकायत निस्तारण जैसी सेवाएं संचालित होंगी।

■ **भाषा विवि में स्पेशल बैक पेपर परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत स्पेशल बैक पेपर परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## सड़क सुरक्षा हर नागरिक का कर्तव्य : गडकरी



**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए महा-अभियान राहवीर के लिए रैपिडो और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने हाथ मिलाया है। इस पहल के तहत देश के सबसे बड़े कैप्टन नेटवर्क को सड़क सुरक्षा मिशन से जोड़ा गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रैपिडो के शीर्ष नेतृत्व ने भी भाग लिया। अभियान के दौरान देशभर में 4 लाख से अधिक रैपिडो कैप्टन्स ने एक साथ राहवीर प्रतिज्ञा ली, जिसके साथ ही गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज किया गया। नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। राहवीर योजना का उद्देश्य लोगों को सड़क हादसों के पीड़ितों की मदद के लिए गोल्डन ऑवर में आगे आने के लिए प्रेरित करना है। रैपिडो के को-फाउंडर्स ने कहा कि उनका विशाल कैप्टन नेटवर्क और तकनीकी क्षमता इस अभियान को देशव्यापी स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कंपनी इस अभियान को जमीनी स्तर के कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढ़ाएगी।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए रेल कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल परिचालन में सतर्कता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उत्कृष्ट संरक्षा कार्य करने वाले कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार वर्मा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट संरक्षा कार्य के लिए सम्मानित हुए राज कुमार यादव स्टेशन मास्टर/ दर्शन नगर, शंभू कुमार स्टेशन मास्टर/ त्रिलोचन महादेव, पशुपति नाथ यादव ट्रैक मैंन्टेनर-क/ बछरावाँ, सुभाष कुमार पॉइंट्समैन/ देवराकोट, विशाल गिरी स्टेशन मास्टर/ त्रिलोचन महादेव, राजेश कुमार सरोज पॉइंट्समैन/ गौरा, राहुल यादव पुत्र स्व. अनिरुद्ध यादव पॉइंट्समैन/ व्यास नगर शामिल हैं।

## केजीएमयू शिक्षक एसो. के सचिव बने रहेंगे डा. संतोष

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के शिक्षक एसोसिएशन के सचिव डा. संतोष कुमार का इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है। इसके चलते वह अपने कार्यदायित्व को पूर्व की भांति संभालेंगे। डा. संतोष कुमार के अनुसार मैंने संघ के अध्यक्ष को जो त्यागपत्र सौंपा था, उसे स्वीकार नहीं किया गया है। इसलिए, मैं केजीएमयूटीए के अगले चुनाव संपन्न होने तक या किसी अन्य ऊर्जावान संकाय सदस्य के इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए आगे आने तक सचिव के रूप में कार्य करता रहूंगा।

## लिंब सेन्टर में दवायें खुले में फेंकने की जांच शुरू

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लिंब सेंटर में लाखों रुपये मूल्य की दवाएं खुले में फेंके जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। सोमवार को अधिकारियों ने खुले में पड़ी दवाओं को तत्काल हटवा दिया। साथ ही जिस कमरे में दवाएं रखी गई हैं। उसकी खिड़की को अखबार से ढक दिया गया। लिंब सेंटर में हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) का नया स्टोर बनाया गया है। इसी स्टोर के बाहर बड़ी मात्रा में इंजेक्शन, विटामिन और पोषण संबंधी दवाएं खुले में पड़ी मिली थीं। दवाओं को सुरक्षित भंडारण मानकों के अनुसार नहीं रखा गया था, जिससे उनकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका थी। अधिकारियों के मुताबिक अधिकांश दवाएं इसी माह एक्सपायर होने वाली थीं।

## बलरामपुर अस्पताल में सीटी स्कैन फिल्म का संकट

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में पिछले तीन दिनों से सीटी स्कैन की फिल्म का संकट है। मरीजों को मोबाइल पर सीटी स्कैन की फिल्म व वीडियो मुहैया कराया जा रहा है। इसके सहारे डॉक्टर इलाज करने को मजबूर हैं। आरोप हैं कि टेंडर प्रक्रिया में हीलाहवाली से फिल्म का संकट खड़ा हुआ है। डॉक्टर ओपीडी व भर्ती काफी मरीजों को सीटी स्कैन जांच कराने की सलाह दी जाती है। रोजाना 40 से 50 सीटी स्कैन किए जाते हैं। गुजरे तीन दिनों से फिल्म का स्टॉक खत्म हो गया है। नतीजतन मरीजों को फिल्म के बजाय मोबाइल पर फिल्म की फोटो व वीडियो देकर रवाना किया जा रहा है। मरीजों का कहना है कि कई डॉक्टर फिल्म देखकर ही बीमारी की बारीकियों को समझते हैं। मोबाइल पर भेजे गए वीडियो में स्पष्ट तस्वीर नहीं मिलने से इलाज प्रभावित हो रहा है। निराला नगर निवासी वलील अहमद ने बताया कि शनिवार को जांच हुई थी।

## बीआरडी अस्पताल के महिला वार्ड में फाल सिलिंग गिरी, दहशत

**लखनऊ।** महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल (बीआरडी) के प्रथम तल के महिला वार्ड में को फॉल सीलिंग भरभराकर गिरी। घटना के समय वार्ड में भर्ती एक प्रसूता अपने नवजात शिशु के साथ बेड पर लेटी थी। गनीमत रही कि सीलिंग सीधे मरीज पर नहीं गिरी, अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था। घटना के बाद वार्ड में अफरा-तफरी मच गई। मरीजों व तीमारदारों में दहशत फैल गई। दो दिन पहले घटना सुबह करीब आठ बजे हुई। सूचना मिलने पर अस्पताल के डॉक्टर-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। एहतियातन सभी मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कराया गया। अस्पताल के कई वार्डों में फॉल सीलिंग जर्जर अवस्था में है। जगह-जगह सीलिंग उखड़ रही है। नमी के कारण प्लास्टर भी झड़ रहा है। मरीजों और कर्मचारियों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत की गई, लेकिन अफसरों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. रंजीत दीक्षित ने बताया कि फॉल सीलिंग गिरने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। राहत की बात यह है कि किसी को कोई चोट नहीं आई। एहतियातन मरीजों को दूसरे विभागों में शिफ्ट किया गया है। व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये गये हैं।

## थायरॉइड बढ़ने पर आंखों की सेहत का ख्याल रखना जरूरी

**लखनऊ।** एसजीपीजीआई के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग में सोमवार को विश्व थायराइड दिवस पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. मधुकर मित्तल ने कहा कि जन्मजात हाइपोथायरायडिज्म की पहचान के लिए नवजात शिशुओं की अनिवार्य स्क्रीनिंग जरूरी है। साथ ही मोटापे से ग्रस्त लोगों में नियमित थायराइड की जांच करानी चाहिए। डॉ. मधुकर मित्तल ने कहा कि थायरॉइड हार्मोन का स्तर अधिक होने पर आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे मरीजों में आंखों का बाहर निकलना, लालपन, सूजन, दोहरी दृष्टि और आंखों की मांसपेशियों के कामकाज में दिक्कत जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेकर इलाज शुरू करना चाहिए।

## वार्ड चौपाल में नागरिकों ने उठायी समस्याएं

**लखनऊ।** नगर निगम के वार्ड चौपाल अभियान के तहत जोन-4 में दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित जन चौपालों में नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। राजीव गांधी प्रथम वार्ड में मलिक टिंबर के सामने स्थित पार्क में आयोजित चौपाल की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस दौरान विनय खंड, विराट खंड, विनीत खंड, विजय खंड एवं विवेक खंड के निवासियों ने पेड़ों की कटाई-छंटाई, नाले-नालियों की सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान और पार्कों के रखरखाव से जुड़ी समस्याएं उठाईं। महापौर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

## खुन खुन जी कॉलेज में नव निर्मित सभागार का लोकार्पण



**लखनऊ।** खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा अपनी सांसद निधि की धनराशि से नवनिर्मित सभागार का भव्य लोकार्पण किया गया। इस सभागार को उन्होंने अपने पिताश्री केदार नाथ शर्मा (पाधा जी) को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ चौक काली जी वार्ड पार्षद अनुराग मिश्रा, महाविद्यालय प्रबंधक उत्कर्ष अग्रवाल, लुआक्टा अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय, प्राचार्या डॉ अंशु केडिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरम्भ करते हुए दिनेश शर्मा द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट करके किया गया एवं अपने स्वागत उदबोधन में सभागार के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## सुभाष सिंह को भाषा विवि में वित्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार



**लखनऊ।** शासन के वित्त (सेवाएं) द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आदेश के अनुसार, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबंधन) के पद पर कार्यरत सुभाष सिंह को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया है। यह व्यवस्था नियमित नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि यह प्रभार उन्हें बिना किसी अतिरिक्त वेतन-भत्ते के दिया गया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि सुभाष सिंह अनुभवी प्रशासक हैं।

## लूटा ने 51 किलो फूलों की माला पहनाकर कुलपति का किया सम्मान



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत 169 शिक्षकों को पदोन्नति मिलने के बाद विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। लखनऊ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (लूटा) ने आयोजित सम्मान समारोह में कुलपति प्रो. जेपी सैनी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर लूटा पदाधिकारियों ने कुलपति को 51 किलोग्राम फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया और शिक्षकों की लंबे समय से लंबित पदोन्नतियों को स्वीकृति दिलाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समारोह की शुरूआत लूटा अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन लूटा महामंत्री प्रो. राम मिलन ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मोनिशा बनर्जी ने किया।

## टीकाराम अध्यक्ष व रामसूचित ने ली महामंत्री पद की शपथ

**लखनऊ।** टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने चिनहट इकाई के चुने गए पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि चेयरमैन पद पर मोती लाल, अध्यक्ष टीका राम यादव, महामंत्री राम सूचित शर्मा और कोषाध्यक्ष रवि कश्यप को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि बहराइच के एक पीड़ित टेंट व्यापारी को 51 हजार रुपये की आर्थिक मदद और टेंट का सामान देकर दोबारा काम शुरू कराने की सराहनीय पहल की। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कीर्ति चौधरी, नगर महामंत्री ऋतिक जायसवाल सहित कई प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समिति की रिपोर्ट न देने से बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों में रोष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु हुए लिखित समझौता के बावजूद भी एक वर्ष बाद भी समिति कि रिपोर्ट न देने से बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन पदाधिकारियों ने एक वर्ष बाद भी मानक समिति कि रिपोर्ट न देने पर प्रबंधन की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाया गया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि जब वितरण निगमों द्वारा पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन के इसारे पर आउटसोर्स कर्मचारियों कि नियम विरुद्ध छटनी की जा रही थी तो संगठन द्वारा छटनी का विरोध किया गया था जिसको ध्यान में रखकर पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों कि समस्याओं को बातचीत के माध्यम से समाधान करने के लिए संगठन पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया।

## बिजली आपूर्ति में 31 हजार मेगावाट से अधिक की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में इस समय प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है। डिमांड बिजली आपूर्ति करने में उत्तर प्रदेश नंबर वन पर है। बढ़ती मांग के बावजूद प्रदेश में सुचारु बिजली व्यवस्था बनाए रखने को लेकर योगी सरकार के प्रयासों की व्यापक सराहना हो रही है। 6 और 7 जून को यूपी में रिकॉर्ड डिमांड बिजली आपूर्ति की गई

यूपी इस समय डिमांड बिजली आपूर्ति करने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। 7 जून को प्रदेश में 31,147 मेगावाट की रिकॉर्ड डिमांड बिजली आपूर्ति की गई, जो देश में सबसे अधिक रही। इसी तरह 6 जून को भी डिमांड बिजली आपूर्ति करने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा है। 6 जून को 31049 मेगावाट और 5 जून को 29130 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। लगातार इतनी बड़ी मात्रा में बिजली उपलब्ध कराना यूपीपीसीएल की मजबूत कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन को दशार्ता है। 7-8 जून की रात 1 बजे 30165 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह रात 3 बजे 29190 मेगावाट और रात 4 बजे 28482 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। इसी तरह 8 जून की सुबह 6 बजे 25463 मेगावाट, सुबह 8 बजे 22666 मेगावाट, सुबह 10 बजे 26288 मेगावाट और सुबह 11 बजे 27138 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। ऐसे ही दोपहर 12 बजे 27838 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसी के अनुरूप यूपीपीसीएल की टीमें चौबीसों घंटे बिजली व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं।

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली मांग का लगातार विश्लेषण किया जा रहा है ताकि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने से ट्रांसफार्मर, फीडर और अन्य विद्युत उपकरणों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसे देखते हुए विभागीय टीमें लगातार मेंटेनेंस कार्यों में जुटी हुई हैं। दिन के साथ-साथ रात्रिकालीन समय में भी बिजलीकर्मी फील्ड में रहकर आवश्यक तकनीकी कार्यों को पूरा कर रहे हैं। इससे संभावित खराबियों को पहले ही दूर किया जा रहा है और बिजली आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने में मदद मिल रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार उपकेंद्रों तथा वितरण तंत्र का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान बिजली व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।

# पांच जिलों में विकसित हो रहे आधुनिक टेक्सटाइल और अपैरल पार्क

- वाराणसी, अमरोहा, बरेली, संत कबीर नगर और बिजनौर में पीपीपी मॉडल से विकसित होंगे पार्क

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वाराणसी, अमरोहा, बरेली, संत कबीर नगर और बिजनौर में पांच बड़े टेक्सटाइल पार्क विकसित करने की योजना बनाई है। इन पार्कों के लिए कुल 326 एकड़ से अधिक भूमि चिह्नित की गई है और सभी भूमि पार्सलों के हस्तांतरण को मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल चुकी है।

इस योजना के तहत वाराणसी के रामना में 75 एकड़, अमरोहा में 79.825 एकड़, बरेली के बहेड़ी में 79.580 एकड़, संत कबीर नगर के मगहर में 39.490 एकड़ तथा बिजनौर के नगीना में 52.910 एकड़ भूमि पर पार्क विकसित किए जाएंगे। सभी परियोजनाएं सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर स्थापित होंगी। सरकार का लक्ष्य निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण गठन की अधिसूचना जारी की जा चुकी है तथा भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

नादर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन की ओर से वाराणसी पार्क की प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है, जबकि शेष चार पार्कों की संशोधित प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उद्योग जगत के सुझावों को शामिल करते हुए इन रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जाएगा। वाराणसी के रामना टेक्सटाइल पार्क को शीघ्र विकसित करने के लिए संपर्क मार्ग निर्माण का कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुबंध की कार्यवाही प्रगति पर है। वहीं बिजली आपूर्ति के लिए 132 केवी उपकेंद्र, ट्रांसमिशन लाइन और 33 केवी विद्युत अवसंरचना की रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे पार्क को निर्बाध विद्युत उपलब्ध कराई जा सके।

सरकार पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप परियोजनाओं को विकसित करने पर भी विशेष जोर दे रही है। पर्यावरण स्वीकृति, भूजल उपयोग और वन विभाग की अनापत्ति से संबंधित प्रक्रियाएं जारी हैं। इसके साथ ही चार अन्य पार्कों के लिए मास्टर डेवलपर चयन हेतु पीपीपी आधारित निविदा दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं।


## लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

ई-मेलः nnlko@up.nice.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

### जोन–2

| क्रम सं0 | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 223/145, रस्तोगी टोला | मनु रस्तोगी, रोमिल रस्तोगी | रूपाली रस्तोगी व प्रशांत रस्तोगी | पंजीकृत बैनामा, शपथ-पत्र |
| 02 | 258/125 क नादान महल रोड | शकील अहमद | कुरैशा बानो | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 03 | 268/641/048/1, तिलक नगर | श्रीमती तारावती पाण्डेय पत्नी स्व0 श्री कृष्णकान्त पाण्डेय | गणेश पाण्डेय | पारिवारिक शपथ-पत्र मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 04 | डी-186 ए0बी0सी0 एण्ड डी0ब्लॉक राजाजीपुरम | श्रीमती नर्मता इसरानी व श्रीमती वीना इसरानी | श्रीमती सुची श्रीवास्तव पत्नी श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 05 | एम/एम0आई0जी/206, राम नगर | श्रीमती सीमा अग्रवाल | अभिषेक तिवारी | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 06 | 256/641/040(33) तिलक नगर | हरि गोपाल | रोमा गुप्ता | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 07 | 257/017 खजुआ | किरन सिंह, भरत सिंह | तनवीर खान व मो0 फैसल | पारिवारिक शपथ पत्र पंजीकृत बैनामा |
| 08 | सी0190/1ए0बी0सी0 एण्ड डी0 ब्लॉक राजाजीपुरम | उमा शंकर शुक्ला | सुन्दर भाई व श्रीमती ललिता बेन | रजिस्ट्री शपथ पत्र |
| 09 | एस0एफ0-012 ए0बी0सी0 एण्ड डी ब्लॉक राजाजीपरुम | कमलेश चन्द्र शुक्ला | श्रीमती योगिता श्रीवास्तव | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 10 | सी0-2360 सी0 ब्लॉक राजाजीपुरम | राजकुमार जायसवाल | श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 राज कुमार जायसवाल | पारिवारिक सिजरा, मृत्यु प्रमाण-पत्र शपथ-पत्र |
| 11 | ई0-3712 राजाजीपुरम | श्रीमती नसिहा फिरदौस | श्री गोविन्द प्रसाद सिंह गौर | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 12 | ए0-82 राजाजीपुरम | ईश्वर प्रसाद सिंह | मेसर्स बाम्बे इन्ट्रीगेटेड सेक्योरिटी (इण्डिया) लि. | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 13 | 252/177 रकाबगंज कदीम | विनोद प्रकाश अग्रवाल | अनुपम अग्रवाल | शपथ-पत्र, पंजीकृत वसीयत |
| 14 | 255/062 कुण्डरी रकाबगंज | मालती मिश्रा | गिरीश चन्द्र शर्मा | पंजीकृत बैनामा, शपथ-पत्र |
| 15 | 266/252 (134) बिलौचपुरा | अब्दुल रसीद | मो0 दानिश | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 16 | सी0/649 राजाजीपुरम न्यू सी0बी0एल0 विषम 4 डी0 | नीतू विश्नोई, शशांक विश्नाई | सुर्पना सेठी | पंजीकृत बैनामा शपथ-पत्र |
| 17 | बी-153 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | सुधीर मोहन बाजपेई | श्रीमती रंजना सिसौदिया | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 18 | बी-110 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्रीमती उषा खरे | श्रीमती प्रतिमा यादव व मानवेन्द्र कुमार यादव | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 19 | बी0-533 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्रीमती रोमा खन्ना | श्रीमती शिखा सिंह | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 20 | बी0-647 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्री कमलाकर द्विवेदी | सुश्री दीपिका श्रीवास्तव व सत्य प्रकाश | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 21 | डी0-552 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्री कृष्ण मुरारी खरे | मनोज कुमार खरे | मृत्यु प्रमाण-पत्र शपथ-पत्र |
| 22 | 215/355ख/01 सुभाष मार्ग, राजेन्द्र नगर | राम औतार शुक्ला | अध्यासी मनोज मेहरोत्रा | आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र |

जोनल अधिकारी, जोन–2

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन 70 प्रतिशत अभ्यर्थी पहुंचे

## सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही स्मार्ट मॉनिटरिंग, 55 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न करायी जा रही पुलिस भर्ती की परीक्षा

- प्रति पाली कुल 22656 परीक्षार्थी परीक्षा में हो रहे सम्मिलित





**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** 8 से 10 जून तक आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण की शुरूआत वाला कदर रोड स्थित बालिका विद्या निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज के परीक्षा केंद्र से की गई। परीक्षा केंद्र पहुंच कर परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था को देखा गया। उक्त के बाद जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त द्वारा अमीरुद्दौला इस्लामिया इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी केंद्र व्यवस्थापको को नकल विहीन पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्र पहुँच कर सभी व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया गया कि शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि आज जनपद के 55 केंद्रों पर उक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है। जिसमे आज परीक्षा के प्रथम दिन प्रति पाली 22656 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे थे। जिसमे प्रथम पाली में 70.03 प्रतिशत परीक्षार्थी और द्वितीय पाली में 70.97 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण के प्रश्नों ने दी राहत तो गणित और रीजनिंग ने बढ़ायी चुनौती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले दिन सोमवार को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अभ्यर्थियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी। पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की। अधिकांश अभ्यर्थियों का कहना था कि पर्यावरण विषय से जुड़े प्रश्न अपेक्षाकृत सरल रहे, जबकि गणित और रीजनिंग के प्रश्नों ने उन्हें काफी उलझाया।

अभ्यर्थियों के अनुसार पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता, जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्रश्न सीधे और पाठ्यक्रम आधारित थे, जिन्हें हल करने में अधिक समय नहीं लगा। इसके विपरीत गणित के कई प्रश्न घुमावदार और समय लेने वाले थे। रीजनिंग खंड में भी तार्किक विश्लेषण और जटिल प्रश्नों ने परेशान किया।

आलमबाग के जनता इंटर कालेज से परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थी अंकित यादव ने बताया कि पैसेज आधारित प्रश्नों को हल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। गणित के प्रश्न कठिन और घुमावदार थे। चारबाग के खालसा इंटर कालेज में परीक्षा देने आए राहुल वर्मा व प्रिया सिंह और श्वेता वर्मा समेत कई विद्यार्थियों ने हिंदी और सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को सरल बताया। कौन सा प्लेट फार्म मुख्य रूप से पेशेवर नेटवर्किंग के लिए उपयोग किया जाता है।

प्रहार रणनीति का भारत में मुख्य उद्देश्य क्या सुनिश्चित करता है। जैसे प्रश्न बौद्धिक क्षमता के लिए चुनौती बने रहे। पेड़ से क्या क्या मिलता है। यह भी प्रश्न आया कि पौधारोपण क्यों जरूरी है। जैसे प्रश्न काफी राहत देने वाले थे। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस और प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन जांच की गई और निर्धारित समय के बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया गया। खालसा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विरेंद्र सिंह ने बताया कि नियमानुसार बेल्ट, चेन, जूता-मोजा सब बाहर रखवाया गया। मोबाइल फोन और बैग जमा करने के लिए निश्शुल्क व्यवस्था की गई।

# पत्नी की चाकू गोदकर हत्या, फर्श पर पड़ा मिला शव

## आरोपी पति ने भी खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**



लखनऊ। माल क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक व्यक्ति ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। घर के फर्श पर महिला का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। घटना के बाद आरोपी पति ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे उसकी हालत गंभीर बनी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि माल थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी जितेंद्र प्रताप सिंह (55) से किसी बात को लेकर पत्नी मोनिका सिंह (47) से विवाद हो गया। उसी दौरान उसने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में मोनिका की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौक पर गयी तो उनका शव घर के एक कमरे में पड़ा मिला। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उसकी हालत बिगड़ने पर चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, जहां डॉक्टरों ने आशंका जताई कि उसने किसी जहरीले पदार्थ सेवक किया है। इसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मृतका के बड़े बेटे अंशुमान सिंह की तहरीर पर माल थाने में आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या के पीछे की वजह का पता लगा रही है। डीसीपी नॉर्थ ट्विंकल जैन ने बताया सोमवार दोपहर माल थाने पर सूचना मिली कि जितेंद्र नाम के युवक ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम से भेज दिया है। बेटे से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आरोपी के पिता दीवान के पद पर थे तैनात :** आरोपी पति जितेन्द्र प्रताप सिंह के पिता चन्द्रभान सिंह माल थाने में दीवान के पद पर तैनात रहे हैं और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मृतका के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है। मोनिका के घर वालों का कहना है कि बहन के ससुराल वालों को अपने पैसे का घमंड है। मृतका की बहन और भाई ने रोते हुए कहा कि बहन के घर वालों को पैसे का बहुत घमंड है, जिसके चलते उन्होंने उसकी बहन की हत्या कर दी।

### देशी शराब ठेके के पास मिला ई रिक्शा चालक का शव

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके के रजनी खण्ड में संचालित देशी शराब के ठेके के पास सोमवार सुबह एक ई रिक्शा चालक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय आशियाना पुलिस ने इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना मृतक की पहचान थाना क्षेत्र स्थित रजनी खण्ड निवासी गौरव कश्यप 34 पुत्र किसुन के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक गौरव ई रिक्शा चलाकर जीवन यापन कर रहा था और उक्त मकान में पत्नी अर्चना सहित दो वर्ष की पुत्री संग रहता था। रविवार रात्रि करीब नौ बजे ई रिक्शा लेकर घर से निकला था और सोमवार सुबह थाना क्षेत्र स्थित रजनी खण्ड देशी शराब के ठेके के पास वह मृत अवस्था में मिला था। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अनियंत्रित डंपर दुकानों में घुसा, दो घायल

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र में शनिवार शाम अनियंत्रित डंपर सड़क किनारे सब्जी की दुकानों पर चढ़ते हुए पलट गया। हादसे में दुकान के अंदर सो रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद डंपर चालक उतरकर मौके से फरार हो गया।

चिनहट थाना क्षेत्र के गोयला गांव निवासी हसमत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 जून को शाम करीब 4:15 बजे अपट्रान चौराहे के पास औरैया जिले के डंपर का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। उसी दौरान डंपर डिवाइडर से टकरा गया। दुकानें झुग्गीनुमा बनी थीं। आसपास की तीन दुकानों को नुकसान पहुंचा और दुकानें तहस-नहस हो गईं। सारी सब्जी और फल बिखर गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन अनियंत्रित होकर उनकी सब्जी की दुकान में घुस गया और पलट गया। हादसे के समय दुकान में हसमत का बेटा आसिफ (21) और बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला निवासी कल्लू (26) सो रहे थे। डंपर की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से कल्लू की गंभीर हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

डंपर पलटने से आसपास की 3 दुकानों को भी नुकसान पहुंचा। वारिस अली, मोहम्मद मुन्ना और मोहम्मद मन्ना की दुकानों में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र गए। पीड़ित हसमत की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

**पांचवीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत :** मड़ियांव थाना क्षेत्र स्थित एल्डिको सिटी के स्काईवॉक टावर में सोमवार सुबह निमार्णाधीन इमारत की पांचवीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह शटरिंग लगाने का काम कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। बहराइच के सुजौली निवासी रामकुमार साहनी एल्डिको सिटी स्थित स्काईवॉक टावर में मजदूरी करते थे। सोमवार सुबह वह टावर की पांचवीं मंजिल पर शटरिंग लगाने के काम में जुटे थे। इस दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि निर्माण कार्य ठेकेदार मनोज के माध्यम से कराया जा रहा था।

### राजधानी में लापता नाबालिग बच्चियों की बरामदगी न करने पर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ।** राजधानी में लगातार सामने आ रहे नाबालिग लड़कियों के लापता होने के मामलों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को कड़ा रुख अपनाया। अदालत ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताते हुए पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) को सभी ऐसे मामलों की निगरानी करने तथा तीन दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही अगली सुनवाई पर उनके एरिया में आने वाले सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों और संबंधित विवेचकों को भी अदालत में उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरी की अदालत ने पुलिस आयुक्त, लखनऊ से भी पूरे शहर के सभी थानों में दर्ज ऐसे मामलों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। अदालत ने कहा कि मामला नाबालिग लड़कियों के जीवन और स्वतंत्रता से जुड़ा है, इसलिए पुलिस को अधिक सतर्क और जवाबदेह होना होगा। सुनवाई के दौरान डीसीपी ने व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताया कि उनके अधीन आने वाले नौ थाना क्षेत्रों में 81 महिलाएं और बालिकाएं, जिनमें अधिकांश नाबालिग हैं, अपहरण या बहला-फुसलाकर ले जाने की घटनाओं का शिकार हुईं। इनमें से 66 की बरामदगी हो चुकी है, जबकि 15 अब भी लापता हैं। अदालत ने डीसीपी को यह भी निर्देश दिया कि ऐसे मामलों का पता लगाया जाए जो अभी तक पुलिस के संज्ञान में नहीं आए हैं या जिनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सलमा नसीम था जिसे बदलकर मैने सलमा इशराक कर लिया है। भविष्य में मुझे सलमा इशराक नाम से जाना पहचाना जाए।
सलमा इशराक पत्नी इशराक बेग
पता : 401 मिर्जा अपार्टमेन्ट अबरार नगर, लखनऊ।

# पुलिस मुठभेड़ में आरोपित ऑटो चालक घायल, गिरफ्तार

- महिला संग ऑटो चालक व उसके साथी ने की थी छेड़छाड़, मारपीट व गला दबाकर हत्या का प्रयास

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** गाजीपुर पुलिस ने रविवार देर रात मुठभेड़ में बदमाश सनी को गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है, जिसका इलाज बलरामपुर अस्पताल में जारी है।

पुलिस का कहना है कि थाना गाजीपुर क्षेत्र में एक महिला के साथ ऑटो चालक सनी कश्यप व उसके साथी ने छेड़छाड़, मारपीट व गला दबाकर हत्या का प्रयास किया था। उन लोगों ने महिला को रिंग रोड स्थित सेक्टर-25 के पास सड़क पर फेंक दिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश के लिए स्थानीय पुलिस व लखनऊ पूर्वी जोन की क्राइम टीम को संयुक्त रूप से टीम बनाई। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य सुरागों के आधार पर घटना में शामिल अभियुक्त सुमित कश्यप को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसके द्वारा अपने साथी सनी उर्फ शनि कश्यप की संलिप्तता बताई गई, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में रविवार देर रात थाना गाजीपुर पुलिस व लखनऊ पूर्वी जोन की क्राइम/सर्विलांस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर बंधा रोड पर चेकिंग की जा रही थी, तभी सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे में वांछित अभियुक्त सनी कश्यप पुत्र संतोष कश्यप निवासी गुड़ियन टोला, थाना नगर कोतवाली, जनपद सीतापुर, हाल पता प्रधान चक्की वाली गली, पलटन, थाना मड़ियांव घटना में प्रयुक्त ऑटो से कल्याण अपार्टमेंट की ओर से शक्ति नगर ढाल की तरफ आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर अभियुक्त भागने का प्रयास करने लगा और ऑटो अनियंत्रित होकर फुटपाथ से टकरा गया। इसके बाद अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त सनी कश्यप के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस द्वारा तत्काल अभियुक्त को उपचार के लिए बलरामपुर अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ऑटो, एक अवैध तमंचा एवं कारतूस बरामद किए गए हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को रौंदा

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक बुजुर्ग को रौंद दिया। गंभीर हालत में उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के खसरवारा निवासी संतराम (60) मजदूरी करता था। उसने दो शादियां की थी, दोनों पत्नियों की मौत हो चुकी है।

संतराम के परिवार में एक विवाहित बेटा विपुल है। संतराम सोमवार दोपहर बाद करीब 3 बजे गांव के बाहर खड़ंजे के किनारे पेड़ के नीचे बैठे थे। तभी उम्मेद खेड़ा - खसरवारा खड़ंजा मार्ग पर स्थित मुर्गी दाना कम्पनी जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने संतराम को रौंद दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने दौड़ाया तो ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर कंपनी की ओर भाग निकला। इससे गुस्साए ग्रामीण भी मुर्गी दाना कंपनी पहुंच गए। लेकिन ट्रक चालक फरार हो गया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने के साथ 108 एंबुलेंस से घायल संतराम को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की जानकारी पाकर एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा भी सीएचसी सरोजनी नगर पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भांजी संग दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ। बंथरा पुलिस ने नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी उसके सगे मामा को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर सोमवार को उसे जेल भेज दिया है है। पुलिस के मुताबिक रविवार को पीड़िता की मां ने बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी कक्षा 7 में पढ़ने वाली 13 वर्षीय बेटी 3 दिन पहले अपनी ननिहाल आई हुई थी। तभी रविवार सुबह करीब 10 बजे पीड़ित किशोरी का नशे में धुत मामा अपने घर पहुंचा और बच्ची को कमरे में खींच ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। बच्ची के चीखने चिल्लाने पर आरोपी की पत्नी ने उसे बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस का कहना है कि पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक बंथरा के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। इसके बाद पुलिस टीम ने मामले में साक्ष्य संकलन और आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर नरायनपुर तिराहे के पास से 32 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना अंजाम देने की बात कबूली। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और साक्ष्यों का भी संकलन किया जा रहा है। वहीं आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार को उसे जेल भेज दिया है।

### रेटिंग के बहाने 22.29 लाख ठगे

लखनऊ। सरोजनी नगर के निवासी आकाश कुमार नसरपुरी ने साइबर क्राइम थाने में रेस्त्रां की रेटिंग के बहाने ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि चार महीने में उनसे कुल 22.29 लाख रुपये ठग लिए गए। आकाश ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को दिल्ली एयरपोर्ट पर मिले आयुष नामक युवक ने मुलाकात के बाद रेटिंग के काम में पैसे कमाने का लालच दिया। इसके बाद वह टेलीग्राम पर जुड़ गए। प्रारंभ में कुछ वेबसाइट पर जानकारी भरवाने के बाद उन्हें कुछ रुपये मिले, लेकिन बाद में जालसाजों ने अधिक रकम कमाने का झांसा देकर कई बार अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए।

# पार्थ इन्फ्रा ने करोड़ों रुपये लेकर नहीं दिया फ्लैट

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना के अंतर्गत सोमवार को दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ इन्फाबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड एंव उसके निदेशको प्रमोटरो तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा फ्लैट खरीददारों के साथ धोखा धड़ी छलपूर्वक धन प्राप्त करने, आपराधिक विश्वासघात, धन के दुरुपयोग, अपराधिक षडयंत्र एंव अन्य संज्ञेय अपराध किए जाने के सम्बन्ध में एफआईआर दर्ज कराने हेतु एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा को प्रार्थना पत्र दिया, दिए गए लिखित प्रार्थना पत्र में बताया कि सभी ठगी के शिकार हुए पीड़ित खरीदार आंवटी है, जिन्होने वर्ष 2015 एंव उसके पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना (ढटअ4) एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत पार्थ इन्फ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड कानपुर रोड मिरानपुर विनवट लखनऊ की आवासीय परियोजना मे फ्लैट बुक किया था। कम्पनी के निदेशको प्रमोटरो एजेंटो तथा अन्य अधिकारियों द्वाराा विज्ञापनों, ब्रोशर, बैठको तथा अन्य माध्यमों से हमें यह विश्वास दिलाया गया कि परियोजना निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर हमें फ्लैट का कब्जा दे दिया जाएगा। उक्त आश्वासनो एंव प्रस्तावतियों पर विश्वास करके हमने अपनी जीवन भर कि जमा पूंजी तथा बैंक ऋण आदि की व्यवस्था कर कंपनी में निवेश किया। इसके अतिरिक्त परियोजना से सम्बधित संस्थाएं एंव भूमि स्वामी कंपनियां भी सम्मिलित है। कंपनी द्वारा समय-समय पर मांगी गई समस्त धनराशि एंव किश्तों का भुगतान हमने नियामनुसार कर दिया है। परन्तु कम्पनी द्वारा किया जाने वाला निर्माण कार्य विगत कई वर्षों से पूरी तरह ठप है। विभिन्न नियामक संस्थाओं द्वारा दी गई मान्यता भी समाप्त हो चुकी है।

# स्कूटर इंडिया लिमिटेड कंपनी के नाम पर पड़ा 50 साल पुराना स्कूटर इंडिया चौराहा बंद

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ ।** जहां एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तमाम ऐसे चौराहे ,ऐसे प्रेरणा स्थल बनकर उनका जीर्णोद्धार कर रहे हैं ।वहीं ऐतिहासिक 50 वर्षों से चर्चित स्कूटर इंडिया चौराहा को बीते दिनों प्रशासन द्वारा बंद कर दिया गया ।चौराहा को बंद करने के कारण कई प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित हो गया है।रोजाना इस रास्ते से गुजरने वाले स्कूली बच्चों को अब लंबा सफर तय करना पड़ रहा है, जिसके चलते उनके समय और सुरक्षा दोनों पर असर पड़ रहा है। वहीं पिपरसंड मार्ग से आने वाले वाहन करीब 3 किलोमीटर दूरी से होकर ही बिजनौर कानपुर रोड पर जाया जा सकता है ।यहीं नहीं लखनऊ बिजनौर से आने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को चौराहे से करीब 200 मीटर आगे से घूमकर लखनऊ जाया जा सकता है ।ऐसे में चौराहा बंद होने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । सरोजनीनगर क्षेत्र के गौरी बाजार स्कूटर इंडिया चौराहे का नाम पास में स्थित स्कूटर इंडिया लिमिटेड कंपनी के कारण पड़ा था ।इस कंपनी की स्थापना 7 सितम्बर 1972 को लखनऊ में हुई थी। कंपनी के प्लांट के पास बना यह रोड समय के साथ विकसित हुआ और धीरे-धीरे लोग इसे स्कूटर इंडिया चौराहे के नाम से जानने लगे ।लगभग 1970 के दशक में इलाके के विकास और बढ़ते ट्रैफिक के साथ इसकी पहचान बनी। पहले यहां कंपनी स्थापित हुई, फिर आसपास सड़कें और आवागमन बढ़ा, और यह स्थान एक प्रमुख चौराहे के रूप में विकसित हो गया। वहीं के रहने वाले लोगों ने बताया कि प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के बजाय सबसे आसान तरीका अपनाते हुए चौराहा ही बंद कर दिया। यदि ट्रैफिक को सही ढंग से नियंत्रित किया जाता, तो इस तरह की स्थिति से बचा जा सकता था।

पंकज कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था को अब जाम से निजात मिल सकता है जिसके चलते प्रशासन ने चौराहे को बंद कर एक बड़ा कदम उठाया है , ऐसे में ट्रैफिक पुलिस चौराहें बंद होने से यहाँ चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मी यहाँ बने बूथ पर आराम फरमाते नजर आ रहे है ।कारण यह की यहाँ संचालित स्कूटर्स इंडिया चौराहे को बंद कर दिया गया है।

### युवक पर लाठी-डंडों से हमला, पत्नी व दो बेटियों को भी पीटा

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के हरदोइया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर 4 लोगों ने घर आकर एक युवक, उसकी पत्नी और दो बेटियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना बीते बुधवार की है। पुलिस ने सोमवार को तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हरदोइया निवासी मुवीज पुत्र अजीज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 जून को वह अपनी पत्नी रिहाना के साथ घर आया था। तभी विपक्षी जन सहीम पुत्र अमीन, सुहेल, नसीम और जुबेर निवासी हरदोइया ने पुरानी रंजिश के चलते लोटर पर घर के बाहर बैठे मुवीज पर अचानक लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट इतनी घातक थी कि मुवीज के मुंह से खून निकलने लगा।

बीच-बचाव करने आई पत्नी रिहाना और बेटियों रिहाना व सबाना के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर-शराबा होने पर विपक्षी खेतों की तरफ भाग निकले। आरोप है कि बड़े भाई रसीम ने धमकी दी कि ₹ अगर पुलिस में प्रार्थना पत्र दिया तो मुंह के साथ हाथ-पैर भी तोड़ देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों का मेडिकल कराया गया है।

# छठा बड़ा मंगल आज, पवनसुत के जयकारों से गूंजेंगे शहर के मंदिर





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज जेठ माह का छठा बड़ा मंगल है। राजधानी लखनऊ के नया हनुमान मन्दिर अलीगंज पुराना हनुमान मन्दिर अलीगंज, हनुमान सेतु, सुभाष मार्ग का छांछी कुआ हनुमान मन्दिर अमीनाबाद का हनुमान मन्दिर समेत अन्य सभी हनुमान मन्दिर सज-धज कर तैयार हो गये हैं। सभी प्रमुख मन्दिर सोमवार की शाम हनुमान जी महाराज का श्रृंगार होने के बाद और नया चोला चढ़ाने के बाद मन्दिर के पट दर्शन के लिए खोल दिये जायेंगे। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को बड़े मंगल के रूप में मनाते हैं। इस बार ज्येष्ठ माह में 8 बड़े मंगल पड़ रहे है। इस बार मंदिर के आसपास व शहर भर में बड़ी संख्या में भंडारों का आयोजन होगा।

**अलीगंज नया हनुमान मंदिर:** अलीगंज हुनमान मंदिर में सोमवार दिन में 12 बजे मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंगलवार रात 12 बजे बंद होंगे। मंदिर की ओर से 2.5 कुंतल लड्डू और एक हजार कालाजाम बांटा जाएगा। बजरंगबली का दिन भर में 11 बार चोला बदला जाएगा। मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि दो साल बाद मंदिर में भंडारे का आयोजन होगा।

**अमीनाबाद हनुमान मंदिर:** अमीनाबाद हनुमान मंदिर बड़े मंगल पर रंग बिरंगी झालरों से सजाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री विजय पाठक ने बताया कि बड़े मंगल पर मेले का आयोजन होगा। बजरंगबली को 51 किलो बेसन के लड्डू का भोग लगेगा।

**पातालपुरी हनुमान मंदिर :** पक्का पुल स्थित श्री अहिमर्दन पातालपुरी हनुमान जी मंदिर में सुबह सिंदूर लेप कर श्रृंगार किया जाएगा। कोषाध्यक्ष ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि सुबह 9 बजे आरती उतारी जाएगी। बजरंगबली को 56 व्यंजन का भोग लगाया जाएगा। सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा।

**हनुमान सेतु- मंगला आरती के बाद दर्शन:** हनुमान सेतु मंदिर में बड़े मंगल को लेकर विशेष सजावट की जा रही है। पहले बड़े मंगल पर 75 हजार लड्डू प्रसाद के रूप में बांटा जाएगा। सोमवार रात 12 बजे मंदिर के कपाट खुलने के साथ मंगला आरती होगी। मंदिर के कपाट मंगलवार रात 12 बजे बंद होगा। भक्त 24 घण्टे बजरंग बली के दर्शन कर सकेंगे। सुबह और शाम बजरंगबली की विशेष आरती होगी। लगातार सुदरकांड का पाठ होता रहेगा। मंदिर के बाहर समाजसेवियों द्वारा भण्डारे और प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी।

**सोने-चांदी से सजेंगे बालाजी:** तालकटोरा स्थित श्री बालाजी मंदिर में ज्येष्ठ के हर मंगल को सोने चांदी की वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जाएगा। सोने का क्षत्र चढ़ाने के साथ ही भक्तों की ओर से हर मंगल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक डीएन अवस्थी ने बताया कि मंदिर में तैयारियां पूरी हो गई हैं। हर मंगल की देर शाम को बाबा के चरणों में भजनों का गुलदस्ता भी पेश किया जाएगा।

**अलीगंज का नया हनुमान मन्दिर:** बड़े मंगल की तैयारियां पूरी होने के बाद दोपहर से मन्दिर खोल दिया गया। मन्दिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि मन्दिर के हनुमान जी के दोनों गर्भग्रह में एसी चालू है। एसी के लगने से भक्तों को काफी गर्मी में राहत मिलेगी। सोमवार की रात से ही राजधानी व आस-पास के गांवों से करीब 500 भक्त दंडवत परिक्रमा करते हुए दर्शन करने पहुंचे। मन्दिर मंगलवार को रात 12 बजे बंद होगा। पांच कुंतल फूलों से श्रृंगार किया गया। व्यवस्था के लिए, मन्दिर की ओर से 100 कार्यकर्ता व सेवादार लगाए गए है।

**फूलों से महक रहा हनुमान सेतु मन्दिर:** मंदिर कई कुंटल फूलों से महक रहा है। शाम को रंगबिरंगी लाइटों से मन्दिर जगमग जगमग होगा। मन्दिर के बड़े पुजारी भगवान सिंह विष्ट ने बताया कि हर बार जेठ के मंगल को एक भक्त द्वारा ही बुकिंग होती थी लेकिन इस बार भक्तों की श्रद्धा को देखते हुये 5-6 भक्तों को हनुमान के श्रृंगार कराने का मौका दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बड़े मंगल को हनुमान जी का हर दो-दो घंटे पर श्रृंगार बदला जायेगा। बड़े पुजारी ने बताया कि भक्तों की ओर से जेठ के सभी मंगल को मन्दिर पूरे मन्दिर परिसर को एयरकंडीशन किया जायेगा। जिससे भक्तों को गर्मी में काफी राहत मिलेगी। मन्दिर सोमवार की रात 12 बजे खुल गया जो मंगल को रात 12 बजे बन्द होगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर के बाहर कई समाजसेवियों द्वारा भण्डारे और प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगल के दिन विश्वविद्यालय मार्ग स्थित मन्दिर का द्वार बन्द रहेगा। उस दिन बंधा मार्ग पार्किंग स्टैंड के गणेश द्वार से दर्शन कराए जाएंगे।

**अमीनाबाद हनुमान मन्दिर:** अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में बड़े मंगल को लेकर देर रात पूरी हो चुकी। मन्दिर के प्रधान पुजारी कृष्णकांत पाठक ने बताया कि मन्दिर सोमवार को रात 12 बजे खोल दिया गया। जो बुधवार को रात में बन्द होगा। मंगलवार को सुबह अभिषेक, आरती फिर 21 किलो बेसन के लड्डू का भोग लगेगा। रात में 10 बजे सुन्दरकांड पाठ होगा तथा जेठ के मंगल को मन्दिर की ओर से भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

**चौक के कोतवालेश्वर हनुमान मन्दिर:** पुजारी विशाल गौड़ ने बताया कि बड़े मंगल पर हनुमान जी को सिन्दूर और चमेली के तेल से लेप होगा। मशीन द्वारा निकले चांदी के वर्क से भगवान का श्रृंगार होगा। मन्दिर के बाहर भण्डारे का आयोजन भी होगा।

**बालाजी मन्दिर:** तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर पर जेठ के सभी मंगलों को सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार होगा। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, रकाबगंज चैराहा स्थित हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, कुर्सी रोड व बीरबल साहनी मार्ग के पंचमुखी हनुमान मन्दिर, पक्कापुल स्थित लेटे हुये हनुमान मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर में बड़े मंगल पर भक्त जुटेंगे।

## तपेश्वर मंदिर में गर्मी के ताप को कम करने के लिए होती है पूजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत इन दिनों राजधानी लखनऊ में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी ने पिछले कई सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। रात और दिन का तापमान अपने सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। इसी बीच लखनऊ में एक अनोखा मंदिर का मामला सामने आया है। यह मंदिर 80 से 90 साल पुरानी बताई जाती है और यह है सिद्ध पीठ है।

इस मंदिर के इतिहास के बारे में कहा जाता है कि जैसा की इसका नाम है तपेश्वर महादेव मंदिर। ठीक उसी तरह यहां पर भक्तों की प्रार्थना भी स्वीकार होती है। महादेव यहां पर तपेश्वर रूप में विराजमान हैं। यहां पर उनके ऊपर जो लोग जल चढ़ाते हैं कहते हैं उससे भोलेनाथ प्रसन्न होकर गर्मी के तपिश को कम करते हैं, इसीलिए यह मंदिर बेहद अनोखी मानी जाती है। इस मंदिर में हनुमान के अलावा सभी देवी देवता विराजमान हैं। हैरानी की बात यह है कि यह मंदिर बिना किसी एसी या कूलर के भी 24 घंटे ठंडा रहता है।

**बजरंगबली की तपस्या का स्थल:** मंदिर के मुख्य महंत भोला पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कहते हैं यहां पर बजरंगबली ने तपस्या की थी इसीलिए इसे बजरंगबली की तपस्या स्थल भी माना जाता है और यहां पर तपेश्वर महादेव है जिनके बारे में कहा जाता है कि उनके ऊपर जितना ज्यादा जल चढ़ाया जाएगा उतनी गर्मी कम होगी। उन्होंने बताया कि इस मंदिर का इतिहास और यहां की प्रमुखता को बहुत कम लोग ही जानते हैं। इसीलिए इस अनोखी मंदिर में अब भक्त कम आते हैं लेकिन इस मंदिर के इतिहास को अब प्रचार प्रसार के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है और बताया जा रहा है कि तपेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ पर जल चढ़ाने से गर्मी से राहत मिलेगी। ऐसे में अब यहां भक्त आने लगे हैं और बड़ी संख्या जल चढ़ाते हैं।

**कोविड के बाद सामने आई वजह:** इस मंदिर के बारे में ऐसा कहा जाता है कि कोविड-19 से पहले तक इस मंदिर में लोग खूब जाते थे और जल चढ़ाते थे। इसीलिए लखनऊ में गर्मी कम होती थी लेकिन कोविड-19 के बार से यहां पर भक्तों का आना कम हो गया। यही वजह है कि साल 2021 के बाद से लखनऊ में गर्मी लगातार बढ़ रही है। यह मंदिर लखनऊ के बादशाह नगर चौराहे के ठीक पास है।

## मंदिरों में तैयारियां पूरी, जगह-जगह लगेंगे भंडारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। पवनसुत के गुणगान के लिए जहां मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं वही भक्तों की ओर से श्रृंगार करने का कार्य सोमवार दोपहर बाद से ही शुरू हो गया। मंदिरों के साथ ही शहर में भंडारों की धूम होगी। पक्कापुल स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में एक क्विंटल फूलों से श्रृंगार शुरू होगा तो अलीगंज के नए हनुमान मंदिर के कपाट सोमवार को ही खोल दिए जाएंगे।

मंगलवार को मध्यरात्रि तक भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खुले रहेंगे। पहले दिन देशी विदेशी पांच क्विंटल फूलों से बजरंगी का गुणगान होगा। अलीगंज के पुराने व नए मंदिरों में परिक्रमा करने वालों के लिए विशेष इंतजाम किए गए जाएंगे।

हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि सुरक्षा के साथ दर्शन का इंतजाम होगा। हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिरए बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के अलावा लेटे हुए हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालुओं के दर्शन के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

**जेठ के सभी मंगल पर सजावट की बुकिंग फुल:** जेठ के मंगल के श्रृंगार की बुकिंग फुल हो चुकी है। मन्दिर के बड़े पुजारी ने बताया कि हर बार जेठ के मंगल को एक भक्त द्वारा ही बुकिंग होती थी लेकिन इस बार भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए 5-6 भक्तों को हनुमान जी के श्रृंगार कराने का मौका दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बड़े मंगल पर हनुमान जी का दो-दो घंटे पर श्रृंगार बदला जायेगा। बड़े पुजारी ने बताया कि जेठ के सभी मंगल पर मन्दिर परिसर को एयरकंडीशन किया जायेगा। जिससे भक्तों को गर्मी में काफी राहत मिलेगी।

मन्दिर सोमवार की रात 12 बजे खुल जाएगा। जो मंगल को रात 12 बजे बन्द होगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर के बाहर कई समाजसेवियों द्वारा भण्डारे और प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। मंगल के दिन विश्वविद्यालय मार्ग स्थित मन्दिर का द्वार बन्द रहेगा। उस दिन बंधा मार्ग के गणेश द्वार से दर्शन होंगे।



## माता का स्थान पिता से दस गुना बड़ा : रामभद्राचार्य





- श्रीराम कथा का अष्टम दिवस, नारी सम्मान को बताया सनातन का मूल मंत्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के अष्टम दिवस भगवान श्रीराम के वनवास काल के दौरान आदिवासियों, गिरिवासियों तथा शबरी से मिलन के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने ऋषि शरभंग प्रसंग का उल्लेख करते हुए नवधा भक्ति के छठे स्वरूप वंदन भक्ति की विस्तृत व्याख्या की।

सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में चल रही कथा में रामभद्राचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रेम वासनात्मक नहीं, बल्कि उपासनात्मक होता है। उन्होंने कहा कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने वन से पुष्प चुनकर स्फटिक शिला पर माता सीता का श्रृंगार किया था। यह भारतीय दाम्पत्य जीवन में सम्मान, समर्पण और प्रेम का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वाइफ और बीवी नहीं होती, यहां धर्मपत्नी होती है। जो पति को पतन से बचा ले, वही पत्नी कहलाने योग्य है। उन्होंने कहा कि दाम्पत्य जीवन परस्पर सम्मान और मयार्दा पर आधारित होना चाहिए। पत्नी पति को आदरपूर्वक आप कहती है किंतु पति द्वारा पत्नी के प्रति अनादरपूर्ण संबोधन भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं माना गया है।

रामभद्राचार्य ने कहा कि महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने के लिए लाए गए नारी शक्ति वंदन प्रस्ताव का भी विरोध हुआ था। भारतीय संस्कृति के अनुसार महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण भी दिया जाए तो कम है। मनुस्मृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि माता का स्थान पिता से दस गुना बड़ा माना गया है। परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि है। कथा में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री भूपेंद्र चौधरी, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर, विधायक विनय वर्मा, गोविन्द नारायण शुक्ल, संतोष सिंह, राजीव गुम्बर, सीतापुर के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता तथा पद्मश्री सुनील जोगी सहित अनेक गणमान्य जनों ने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति की ओर से विधायक डा. नीरज बोरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी डा. एस.के.गोपाल ने बताया कि श्रीराम कथा के समापन दिवस की कथा मंगलवार को प्रातः नौ बजे आरंभ होगी तथा दोपहर में विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कथा श्रवण कर व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## कथक की बारीकियों से रूबरू होंगे बच्चे

- मनकामेश्वर वार्ड में 10 दिवसीय कथक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मनकामेश्वर वार्ड में प्रेरणाकृति फाउंडेशन द्वारा बच्चों के लिए आयोजित 10 दिवसीय कथक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सोमवार को वार्ड पार्षद रणजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं सांस्कृतिक परंपराओं से बच्चों को जोड़ने के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

फाउंडेशन की संयोजक प्रिया कश्यप एवं रमा राठौर की देखरेख में आयोजित इस शिविर में बच्चों को कथक नृत्य की प्रारंभिक बारीकियों एवं मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए अब तक लगभग 50 बच्चों ने अपना पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारी, प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चे एवं उनके अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि शिविर के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति, कला एवं शास्त्रीय नृत्य के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## भोजपुरी गाना 'हैलो कौन' ने रचा इतिहास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड टूट गया है। रितेश पांडे और स्नेहा उपाध्याय का पॉपुलर गाना 'हैलो कौन' यूट्यूब पर 100 करोड़ (1 बिलियन) व्यूज के मील के पत्थर को पार कर चुका है।

यह किसी भी भोजपुरी गाने का पहला 1 बिलियन व्यूज क्लब में पहुंचना है। 10 दिसंबर 2019 को रिद्धि म्यूजिक वर्ल्ड के लेबल पर रिलीज हुआ यह गाना रिलीज के कुछ ही महीनों में वायरल हो गया था और आज 6 साल बाद भी यह लगातार सुनाई दे रहा है। मजेदार लिरिक्स, कैची बीट और जबरदस्त केमिस्ट्री ने इस गाने को अलग पहचान दी। गाने में रितेश पांडे की एनर्जेटिक आवाज और स्नेहा उपाध्याय का डांस लोगों को खूब पसंद आया। गाने का सबसे चर्चित हिस्सा, 'हैलो कौन बोलो कौन?' आज भी शादियों, बारातों, पार्टियों और सोशल मीडिया रील्स में छाया रहता है. भोजपुरी गाने हैलो कौन के सिंगर रितेश पांडे हैं और उनका साथ स्नेहा उपाध्याय ने दिया है। इस गाने के लिरिक्स और म्यूजिक आशीष वर्मा का है. जबकि गाने को डायरेक्ट सोनू वर्मा और आशीष यादव ने किया है। रितेश पांडे भोजपुरी इंडस्ट्री के लोकप्रिय सिंगर्स में शुमार हैं, लेकिन ह्यहैलो कौन' ने उन्हें अलग मुकाम दिलाया. यह गाना न सिर्फ भोजपुरी दर्शकों तक सीमित रहा, बल्कि पूरे देश और विदेश में रह रहे भारतीयों ने इसे खूब पसंद किया. यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि भोजपुरी गाने आम तौर पर 10-20 करोड़ व्यूज तक ही पहुंच पाते हैं। ह्यहैलो कौन' भारत का 29वां गाना है जिसने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है।

## लखनऊ में गूंजेगा सुरों का महासंग्राम

- 28 जून को होगा आईएम द बेस्ट सिंगिंग कॉन्टेस्ट
- प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

**लखनऊ।** संगीत प्रेमियों और गायन प्रतिभाओं के लिए एक खास अवसर सामने आया है। 28 जून 2026 को आयोजित होने जा रहे बहुप्रतीक्षित सिंगिंग कॉन्टेस्ट आई एम द बेस्ट के जरिए प्रतिभागियों को अपनी आवाज का जादू बिखेरने का मौका मिलेगा। यह आयोजन संगीत, मनोरंजन और रंगारंग प्रस्तुतियों से भरपूर एक यादगार शाम का साक्षी बनेगा। इस प्रतिष्ठित सिंगिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागी ऑफलाइन मंच पर अपनी गायन कला का प्रदर्शन करेंगे, जिससे दर्शकों को सुरों और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजकों ने जानकारी दी है कि प्रतियोगिता की आयोजन टीम की कमान संस्था के वरिष्ठ सदस्य और जज्बा लाइव से जुड़े डॉ. विश्वास वर्मा को कप्तान के रूप में सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संगीतमय आयोजन को सफल बनाने में प्रथम सिंगिंग कॉन्टेस्ट के विजेता ज्योति प्रकाश भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके साथ संस्था के बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार नवीन कोहली भी आयोजन से जुड़े रहेंगे और कार्यक्रम को विशेष बनाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम का आयोजन मण्डपम हॉल, वेनेशियन गार्डन, गेट नंबर-5, जनेश्वर मिश्र पार्क, लखनऊ में किया जाएगा। आकर्षक वातावरण और भव्य व्यवस्था के बीच आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम संगीत प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। आयोजकों की ओर से इच्छुक प्रतिभागियों से जल्द से जल्द पंजीकरण कराने की अपील की गई है। बढ़ती रुचि को देखते हुए माना जा रहा है कि सीमित सीटों के कारण पंजीकरण प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। ऐसे में प्रतिभागियों को समय रहते अपना नाम दर्ज कराने की सलाह दी गई है।

## माही श्रीवास्तव और खुशी कक्कड़ का नया गाना रिलीज

**लखनऊ।** भोजपुरी सिने जगत की बेस्ट एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव हमेशा वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी से एक से बढ़कर एक हिट गाने देती रहती हैं और करोड़ों दिलों पर राज कर रही हैं. ऐसे में माही श्रीवास्तव एक नए लोकगीत 'रंगदार बाटे हो' में रंगदारी का स्वाद दिखाते हुए फुल टू धमाल और मस्ती के साथ नजर आ रही हैं. इसके साथ ही साथ वो नारी शक्ति का जौहर भी दिख रही हैं. इस गाने को अपनी मधुर आवाज में पॉपुलर सिंगर खुशी कक्कड़ ने गाया है. यह गाना बहुत ही मधुर और कर्णप्रिय बनाया गया है. इस गीत को देखकर लोगों का मानना है कि ये लोकगीत काफी वायरल होने वाला है. यह वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

## लखनऊ में फिल्मों की शूटिंग से परिचित करा रहा रेलवे

- बॉलीवुड फिल्मों का 3 घंटे का संकलन का बादशाहनगर, ऐशबाग, लखनऊ सिटी एवं डालीगंज स्टेशन के वेटिंग एरिया में हो रहा प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)










**लखनऊ।** फिल्म निर्माताओं ने शूटिंग के जरिए लखनऊ को विश्व पटल ख्याति दिलाने का सार्थक प्रयास किया तो अब इस काम रेलवे ने एक नये तरह की मुहिम चलायी है। बॉलीवुड फिल्मों का 3 घंटे का संकलन तैयार कर लखनऊ परिक्षेत्र में बादशाहनगर, ऐशबाग, लखनऊ सिटी एवं डालीगंज स्टेशनों पर प्रारम्भ कर दिया है।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस मुहिम से यात्रियों एवं आमजन को मनोरंजन के साथ-साथ लखनऊ क्षेत्र में विभिन्न लोकेशन में शूट की गयी फिल्मों की जानकारियां मिलेंगे, इससे उनका लखनऊ की संस्कृति से जुड़ाव भी बढ़ेगा। एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही कुछ प्रसिद्ध फिल्मों में मुख्यतः शतरंज के खिलाड़ी, उमराव जान, गदरः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु, बंटी और बबली, जॉली एलएलबी 2, रेड 2 आदि प्रमुख है।

पिछले कई दशकों से लखनऊ शहर हमेशा से ही फिल्म निमार्ताओं के शूटिंग के लिए पसंदीदा स्थान रहा है। वर्ष 1981 में फिल्म उमराव जान की अभिनेत्री रेखा ने अपने दमदार अभियन हुनर दिखाया, इसकी शूटिंग लखनऊ के शाही मजिस्द, चिड़ियाघर बारादरी, रूमी गेट, बड़ा इमामबाड़ा में हुई थी। गदर एक प्रेम कथा की शूटिंग 2001 में सफेद बारादरी कैरसबाग, लामाटीनियर कालेज में हुई। वर्ष 2005 में बंटी और बबली की शूटिंग रूमी गेट, चारबाग में हुई।

डालीगंज स्टेशन पर रंगकर्म से जुड़े जानाकारों का कहना है कि राजधानी लखनऊ एक ओर जहां अपनी पुरानी धरोहर और नवाबी खानपान और रहन-सहन के लिए मशहूर है। वहीं लखनऊ अब बॉलीवुड की पहली पसंद बना है। लखनऊ में साल भर में औसतन 10 से 15 फिल्मों की शूटिंग हो रही है। दूसरी ओर 50 से अधिक वेब सीरीज इस साल भर में सूट किए जा रहे हैं। लखनऊ में फिल्मों की शूटिंग की बढ़ती संख्याओं को देख कर आप यह कह सकते हैं कि लखनऊ बॉलीवुड की फिल्मों की शूटिंग का हब बन गया है। उत्तर प्रदेश में दूसरे शहरों की तुलना में सबसे अधिक फिल्में व वेब सीरीज राजधानी लखनऊ में ही शूट हो रही हैं। लखनऊ के विभिन्न लोकेशन में शूटिंग को लेकर बॉलीवुड सा दिखा रहा है। उनका कहना है कि लखनऊ की पुरानी विरासतों में शूटिंग करना आसान है। खासतौर पर गोमती नगर में बने मार्ग व उससे जुड़े रोड पर शूटिंग हो रही हैं। गत मार्च माह में चारबाग स्टेशन पर रेलवे की ओर से फिल्मों के कलेक्शन का प्रदर्शन किया जा रहा है, उसमें सिर्फ उन्हीं सीन को दिखाया गया, जो रेलवे स्टेशन पर शूट हुए थे लेकिन इस बार लखनऊ के विभिन्न लोकेशन को शामिल किया गया है। करीब 28 विभन्न फिल्मों के विभिन्न लोकेशन को दर्शाया गया है।

## राष्ट्रीय कला-शिविर में अभिव्यक्त होंगे अयोध्या के विविध रंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय कला-जगत में ऐसे अवसर विरले ही आते हैं जब देश के विभिन्न सांस्कृतिक भूभागों से आए कलाकार एक ही मंच पर एकत्र होकर अपनी सृजनात्मक दृष्टियों का आदान-प्रदान करते हैं।

कला दीर्घा, अंतर्राष्ट्रीय दृश्यकला पत्रिका और जेबीएनएस, अयोध्या द्वारा 15 से 19 जून 2026 तक अयोध्या में आयोजित होने वाला ऑल इंडिया आर्टिस्ट कैंप कलर्स ऑफ अयोध्या ऐसा ही एक महत्त्वपूर्ण आयोजन है, जो न केवल कला-सृजन का उत्सव है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विविधता और कलात्मक चेतना का एक महत्त्वपूर्ण समागम है। यह शिविर देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित कलाकारों को एक मंच पर लाएगा, जहाँ वे अयोध्या की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत से प्रेरणा लेकर नए कलात्मक आयामों का सृजन करेंगे। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता इसमें भाग लेने वाले कलाकारों का विविध और समृद्ध रचनात्मक अनुभव है। प्रत्येक कलाकार अपने साथ एक विशिष्ट कलाभाषा, जीवनानुभव और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि लेकर आ रहा है, जिससे यह आयोजन एक बहुआयामी कला-संवाद में परिवर्तित हो जाएगा। बिहार से आने वाले पद्मश्री श्याम शर्मा भारतीय प्रिंटमेकिंग के क्षेत्र में एक अत्यंत सम्मानित नाम हैं। उनके कार्यों में भारतीय ग्रामीण जीवन, लोक-संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं का गहरा समावेश दिखाई देता है। दशकों से वे भारतीय ग्राफिक कला को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करते रहे हैं। उनकी कलाकृतियाँ देश-विदेश के अनेक संग्रहालयों और निजी संग्रहों का हिस्सा हैं। प्रिंटमेकिंग के माध्यम से उन्होंने भारतीय लोक-स्मृतियों और सामाजिक यथार्थ को जिस संवेदनशीलता से अभिव्यक्त किया है, वह उन्हें समकालीन भारतीय कला के अग्रणी कलाकारों में स्थापित करती है। महाराष्ट्र से सहभागी रामचंद्र खरतमल समकालीन भारतीय चित्रकला के प्रमुख हस्ताक्षरों में गिने जाते हैं। रंगों और संरचनाओं के प्रति उनकी गहरी समझ उनके चित्रों को विशिष्ट पहचान देती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रदर्शनियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। उनके चित्रों में आधुनिक जीवन, प्रकृति और मानवीय अनुभवों का एक संतुलित सौंदर्यबोध दिखाई देता है। हरियाणा के वरिष्ठ कलाकार और कला शिक्षाविद् डॉ. राम विरंजन कला और शिक्षा के क्षेत्र में समान रूप से प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने अनेक पीढ़ियों को कला की शिक्षा प्रदान की है तथा अपनी रचनात्मक साधना के माध्यम से भारतीय चित्रकला को समृद्ध किया है। उनके चित्रों में भारतीय सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिकता और समकालीन संवेदनाओं का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

संक्षेप

## झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र में एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण व मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सुल्तानपुर के एक गांव की रहने वाली है। पीड़िता ने बक्शा थाने में लिखित तहरीर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह आर्केस्ट्रा में काम करती है, जहां उसकी मुलाकात जौनपुर के लाइन बाजार निवासी अजीत शर्मा से हुई। दोनों साथ काम करते थे और उनकी बातचीत होती रहती थी। अजीत शर्मा ने उससे शादी का वादा कर बार-बार शारीरिक संबंध बनाए और उसका शारीरिक शोषण किया। जब भी पीड़िता अजीत से शादी करने को कहती, वह टाल देता था। अपनी तहरीर में बताया कि 18 मई 2026 को आर्केस्ट्रा का काम खत्म करने के बाद वह अजीत शर्मा के नौपेड़वां स्थित किराए के मकान पर गई। वहां जब उसने अजीत से शादी की बात की, तो वह गुस्सा हो गया। अजीत ने पीड़िता को गाली दी, बेल्ट से मारा और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि ज्यादा बोलोगी तो जान से मार के फेंक दूंगा, किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर बक्शा पुलिस ने आरोपी अजीत शर्मा पुत्र सुधाकर शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करा रही है ।

## लड़की से दुष्कर्म का आरोपी को गिरफ्तार

जौनपुर। थाना तेजीबाजार पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी को रसिकापुर चैराहे से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष तेजीबाजार सत्येंद्र भाई पटेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक ओंकारनाथ सिंह एवं पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को दबोच लिया। नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में वांछित मदन लोना पुत्र राम वरन लोना निवासी ग्राम घरवासपुर, थाना तेजीबाजार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(1), 74 तथा पोक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा का अफसरों ने किया निरीक्षण

जौनपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने परीक्षा केंद्र टी.डी. कॉलेज का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पुलिस प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर तैनात कर्मचारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा मानकों का पालन तथा परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भाई के मौत खबर सुनकर वृद्ध ने भी दम तोड़ा

जौनपुर। शाहगंज थाना क्षेत्र के परासिन गांव में अपने बीमार चचेरे बड़े भाई का हालचाल लेकर लौट रहे एक वृद्ध की गड्ढे में गिरने से मौत हो गई है। इस घटना की जानकारी जब मृतक के भाई को मिली तो गहरा सदमा लगने से कुछ घंटो के बाद उनकी भी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी 70 वर्षीय राम नारायण प्रजापति रविवार को अपने 85 वर्षीय बड़े चचेरे भाई राम दवर के बीमार होने की जानकारी मिलने पर उनके घर हालचाल लेने गए हुए थे। देर षामग्राम नारायण अपने भाई से मिलने के बाद वापस अपने घर लौट रहें थें। जब वह अपने गांव पहुंचें तो वहां मौजूद स्थित एक गहरे गड्ढे के पास उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सिर के बल उसमें गिर पड़े बताया गया कि गड्ढे में दलदल भरा हुआ था, जिससे वह बाहर नहीं निकल सके और उनकी घुटन से मौत हो गई। देर रात जब राम नारायण की मौत की जानकारी उनके बीमार चचेरे भाई को मिली तो वह गहरे सदमे में आ गए। परिजनों के मुताबिक, खबर सुनते ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें हृदयाघात जैसा दौरा पड़ा। परिवार के लोग उपचार की व्यवस्था कर पाते, उससे पहले ही उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

# पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

- पूर्व चरण की कमियों को दूर कर सफल बनाएं अभियान
- जिला टास्क फोर्स की बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा
- नियमित टीकाकरण में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने पर जोर

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स नियमित टीकाकरण कार्यक्रम एवं आगामी पल्स पोलियो अभियान (28 जून 2026) की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा अभियान की तैयारियों, माइक्रोप्लान, प्रशिक्षण, निगरानी एवं नियमित टीकाकरण की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधियों द्वारा गत चरण की उपलब्धियों एवं कमियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दिसम्बर-2025 चरण में चिन्हित कमियों का प्रभावी निराकरण करते हुए पल्स पोलियो अभियान जून-2026 की सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने यू-विन पोर्टल पर प्रदर्शित एंटीजनवार ओवरड्यू बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं डाटा अपलोड एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक टीकाकरण सेवाएं पहुंचाकर जनपद में शत-प्रतिशत प्रतिरक्षण का लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी रमेश कुमार मिश्रा, डॉ0गिरधारी लाल, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

- जल निगम (ग्रामीण) के अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका
- असंतुष्ट फीडबैक बढ़ने पर तहसीलदार दूद्धी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

सोनभद्र। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कड़ा रुख अपनाया है।

कलेक्ट्रेट सभागार स्थित जनसुनवाई कक्ष में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि अनेक प्रकरणों में शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त किए बिना ही आख्या अपलोड कर संदर्भों का निस्तारण कर दिया गया है, जिसके कारण असंतुष्ट फीडबैक की संख्या लगातार बढ़ रही है। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि शासन एवं मंडल स्तर से समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद शिकायतों के निस्तारण में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उसकी संतुष्टि सुनिश्चित करने की व्यवस्था पहले से उपलब्ध है, इसके बावजूद उसका अनुपालन न किया जाना अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। परिणाम स्वरूप असंतुष्ट फीडबैक में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो शासन की मंशा के विपरीत है तथा पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक है। उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता सहित समस्त स्टाफ के माह जून-2026 के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि असंतुष्ट फीडबैक में कमी नहीं आती है तो उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई, यहां तक कि निलंबन की संस्तुति भी की जाएगी। समीक्षा बैठक में तहसील दूधी के अंतर्गत शिकायतों के निस्तारण में भी लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार दूधी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सबको झकझोर गये पत्रकार राजीव चौहान



आजमगढ़। जिले के पत्रकारिता जगत के लिए एक बेहद दुखद समाचार सामने आया है। वर्ष 2007 में पत्रकारिता करियर की शुरूआत करने वाले वरिष्ठ पत्रकार राजीव चौहान का कैंसर की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कई राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मीडिया संस्थानों को अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अपनी निष्पक्ष, निर्भीक और संवेदनशील पत्रकारिता के लिए पहचाने जाने वाले राजीव चौहान की लेखनी में सामाजिक सरोकारों की गहरी समझ झलकती थी। खबरों को तथ्यपरक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने की उनकी शैली ने उन्हें पत्रकारिता जगत में विशेष पहचान दिलाई थी। काफी समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे राजीव चैहान ने अंततः जिंदगी की जंग हार दी। उनके असामयिक निधन से जिले के पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वह अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज ही महराजगंज स्थित घाट पर होगा। उनके निधन पर पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

## परीक्षार्थी को केंद्र तक पहुंचाने के लिए डायल 112 टीम के कार्य की हुई सराहना

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रहे एक अभ्यर्थी के लिए आजमगढ़ पुलिस की डायल-112 टीम संकटमोचक बनकर सामने आई। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बावजूद पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और बेहतर समन्वय के चलते अभ्यर्थी न केवल समय पर उपचार प्राप्त कर सका, बल्कि निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा में भी शामिल हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद की डायल-112 एवं पीआरवी इकाइयां लगातार आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध करा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को मानवीय पुलिसिंग का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद चंदौली निवासी रंजीत कुमार पुत्र शिवपूजन अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए आजमगढ़ स्थित डीएवी कॉलेज, रैदोपुर परीक्षा केंद्र जा रहे थे। रास्ते में थाना तरवा क्षेत्र के ग्राम रासेपुर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए दोनों घायलों को नजदीकी निजी चिकित्सालय पहुंचाकर उनका प्राथमिक उपचार कराया। साथ ही पूरे घटनाक्रम की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। उपचार के बाद यह स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना के कारण अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र तक समय से नहीं पहुंच पाएगा। ऐसे में डायल-112 की अन्य इकाइयों ने त्वरित समन्वय स्थापित करते हुए घायल अभ्यर्थी को सुरक्षित रूप से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाली। पुलिस टीमों की सक्रियता और संवेदनशील रवैये के चलते रंजीत कुमार समय रहते डीएवी कॉलेज, रैदोपुर स्थित परीक्षा केंद्र पहुंच गया और परीक्षा में सम्मिलित हो सका। वहीं उसके पिता को भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। आजमगढ़ पुलिस की यह कार्रवाई न केवल कर्तव्यनिष्ठा का परिचायक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद लोगों की मदद और जनसेवा के लिए भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह घटना मानवीय पुलिसिंग, त्वरित प्रतिक्रिया और जनविश्वास को मजबूत करने की दिशा में आजमगढ़ पुलिस की एक उत्कृष्ट पहल के रूप में देखी जा रही है।

# व्यापारियों के समस्याओं का होगा समाधानः डी. के. दुबे



सोनभद्र । राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम सोमवार को उरमौरा स्थित होटल वैभव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मिजार्पुर मंडल से आए ज्वॉइंट कमिश्नर डी के दुबे ने किया।

राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, कर संबंधी जागरूकता बढ़ाने एवं विभाग तथा व्यापारियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित विभिन्न प्रावधान ऑन ऑनलाइन रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, ई वे बिल, कर अनुपालन तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की इस अवसर पर व्यापारियों ने अपनी समस्याओं, सुझावों में व्यवहारिक कठिनाइयों को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने व्यापारियों को आस्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा तथा विभाग व्यापारिक गतिविधियों को सुगम एवं पारदर्शी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि राज्य कर विभाग के कार्यालय में व्यापारियों के बैठने की न तो व्यवस्था है, न पीने योग्य पानी है इसकी तत्काल व्यवस्था कराई जाए श्री शर्मा ने हाई कोर्ट की गाइडलाइन का जिक्र करते हुए कहा कि यदि किसी व्यापारी का एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में माल जा रहा है तो बीच के प्रदेश में सचल दल द्वारा न तो गाड़ी रोकी जाए और ना ही माल सीज किया जाए। श्री शर्मा ने कहा कि सचल दल द्वारा ट्रांसपोर्ट की गाड़ी रोककर उसकी चाबी और मोबाइल न लिया जाए यह कृत्य असंवैधानिक होने के साथ-साथ अव्यावहारिक भी है इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि करोना काल के बाद व्यापारी आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है दूसरे ऑनलाइन व्यापार कोढ में खाज पैदा कर रहा है खासकर छोटे व्यापारी इसका शिकार हो रहे हैं दूसरे कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलताओं को न समझ पाने के कारण छोटे व्यापारी समाप्त होते जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने विभाग द्वारा आयोजित इस संवाद कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विभाग और व्यापारियों के बीच आपसी विश्वास मजबूत होता है तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का मार्ग प्रशस्त होता है व्यापारी प्रतिनिधियों ने व्यापार हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कर प्रणाली को और अधिक सरल एवं व्यापार अनुकूल बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राज्य करके वरिष्ठ अधिकारी डिप्टी कमिश्नर रितेश मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर बीके बंसल, असिस्टेंट कमिश्नर सुधीर गौतम , असिस्टेंट कमिश्नर अजय यादव, राज्य कर अधिकारी उपेंद्र कुमार , उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता एवं अन्य व्यापार मंडल के लोग मौजूद रहे।

## 3.16 लाख लेकर फरार हो रहे उचक्के गिरफ्तार

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व शराब की दुकान के सेल्समैन से 3 लाख 16 हजार रुपये लेकर फरार होने वाले शातिर उचक्के को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लाख 56 हजार रुपये नकद, एक तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले के खुलासे के लिए गठित तीन पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचने में सफलता प्राप्त की।

क्षेत्राधिकारी लालगंज भूपेंद्र पांडेय ने बताया कि अतरौलिया क्षेत्र के बढ़या निवासी आदित्य सिंह की जौनपुर जिले में शराब की दुकान है। उनकी दुकान पर रानी की सराय थाना क्षेत्र निवासी राजपत यादव सेल्समैन के रूप में कार्य करते हैं। गत 1 जून को राजपत यादव दुकान की बिक्री के 3 लाख 16 हजार रुपये लेकर मालिक के आजमगढ़ शहर स्थित नरौली आवास पर जमा करने के लिए निकले थे। बताया गया कि राजपत यादव जब जेसीज चौराहे के पास पहुंचे तो एक बाइक सवार युवक उनके पास आया और आजमगढ़ का रास्ता पूछने लगा। बातचीत के दौरान युवक ने स्वयं को भी आजमगढ़ जाने वाला बताया। इस पर राजपत यादव उसके साथ बाइक पर बैठ गए। दोनों बरदह थाना क्षेत्र के ठेकमा बाजार होते हुए भगवानपुर पुलिया के पास पहुंचे, जहां युवक ने बाइक का पेट्रोल समाप्त होने की बात कही। युवक की बात पर विश्वास कर राजपत यादव बाइक से उतर गए, जबकि रुपयों से भरा बैग बाइक पर ही रखा रहा। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी बैग लेकर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर बरदह थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। सीओ लालगंज ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने वारदात स्थल से लेकर संभावित भागने के रास्तों तक लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई तथा कई लोगों से पूछताछ की गई। तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची।जांच के दौरान पीड़ित राजपत यादव से संदिग्ध की पहचान कराई गई, जिसमें उसने आरोपी की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने राजेश चौहान पुत्र छेदी चैहान निवासी थाना चंदवक, जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 2 लाख 56 हजार रुपये नकद, एक अवैध तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक तथा मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## किसानों को दें मुवावजा व सिंचाई के लिए उपयुक्त नहर बनायी जायेः संदीप मिश्र



सोनभद्र। आज कोन के झरिया बन्धी मोहुद्दीनपुर खेमपुर कोलडिहवा रामगढ़ नौडिहा निगाई बगिया में जो कनहर डैम के अन्तर्गत नहर बनायी जा रही हैं वो खेतों से काफी निचे बनायी जा रही है जिसाका सभी ग्रामीण विरोध कर रहे हैं क्योंकि नहर का पानी जब नहर में ही रह जायेगा तो ऐसी नहर का क्या फायदा अपने कोन के परिवारि जनो के आदेश पर किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मण्डल मोर्चा संयोजक संदीप मिश्र के नेतृत्व में झरिया बन्धी पर पहुँच कर वहाँ लोगों की बात को सुनकर कनहर चीफ निरज जी से बात किये और उनसे ग्रामीणों की ओर से आग्रह किये कि किसानों की प्राथमिकता के आधार पर हो नहर निर्माण और संयोजक ने कहा कि एक बार आप व्यवस्था के मुखिया हैं तो स्थलीय निरिक्षण करने के उपरांत कार्य करवाईये नहीं तो अपने परिवारि जनो अपने किसानों के हक व हकूक के लिए किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगा आज के कार्यक्रम में श्रवन कनौजिया सम्पूर्णानन्द जयसवाल छोटेलाल बिन्द नन्दकिशोर बियार कमलेश चन्द्र पाण्डेय रवि शाह सुरेश आकाश चौहान सत्रुधन बिन्द विजय चौहान अरविन्द चौहान व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता की हत्या में पति को 10 साल की कैद

जौनपुर। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के भिऊरा गांव में एक विवाहिता को सिर्फ इसलिए अपनी जान गंवानी पड़ी क्योंकि उसका मायका दहेज के ह्यदानवोंह्ण की 5 लाख रुपये की डिमांड पूरी नहीं कर सका। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार सिंह की अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषी पति दिनेश पटेल को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 55,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसकी आधी राशि बिलखती मां को दी जाएगी।मड़ियाहूं के बारी गांव की रहने वाली बदहवास मां कमलावती ने अपनी बेटी रेनू की डोली 21 नवंबर 2017 को दिनेश पटेल के घर बड़े अरमानों के साथ भेजी थी। मां ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया, लेकिन उसे क्या पता था कि वह अपनी लाडली को ससुराल नहीं, बल्कि सीधे मौत के कुएं में धकेल रही है। शादी के कुछ दिन बीतते ही पति दिनेश और दोनों जेठानियों के सिर पर 5 लाख रुपये कैश का भूत सवार हो गया। रेनू को दिन-रात नरकीय यातनाएं दी जाने लगीं, उसे मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ा गया। 4 मार्च 2020 की सुबह जब मायके वालों के फोन की घंटी बजी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। गांव के एक शख्स ने कांपती आवाज में बतायाकृ ह्लआपकी बेटी को ससुराल वालों ने जान से मार डाला है और उसकी लाश को कुएं में फेंक दिया है !ह्वग्रामीणों ने बताया कि पुलिस आई थी और कुएं की गहराइयों से रेनू की लाश को बाहर निकालकर ले गई है। पुलिस ने इस मामले की गहन तफ्तीश कर कोर्ट में पुख्ता आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत के कटघरे में जब सरकारी वकील ने एक के बाद एक अचूक गवाहों को पेश किया, तो आरोपी पति के सारे बहाने धरे के धरे रह गए। कोर्ट ने पति दिनेश पटेल को इस जघन्य अपराध का मुख्य गुनहगार पाया ।

## संस्था के स्थापना दिवस पर मेधावियों का सम्मान



जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के भभौरी स्थित माता प्रसाद आदर्श शिक्षण संस्थान का 34वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय व महाविद्यालय स्तर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू रहे।

मुख्य अतिथि ने पीजी कक्षाओं से लेकर प्ले-ग्रुप तक के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर हाईस्कूल एवं इंटर की छात्रा दिव्यांशी यादव एवं शानू सिंह को साइकिल भेंट की गई। इसी प्रकार कक्षा 9 एवं 11 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा आर्या पाठक तथा छात्र उज्ज्वल सिंह को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। जूनियर कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को घड़ी प्रदान की गई। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को घड़ी पुरस्कार स्वरूप दी गई। विद्यालय के प्रबंधक प्रो. समर बहादुर सिंह ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विशिष्ट अतिथि लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य प्रो. आर.एन. त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों का मनोबल बढ़ता हैं और जागरूक होते संस्थान के संचालक डॉ. विजय बहादुर सिंह ने बताया कि कुल 10 छात्र-छात्राओं को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर साइकिल प्रदान की गई। अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने संचालन दीपक सिंह चंदेल ने किया।

## क्विज प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लांट टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रेनुकूट,सोनभद्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंडाल्को द्वारा मानव संसाधन व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में एक ऑफलाइन पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सर्विसेज, कमर्शियल, रिडक्शन प्लांट, बॉयलर को-जेन, फैब्रिकेशन प्लांट एवं अलुमिना प्लांट की कुल 11 टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लांट टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सर्विसेज टीम द्वितीय एवं डीसी कास्टिंग टीम तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग के प्रमुख सत्यजीत आचार्य ने कहा कि यह आयोजन न केवल कर्मचारियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है, बल्कि सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति हिंडाल्को की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। क्विज का संचालन रोहित प्रियदर्शी (बॉयलर एवं को-जेन) द्वारा किया गया। उन्होंने विविध विषयों पर आधारित प्रश्नों के माध्यम से प्रतियोगिता को अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाया। उनके कुशल संचालन एवं प्रभावी समन्वय के चलते कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग के प्रमुख सत्यजीत आचार्य, महेंद्र तिवारी एवं कमलेश कुमार सिंह के साथ विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## यूकेपीएससी की परीक्षा में दूसरी रैंक पाने वाले सौरभ का स्वागत



आजमगढ़। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आजमगढ़ के लाल सौरभ सिंह का सोमवार को अपने मड़या स्थित घर पहुंचने पर परिवारजनों और शुभचितंकों द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं इस दौरान इनके माता-पिता की आंखे खुशी से नम दिखी। सौरभ का चयन सहायक आयुक्त (राज्य कर विभाग) हुआ है जिससे राष्ट्रीय फलक पर एक बार फिर आजमगढ़ गौरवांवित हो उठा। इनके उपलब्धि पर पारिवारिक, शिक्षकों, मित्रों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

वर्तमान में सौरभ सिंह एटा स्थित एएसए इंटर कॉलेज में भूगोल प्रवक्ता के पद पर 2021 से अपनी सेवा देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखे हुए थे। उनकी अथक मेहनत, दृढ़ संकल्प और अनुशासित जीवनशैली का परिणाम रहा कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया।

मेधावी सौरभ सिंह के पिता तेज बहादुर सिंह सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरंक्षण गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं, और एक छोटी सी किराना स्टोर की दुकान से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा-दीक्षा दिलाते हुए उन्हें देश सेवा की प्रेरणा दी जबकि उनकी माता गीता सिंह, जो एक गृहिणी हैं, ने बेटे की सफलता का श्रेय उसके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच को दिया। इस अवसर पर सौरभ सिंह ने आजमगढ़ के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि युवाओं को अपने समय का सदुपयोग करते हुए पूरा ध्यान अपने लक्ष्य पर केंद्रित करना चाहिए, स्पष्ट लक्ष्य और अथक परिश्रम से सफलता मिलनी तय है। उन्होंने इस का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजनों को दिया है। सौरभ चार भाई बहनों में तीसरे नंबर पर है। परिजनों, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने सौरभ सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मूल रूप से जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलारी गांव निवासी सौरभ के पिता तेज बहादुर सिंह ने कहाकि सौरभ शुरू से ही मेधावी होनहार छात्र रहे है और इनकी प्रारंभिक शिक्षा आजमगढ़ स्थित चिल्ड्रेन कॉलेज से सीबीएसई बोर्ड के माध्यम से हुई। इसके बाद उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। शुभकामना देने वालों में सहायक आयुक्त जीएसटी रामविजय साहनी, रितेश सिंह, नंदकुमार बरनवाल, तमसा परिवार के सदस्य सहित आदि शामिल रहे।

## डीएम चर्चित गौड़ ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा के सफल, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन हेतु राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किये। आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा के सफल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा, निगरानी एवं गोपनीयता संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने तथा परीक्षा के दौरान सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

## मुख्य संरक्षक बनने पर लोलारक दुबे का स्वागत

जौनपुर। श्री गणपति पूजा महासमिति की बैठक शहर के उर्दू बाजार स्थित श्री घनश्यामदास बैंकर के बगीचा में वरिष्ठ संरक्षक राकेश श्रीवास्तव समाजसेवी की अध्यक्षता में सपन्न हुई। आपसी विचार विमर्श से वरिष्ठ पत्रकार व संरक्षक लोलारक दुबे को मुख्य संरक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव आया व आम सहमति बनी। सभी के विचारों को सुनने के बाद कार्यक्रम के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने मुख्य संरक्षक के पद के लिए लोलारक दुबे एवं नये संरक्षक सदस्य के रूप पंडित ईशान चतुर्वेदी के नाम की घोषणा करते किया। उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से निर्णय का समर्थन किया तथा माला पहना कर स्वागत किया। उक्त अवसर पर लोलरक दुबे ने कहा कि जो दायित्व सौंपा है उसका ईमानदारी और निष्ठा से से निर्वहन करूंगा ।

## मिर्जापुर में दो किशोर तालाब में डूबे,मौत

मिर्जापुर। जिले में देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में सोमवार शाम तालाब में नहाने के दौरान दो किशोरों की डूबने से मृत्यु हो गई। दोनों के शव को बरामद कर लिया गया है देहात कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के सबरी मोहल्ला निवासी राम नाथ गुप्ता का पुत्र बाबू गुप्ता (15) एवं इसी मोहल्ला निवासी रवि गुप्ता का पुत्र चन्टू (15) के साथ कुछ और हमउम्र बच्चे मझिगवां गांव की ओर गए थे। सभी तालाब में स्नान करने लगे। स्नान के दौरान बाबू और चिन्टू दोनों गहरे पानी में चले गए। तैरना न आने के कारण दोनों तालाब में डूब गए। बच्चों द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

संक्षेप

## मनमानी शादी से क्षुब्ध युवती ने लगाया फंदा

मथुरा। घर से भाग कर आई एक युवती ने आज धौलीप्याऊ क्षेत्र में रेलवे ट्रेक के सहारे लगे पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी लगते ही जीआरपी आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए और युवती को बचा लिया। उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अछनेरा कोतवाली के पिछवाड़े रहने वाले थान सिंह की 20 वर्षीय बेटी सागर ने आज सुबह लगभग 7.30 बजे धौलीप्याऊ क्षेत्र के रेलवे ट्रेक के सहारे पेड़ पर दुपट्टे का फंदा बनाकर लटकने का प्रयास किया, जिसे आसपास के लोगों ने देखा और मौके पर भीड़ लग गई। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंची और युवती को अचेतावस्था में उतार लिया इसे एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया गया है, जीआरपी का कहना है कि घटना की सूचना पर युवती का चाचा कृष्णा मौके पर आ गया है, जिससे बातचीत में पता चला है कि सागर की शादी कुछ समय पहले तय की जा चुकी थी, वह यह शादी नहीं करना चाहती थी, इसी से क्षुब्ध होकर वह बगैर बताए आज सुबह 6 बजे अछनेरा से मथुरा आने वाली पैसेंजर गाड़ी में सवार हो गई।

# पुलिस भर्ती परीक्षा का डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण



मथुरा। उ०प्र०पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती- 2025 की परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, नकल विहीन एवं सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने प्रथम पाली प्रातः 10 से 12 बजे तक में वी0डी0पी0 राजकीय इंटर कॉलेज, सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज तथा श्री गुरु कार्शनी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने द्वितीय पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक में किशोरी रमण गर्ल्स इंटर कॉलेज, श्री चम्पा अग्रवाल इंटर कॉलेज तथा प्रेम देवी अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, प्रवेश प्रक्रिया आदि का गहनता से जायजा लिया। उ०प्र०पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती- 2025 की लिखित परीक्षा जनपद के 16 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 8, 9 एवं 10 जून 2026 को आयोजित की जा रही है। परीक्षा 2 पालियों में आयोजित की जा रहा है, जिसमें प्रत्येक पाली में 6240 अभ्यर्थी है। आज 08 जून को प्रथम पाली में 4781 तथा द्वितीय पाली में 4891 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। प्रथम पाली में 1459 तथा द्वितीय पाली में 1349 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने ड्यूटी मजिस्ट्रेटों को सख्त निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। परीक्षा हेतु 16 सेक्टर तथा 16 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। दोनों पालियों से पूर्व समस्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट समय उपस्थित होकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण/पर्यवेक्षण करे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से सघन निरीक्षण करे। यह भी सुनिश्चित करे कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है।

## आरक्षी भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए सोमवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

दोनों आला अधिकारियों ने मौके पर जाकर सुरक्षा मानकों और तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। ?निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की भौतिक स्थिति और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को परखा। इसके साथ ही प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम व अन्य लॉजिस्टिक्स व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की। ?साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों और परीक्षा से जुड़े संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि, शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में ही संपन्न कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य लांग्हे ने केंद्रों पर मुस्तैद पुलिस बल को पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के आसपास किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, भीड़ लगाने या किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल और बेहद प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ?जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यह आश्वस्त किया गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए रूट डायवर्जन, सुरक्षा घेरा और प्रशासनिक निगरानी सहित सभी आवश्यक और पुख्ता इंतजाम समय से पहले पूरे कर लिए गए हैं।

## महाराणा प्रताप शोभायात्रा में शामिल होने को कमेटी पदाधिकारी पर्यटन मंत्री से मिले



टूण्डला। नगर में आगामी 17 जून को आयोजित होने वाली हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप शोभायात्रा के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र विक्रम सिंह परमार के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने सिरसागंज स्थित आवास पर पहुंचकर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह को शोभायात्रा का निमंत्रण पत्र भेंट कर कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने शिकोहाबाद के उपजिलाधिकारी एसडीएम गजेंद्र पाल सिंह को भी निमंत्रण पत्र सौंपकर कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया। शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र विक्रम सिंह परमार ने बताया कि 17 जून को नगर टूण्डला में आयोजित होने वाली यह भव्य शोभायात्रा महाराणा प्रताप के शौर्य पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की गौरवशाली परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इस दौरान समिति के साथ योगेंद्र उपाध्याय रुस्तम सिंह सिसोदिया रवि चौहान सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

टूंडला। थाना पुलिस टीम ने लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना टूंडला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को नगला महादेव कट के निकट से गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसने अपना नाम करन पुत्र ठाकुर दास निवासी ग्राम अरैला थाना खन्दौली जनपद आगरा उम्र करीब 21 वर्ष बताया है जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

## किसान से खुद को पुलिसकर्मी बताकर 50 हजार रुपये ठगे

फिरोजाबाद। सिरसागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रोड पर सोमवार को एक शातिर टप्पेबाज ने खाकी का रौब दिखाकर एक सीधे-सादे किसान को अपनी ठगी का शिकार बना लिया। टप्पेबाज ने खुद को सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी बताया और चेकिंग के नाम पर किसान की जेब में रखे 50 हजार रुपये जबरन निकालकर रफूचक्कर हो गया।

### चेकिंग के बहाने रोकी बाइक, निकाल ली चाबी

ग्राम सराय शेख निवासी छोटे पुत्र मो० मजीद सोमवार (8 जून) को सिरसागंज पशु हाट में अपनी भैंस बेचने आए थे। भैंस को 50,000 रुपये में बेचने के बाद वह रकम अपनी पैंट की जेब में रखकर मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे। सुबह करीब 10:10 बजे जैसे ही वह इटावा रोड पर राजपूत हॉस्पिटल के पास एमआरएफ एजेंसी के सामने पहुंचे, तभी पीछे से एक काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर हेलमेट लगाकर एक अज्ञात व्यक्ति आया। उसने छोटे की बाइक को रुकवा लिया। ?बाइक रुकते ही शातिर ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और धौंस जमाते हुए छोटे की बाइक की चाबी निकाल ली। इसके बाद उसने जबरन तलाशी लेनी शुरू कर दी। पीड़ित के विरोध करने पर उसने पैंट की जेब में रखे 50 हजार रुपये जबरन निकलवाए और 'समझाने' के बहाने नोटों की गड्डी अपनी शर्ट के अंदर डालकर अपाचे से तेजी से फरार हो गया। बाइक की चाबी न होने के कारण पीड़ित उसका पीछा भी नहीं कर सका।पीड़ित ने बताया कि वह भैंस बेचकर घर जा रहा था। राजपूत हॉस्पिटल के पास अपाचे सवार युवक ने मुझे रोका और कहा कि मैं पुलिस वाला हूँ। उसने तुरंत मेरी बाइक की चाबी निकाल ली ताकि मैं भाग न सकूँ। फिर उसने जबरन तलाशी ली और मेरी जेब से 50 हजार रुपये निकाल लिए। जब तक मैं कुछ समझ पाता, वह रुपये अपनी शर्ट में डालकर भाग गया। मैं चीखता-चिल्लाता रह गया, लेकिन चाबी न होने के कारण उसका पीछा नहीं कर पाया।पीड़ित ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है। पीड़ित छोटे ने थाना सिरसागंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि काले रंग की अपाचे और संदिग्ध टप्पेबाज का सुराग लगाया जा सके।

## 10 जून 2026 को होगी महिला जनसुनवाई

मथुरा 08 जून 2026/ जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने सर्वसाधरण को सूचित किया है कि दिनांक 10 जून 2026 को डॉ० बबीता सिंह चैहान, मा० अध्यक्ष, उ०प्र० राज्य महिला आयोग द्वारा महिला जनसुनवाई/समीक्षा बैठक किया जाना प्रस्तावित है मा० अध्यक्षा द्वारा दिनांक 10 जून 2026 को जनपद मथुरा में महिलाओं की समस्याओं के संबंध में जनसुनवाई / समीक्षा बैठक लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे आहूत की जाएगी। उक्त जनसुनवाई में कोई भी महिला माननीय अध्यक्षा के समक्ष उपस्थित हो कर अपनी समस्याएं / शिकायतें / सुझाव रख सकती है।

# बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने किए प्रमुख तीर्थों के दर्शन



मथुरा। सोमवार को बिहार प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा अपने सहपरिवार सहित पावन ब्रजधाम की यात्रा पर पहुंचे, जहां उन्होंने मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन एवं गोकुल के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की।ब्रज प्रवास के दौरान मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सर्वप्रथम मथुरा स्थित यमुना महारानी के पावन विश्राम घाट पर दुग्ध अभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने यमुना महारानी से राष्ट्र की उन्नति, किसानों की समृद्धि तथा समाज में सुख-शांति की प्रार्थना की। इसके उपरांत उन्होंने श्री द्वारकाधीश मंदिर में भगवान श्री द्वारकाधीश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात गोवर्धन पहुंचकर उन्होंने मुखारविंद जतीपुरा में गिरिराज महाराज की पूजा-अर्चना की एवं मलूक पीठाधीश्वर राजेद्र जी महाराज से चंद्रोदय गौशाला पर तुमसे आशीर्वाद प्राप्त किया।तथा ब्रजभूमि की दिव्यता एवं सनातन संस्कृति की महिमा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ब्रज की पावन धरा सम्पूर्ण विश्व को आध्यात्मिक चेतना एवं भारतीय संस्कृति का संदेश प्रदान करती है।ब्रज भ्रमण के दौरान मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गोकुल एवं वृंदावन स्थित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में भी दर्शन कर ठाकुरजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने ब्रज की धार्मिक परंपराओं, संत संस्कृति एवं यहां की भक्ति भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।अपने प्रवास के दौरान मंत्री विजय सिन्हा तटीया स्थान भी पहुंचे, जहां उन्होंने संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं आध्यात्मिक चर्चा में सहभागिता की। वहीं भाजपा कार्यकताओं ने उनका दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देखा उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विपुल पाठक, पंकज चतुवेर्दी, भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी पंडित श्याम शर्मा, अंशुमान चतुवेर्दी, कृष्ण चतुवेर्दी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा आरंभ



टूंडला। सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन नगर के प्रेम रेजिडेंसी स्थित पुष्पा एंक्लेव में आयोजित की गई। इस दौरान भव्य कलश यात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं बच्चियों ने सिर पर कलश धारण कर नगर की परिक्रमा की। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा प्रेम रेजिडेंसी, पुष्पा एंक्लेव से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से निकली। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। नगरवासियों ने भी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में कलश धारण कर धार्मिक आस्था का परिचय दिया।श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी स्व. राजवीर शर्मा द्वारा कराया गया। कथा का वाचन भागवताचार्य आचार्य पंडित मोहित महाराज, वृंदावन धाम (मथुरा) के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं एवं सनातन धर्म के आदर्शों का वर्णन किया जाएगा। कथा आयोजन में परीक्षित के रूप में अमित भारद्वाज एवं तम्मना भारद्वाज तथा यज्ञपति के रूप में संजय भारद्वाज एवं गीता भारद्वाज, साथ ही प्रदोष भारद्वाज एवं गोल्डन भारद्वाज को दायित्व सौंपा गया है। सभी ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कथा महोत्सव के सफल आयोजन की कामना की।कलश यात्रा नगर भ्रमण के उपरांत कथा पंडाल पहुंचकर संपन्न हुई, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कथा का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## प्रेमी का हाथ थाम चली गयी आठ बच्चों की मां

मथुरा। थाना सुरीर क्षेत्र में रहने वाली आठ बच्चों की मां अपने प्रेमी का हाथ थाम कर चली गई। उसे प्रेमी के साथ जाते हुए पति और बच्चे देखते रह गए। सुरीर क्षेत्र में एक गांव की 45 वर्षीय महिला के आठ बच्चे हैं। एक लड़की की शादी हो चुकी है। उसकी दिल्ली के एक युवक से आंखें लड़ गईं। डेढ़ महीने पहले महिला प्रेमी युवक के साथ चंपत हो गई। पति की शिकायत पर पुलिस ने महिला को दिल्ली से बरामद कर लिया। पति और बच्चे मिलने के लिए थाने गए तो महिला ने अपनी कोख से जन्मे बच्चों से मुंह मोड़ लिया। पति पर आरोप लगाते हुए प्रेमी युवक के साथ ही रहने की जिद करने लगी। पुलिस ने न्यायालय में पेश किया तो महिला ने प्रेमी युवक के साथ रहने को बयान दिए। हरनौल मोड़ चैकी इंचार्ज सोहनपाल का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर महिला को उसके प्रेमी युवक के साथ भेज दिया है।

# रोडवेज बस डिवाइडर पर चढ़ी, दो महिलाओं की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

जिला संवाददाता



मथुरा। थाना फरह टोल प्लाजा के निकट तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। जिनका स्वर्ण जयंती, जिला अस्पताल और फरह सीएससी में इलाज चल रहा है। सूचना पाकर जिला अस्पताल एवं स्वर्ण जयंती अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी और एसएसपी ने घायलों की कुशलक्षेम जानी।

मथुरा से सवारियां लेकर रोडवेज की अनुबंधित बस फिरोजाबाद जा रही थी। फरह के महुअन टोल के समीप दोपहर एक बजे अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई। इस हादसे में बस में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर पुलिस और टोल कर्मी मौके पर पहुंच गए।आनन फानन में सभी घायलों को बस से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चंचल कुमार पुत्री रामवीर चाहर निवासी नगला छिंगा थाना मगोर्रा, श्रीमती संगीता पत्नी भीमसेन निवासी आवल खेडा थाना बरहन जनपद आगरा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि भूरी देवी पत्नी राजू निवासी नैनारा जाट थाना सदर जननपद आगरा, शिवम पुत्र अनिल निवासी खेडीपुल थाना फरीदाबाद जनपद फरीदाबाद, ललिता पत्नी अनिल निवासी उपरोक्त, मन्जू पत्नी सोहन सिंह निवासी सहारा थाना मिढाकुर, जनपद आगरा, निशा रानी पत्नी हरी सिंह महावीर नगर, फिरोजाबाद, सिदिक्षा द्विवेदी पुत्री मोहित द्विवेदी निवासी, फिरोजाबाद, बेबी पत्नी बच्चू सिंह निवासी, आंवल खेडा थाना बरहन, जनपद आगरा, अजय पुत्र भूरी सिंह निवासी सैमरा, थाना खंदौली आगरा, अनीता पत्नी मेहताब सिंह निवासी खंदौली, कृष्णा शर्मा पत्नी राकेश निवासी नाई की मंडी, जिला आगरा, पूजा शर्मा पत्नी रामवीर निवासी कैण्ट आगरा, निशा पत्नी लोचन सिंह निवासी नवीन गल्ला मण्डी, आगरा जो कि गम्भीर हालत में घायल है। इनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। दोनों आला अधिकारियों ने आपातकालीन वार्ड और अन्य वार्डों का दौरा कर दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों का कुशलक्षेम जाना और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया। अधिकारियों ने घायलों और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया कि प्रशासन इस संकट की घड़ी में उनके साथ है।

## पांच गांजा तस्कर गिरफ्तार



फिरोजाबाद। एएनटीएफ आगरा व थाना रसूलपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 102 किलो 66 ग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई गई है, की तस्करी करने वाले 05 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में ए.एन.टी.एफ यूनिट आगरा जोन आगरा एवं थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर उडीसा से अवैध गांजा लेकर फिरोजाबाद आ रहे अन्तर्राज्यीय गैंग के 05 सदस्यों को आसाफाबाद चौराह के पास से गिरफ्तार किया गया है। एएनटीएफ यूनिट को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उड़ीसा से अवैध गांजे की एक बड़ी खेप ट्रक के माध्यम से फिरोजाबाद लाई जा रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा जाल बिछाकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान से ट्रक नंबर डऊ02 ऊअ 0721 से गांजा उतारकर कार में रखने की प्रक्रिया के दौरान 05 अभियुक्तगण सौरभ पुत्र रामतन विजय कुमार पुत्र सतीश चन्द्र सुभाष सिंह पुत्र अमर सिंह चन्दन सिंह पुत्र छठीलाल चिरंजीव उर्फ टूटू पुत्र रामचन्द्र को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया जबकि गैंग का एक मुख्य सदस्य मौके से फरार हो गया। पकडे गये अभियुक्तगण के तार अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग से जुडे होना पाया गया, अभियुक्तगण उडीसा से सस्ते रेट मे गांजा खरीदकर 4-5 गुना मंहगे रेट पर बेचते थे। पुलिस ने बरामदगी के उपरान्त थाना रसूलपुर पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर प्र0नि0 हरवेन्द्र मिश्रा एएनटीएफ आगरा जोन आगरा, उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना रसूलपुर, आशीष शुक्ला लखन लाल अजीत कुमार एएनटीएफ आगरा जोन आगरा, है0का0 शैलेन्द्र सिंह कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह रि 0 क 10 विजय कुमार थाना रसूलपुर शामिल रहे।

# 84 कोस परिक्रमा मार्ग पर निरंतर सेवा का केंद्र बना सविता सिंह सौरौत का शिविर

जिला संवाददाता



मथुरा। अधिक मास में 84 कोस परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से ग्राम अडूकी स्थित परिक्रमा मार्ग पर भाजपा नेत्री एवं प्रमुख समाजसेवी श्रीमती सविता सिंह सौरौत द्वारा स्थापित सेवा शिविर लगातार श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा हुआ है। शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में परिक्रमार्थी पहुंचकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर में स्नान, शौच, चाय-पानी, नाश्ता, भोजन, विश्राम, प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सकीय परामर्श की व्यवस्था की गई है।

दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह शिविर राहत और सेवा का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। श्रीमती सविता सिंह सौरौत ने बताया कि धार्मिक यात्राओं में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा करना भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा है। इसी भावना के साथ यह सेवा शिविर निरंतर संचालित किया जा रहा है ताकि परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे और आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी सेवा शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि समाज सेवा और धर्म सेवा उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य है। महिलाओं के उत्थान, जरूरतमंद परिवारों की सहायता, बेटियों के विवाह और विभिन्न सामाजिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों में भी वह निरंतर सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। शिविर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और लंबी पदयात्रा के बीच यह सेवा केंद्र परिक्रमार्थियों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय लोगों ने श्रीमती सविता सिंह सौरौत का चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान किया था। वर्तमान में भी शिविर पूरी सक्रियता के साथ संचालित हो रहा है और प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं को सेवा एवं सहयोग प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर भावना, सुनीता, राकेश प्रधान, संजीव पचहरा, राजू, जितेन्द्र पहलवान, हरेन्द्र तोमर, पवन कुमार प्रधान, राधेश्याम गिरी, रामवीर सिंह बिष्ट, राकेश नौटियाल सहित अनेक गणमान्य लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## युवक का शव गोताखोरों ने निकाला

मथुरा। थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत यमुना पुल से बीती रात 23 वर्षीय युवक ने यमुना में छलांग लगा दी। इस हादसे को देख गोताखोरों की टीम युवक को तलाशने में जुट गई। लेकिन काफी मशक्कत के बाद युवक का पता नहीं चल सका और सोमवार की सुबह युवक का शव यमुना से बाहर निकाल लिया गया।घटना की सूचना जब इलाका पुलिस को लगी तो इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोताखोरों ने बताया कि रविवार की देर रात एक 23 वर्षीय युवक ने यमुना में चलांग लगा दी और काफी मशक्कत के बाद शव को बरामद कर लिया है।

वहीं मृतक के भाई ने बताया है कि मृतक जितेंद्र उर्फ छोटू पुत्र राजवीर सिंह निवासी गोंगा थाना राया का रहने वाला है और वह गुड़गांव में मेहनत मजदूरी करता था।

## सपा का महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

मथुरा। गोवर्धन तहसील मुख्यालय पर सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकताओं ने महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार की कथित नाकामियों को लेकर नारेबाजी की और तहसील का घेराव किया। सपा के स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं ने हाथों में सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। इन तख्तियों पर महंगाई कम करने, युवाओं को रोजगार देने और किसानों की समस्याओं के समाधान की मांगें लिखी थीं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य रूप से कमरतोड़ महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और स्थानीय समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी विभागों में पद खाली होने के बावजूद युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं, जिससे उनमें भारी आक्रोश है। गोवर्धन क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी और किसानों की अनदेखी का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठाया गया।

# चुनौतियों के बीच विकास

वैश्विक चुनौतियां, ट्रंप टैरिफ, भू-राजनीतिक तनाव और सप्लाई चेन में उत्पन्न बाधाओं के बीच जिस तरह भारत की अर्थव्यवस्था ने बेहतर प्रदर्शन किया है, उससे उन लोगों को जवाब मिल गया है, जो अर्थव्यवस्था तबाह होने की बात करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारी चुनौतियां कम हो गयी हैं। सचाई तो यह है कि विकास दर को बनाये रखने के लिए और महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार को लगातार प्रयास करने होंगे और जरूरी फैसले भी समय पर लेने होंगे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा गत सप्ताह जारी किए गए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि के ताजा आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर अर्थव्यवस्था 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी। यह दर पिछली तिमाही के लगभग समान है और इसके साथ एक सकारात्मक आश्चर्य भी जुड़ा हुआ है। दरअसल रॉयटर्स के अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण ने 7.2 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया था। इस प्रकार वित्त वर्ष 26 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अस्थायी अनुमान अब 7.7 फीसदी है जो पिछले वर्ष दर्ज 7.1 फीसदी से काफी अधिक है। वर्ष की दूसरी छमाही में अपेक्षित सुस्ती नहीं आई। आंशिक रूप से इसका कारण राष्ट्रीय खातों में एक साथ चल रही आधार वर्ष में बदलाव की प्रक्रिया हो सकती है जिसमें स्थिर मूल्य गणनाओं के लिए आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया गया। इस बदलाव ने अन्य कुछ प्रणालीगत परिवर्तनों के साथ जीडीपी के स्तर को कम किया लेकिन वृद्धि दर को अधिक सुचारु और ऊंचा कर दिया। इन परिवर्तनों का प्रभाव बहस का विषय बन सकता है। पहले भी सांख्यिकीय पद्धति में बदलावों के साथ ऐसा हुआ है। खासकर क्योंकि नॉमिनल जीडीपी केवल 8.9 फीसदी बढ़ा है जो यह दर्शाता है कि अपेक्षा से कम जीडीपी डिफ्लेटर (नॉमिनल और वास्तविक जीडीपी के बीच का अनुपात) ने इन विश्व-स्तरीय आंकड़ों को सहारा दिया। लेकिन यह भी ध्यान देना चाहिए कि सकारात्मक मांग प्रभाव पिछले सितंबर में संशोधित जीएसटी दर संरचना से और पहले दी गई आयकर राहत से लगातार सामने आते रहे। क्षेत्रवार आंकड़ों के मुताबिक चौथी तिमाही में वृद्धि अपेक्षाकृत व्यापक रही। सेवाएं 9 फीसदी से अधिक बढ़ीं और विनिर्माण 10 फीसदी से अधिक। निजी उपभोग की वृद्धि पिछले तिमाही से कुछ कम होकर 7.6 फीसदी रही लेकिन सकल स्थिर पूंजी निर्माण की 8.2 फीसदी वृद्धि के साथ मिलकर यह पर्याप्त रही। ध्यान रहे कि ये आंकड़े विशेष रूप से प्रभावशाली हैं क्योंकि फरवरी के अंत में खाड़ी संकट शुरू हुआ था जिससे तिमाही के एक-तिहाई हिस्से पर गंभीर वैश्विक दबाव पड़ा। सरकार ने अपने जिन कदमों के जरिये तेल कीमतों में वृद्धि के सबसे बुरे प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाने की कोशिश की वे भी इस संदर्भ में मददगार रहे। यद्यपि ऐसा बचाव हमेशा नहीं चल सकता। प्रधानमंत्री ने विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए कुछ खर्च पर नियंत्रण की अपील की है। यह भी संकेत दिया है कि आगे और कठोर कदम उठाए जा सकते हैं। इसलिए यह मान लेना सही नहीं होगा कि वर्तमान तिमाही और शायद जुलाई-सितंबर तिमाही भी चौथी तिमाही जैसी ही मजबूती दिखाएगी। एनएसओ के वृद्धि अनुमान जारी होने से कुछ घंटे पहले ही भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के चलते चालू वित्त वर्ष में वृद्धि 6.6 फीसदी तक ही रह सकती है जो पहले के 6.9 फीसदी अनुमान से कम है। मुद्रास्फीति के जोखिम भी मौजूद हैं। खासतौर पर मॉनसून के कमजोर रहने की आशंका के चलते। भारत हमेशा वैश्विक ईंधन कीमतों के ऊंचे होने पर बहुत अधिक प्रभावित होता है। इस बार तेल कीमतों के साथ ही कमजोर मॉनसून का असर भी पड़ता सकता है। इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। तेल, गैस एवं उर्वरक की आपूर्ति बनाये रखना, रुपये का अवमूल्यन रोकने के प्रभावी उपायों के साथ ही निर्यात व्यापार को बढ़ाने के लिए सरकार को और कड़े प्रयास करने होंगे ताकि देश की आर्थिक विकास दर ऊंची बनी रहे।




**कीमतों पर नियंत्रण के साथ विकास दर को बनाये रखने के लिए सरकार को आर्थिक मोर्चे पर कई बड़े व साहसिक फैसले करने पड़ सकते हैं।**

# कोचिंग: वर्चस्व की लड़ाई सड़क पर आयी



लोकमित्र

**बिहार में चूंकि सरकारी नौकरियों और भर्ती परीक्षाओं का महत्व दूसरे प्रांतों से कहीं ज्यादा है। लाखों-लाख युवा एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, बीपीएससी और पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में कोचिंग संस्थानों का प्रभाव यहां केवल शैक्षणिक नहीं रह गया बल्कि सामाजिक और राजनीतिक हो चुका है। ऐसे में ये राजनीतिक विमर्श को भी प्रभावित कर रहे हैं।**




सामयिक

कभी बिहार में गैंगवार का संबंध जमीन, ठेकेदारी, रंगदारी और राजनीतिक वर्चस्व से जोड़ा जाता था। लेकिन अब एक नया और चिंताजनक परिदृश्य उभरता दिखायी दे रहा है, यह उस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जिसे समाज भविष्य निर्माण का माध्यम मानता है। जी हां, आपने बिल्कुल सही समझा, यह कोचिंग उद्योग है। हाल के सालों में जैसे-जैसे बेरोजगारी बढ़ी है और पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था बदहाल हुई है, वैसे-वैसे देशभर में कोचिंग उद्योग का जाल बिछ गया है। इसका आकार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। आज कोचिंग उद्योग 60 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इसका मतलब है कि यह उद्योग, देश के दर्जनों व्यवस्थित जमे-जमाये उद्योगों से भी बड़ा हो चुका है। इसलिए अब कोचिंग उद्योग पर अपना वर्चस्व बनाये रखने के लिए कई कोचिंग मालिक, कोचिंग माफिया बनने की राह पर उतर आये हैं। गुजरे 2 जून 2026 को इसकी एक भयावह झलक बिहार की राजधानी पटना में देखने को मिली। पटना के मुसल्लहपुर हाट इलाके में, जिसे कोचिंग राजधानी कहा जाता है, लोकप्रिय शिक्षक खान सर की कोचिंग, 'ग्लोबल स्टडीज' के बाहर मारपीट हुई और यहीं से एक ऐसे झगड़े ने सिर उठाया जो आज कोचिंग उद्योग के खूंखार चेहरे के रूप में प्रकट होकर सामने आया है।

खान सर की ग्लोबल कोचिंग के गेट पर कुछ गार्ड और उनके कुछ बाउंसर मौजूद थे, उसी वक्त वहां कुछ छात्रों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और इस झगड़े के दौरान किसी ने खान सर की कोचिंग के एक बैनर को गिरा दिया। इसके बाद छात्रों के बीच की मारपीट की यह खबर खान सर की ग्लोबल कोचिंग के अंदर पहुंची और खान सर निकलकर बाहर आए। इसके बाद जो कुछ हुआ वह फौरी एफआईआर से लेकर एक प्रतिद्वंदी कोचिंग संस्थान के निदेशक की गिरफ्तारी तक बात पहुंच गई। लेकिन करीब 48 घंटे बाद जो नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया, उसके बाद तो पूरा मामला ही बदल गया। इस नये सीसीटीवी कैमरे और इंवेस्टीगेशन से पता चला कि खान सर ने ही अपने गार्ड्स को हवा में फायरिंग करने के लिए कहा, जिससे कि माहौल बन सके। खान सर के कहने पर उनके ही सुरक्षा गार्डों ने तीन चार राउंड फायर की, इसके बाद खान सर अंदर चले गये। बाद में इसी फायरिंग को आधार बनाकर खान सर के पास ही चल रही दूसरी कोचिंग ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर रौशन आनंद की गिरफ्तारी हुई। तब से लगातार पटना कोचिंग बवाल का गढ़ बना हुआ है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज आने के बाद खान सर अपने फायरिंग वाले बयान से तो पीछे हट गये हैं, लेकिन रातोंरात कहीं गायब हो गये हैं, ताकि पुलिस की गिरफ्तारी से बच सके। क्योंकि अब यह साफ हो गया है कि उन्हीं के उकसावे के कारण फायरिंग हुई और बाद में उलटा दूसरी कोचिंग वाले पर फायरिंग का आरोप लगाकर न सिर्फ एफआईआर दर्ज करायी गई बल्कि प्रतिद्वदी को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार भी करा दिया गया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद, प्रिंस गौरव और अभिषेक जेल में थे। हालांकि जेल जाते समय रौशन आनंद ने मीडिया को चीख-चीखकर बताया था कि उन्हें खान सर की साजिश के चलते निराधार गिरफ्तार किया जा रहा है। लेकिन जब तक वह वीडियो सामने नहीं आया था, जिसमें खान सर खुद अपने बॉडी गार्ड से फायरिंग करके माहौल बनाने की बात कर रहे थे। इसलिए तब तक पुलिस ने उन पर कोई कार्यवाई नहीं की थी और जब यह वीडियो सामने आ गया है तो खान सर अंडरग्राउंड हो चुके थे। यही नहीं इस बीच यह सारा मुद्दा कोचिंग बनाम कोचिंग की जंग से हटकर बड़ी चालाकी से मीडिया बनाम कोचिंग का मुद्दा बना दिया गया। ताकि सारा फोकस कोचिंग माफिया के गैंगवार की जगह कोचिंग बनाम मीडिया पर हो जाए। लेकिन ऐसा हो नहीं सका और सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई सारी साजिश के सामने आते ही बिहार में गैंगवार में तब्दील होते कोचिंग उद्योग का खुरदुरा चेहरा सामने आ गया। अब हर कोई इस उद्योग की मलाई पर कब्जा चाहता है, इसलिए अपने प्रतिद्वंदियों से बाजार छीनने के लिए आज कोचिंग माफिया वही सारे हथकंडे अपना रहे हैं, जैसे किसी जमाने में मुंबई में अंडरवर्ल्ड माफिया आजमाया करता था। चाहे पटना का मुसल्लहपुर हाट इलाका हो या राजस्थान का कोटा शहर या फिर राजधानी दिल्ली। आज देश में एक दर्जन से ज्यादा शहर और इन शहरों के कुछ खास इलाके कोचिंग उद्योग के गढ़ में तब्दील हो चुके हैं। हजारों, करोड़ रुपये की फीस, हॉस्टल उद्योग, किताबें, ऑनलाइन कोर्स और यू-ट्यूब चैनल तथा भर्ती परीक्षाओं की तैयारी का विशाल नेटवर्क, यह सब मिलकर एक ऐसे खतरनाक उद्योग में तब्दील हुआ है, जहां लोक प्रियता के दम पर रातोंरात करोड़ों नोट छापे जा सकते हैं। इसलिए आज की तारीख में कोचिंग उद्योग बेहद प्रतिस्पर्धी होने के साथ-साथ बेहद आक्रामक और किसी हद तक हिंसक हो चुका है।

हाल की घटनाओं से पता चलता है कि तथाकथित ऑनलाइन शिक्षक आज अपने प्रतिद्वंदी को ऐन-केन-प्रकारेण रास्ते से हटाना चाहते हैं, चाहे उसके लिए झूठी फायरिंग और हमले का झूठा प्रपंच ही क्यों न गढ़ना पड़े। दरअसल जिस तरह से हाल के दिनों में बिहार और दिल्ली में कोचिंग माफियाओं के बीच रह-रहकर खूनी झड़प का माहौल बना है, वह सामान्य बात नहीं है। यह दरअसल शिक्षा बाजार पर कब्जा करने की कोशिश का एक हिस्सा है। क्योंकि छात्र अब विद्यार्थी नहीं कस्टमर हो गये हैं और शिक्षक गुरु की जगह ब्रांड में तब्दील हो चुके हैं। ऐसे में कोचिंग संस्थान शिक्षा के नाम पर कार्पोरेट ईकाईयां खड़ी करके रातोंरात नफा लूटने के लिए हर किस्म का किया जाने वाला तिक्कड़म कर रही हैं। बिहार में चूंकि सरकारी नौकरियों और भर्ती परीक्षाओं का महत्व दूसरे प्रांतों से कहीं ज्यादा है। लाखों-लाख युवा एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, बीपीएससी और पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में कोचिंग संस्थानों का प्रभाव यहां केवल शैक्षणिक नहीं रह गया बल्कि सामाजिक और राजनीतिक हो चुका है। आज की तारीख में बड़े कोचिंग संचालकों के हजार, दो हजार नहीं लाखों की तादाद में अनुयायी हैं। ऐसे में ये राजनीतिक विमर्श को भी प्रभावित कर रहे हैं। यही कारण है कि कोचिंग संस्थानों के बीच का संघर्ष आज केवल व्यावसायिक संघर्ष नहीं रह गया बल्कि प्रभाव और जनसमर्थन की लड़ाई बन चुका है। जिस तरह इन दिनों खान सर का मामला पूरे देश की मीडिया का विमर्श बन गया है, उससे साफ होता है कि आज कोचिंग उद्योग किस कदर प्रभावी है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पटना पुलिस हाल के इस कोचिंग विवाद पर विभिन्न कोणों से जांच कर रही थी और विभिन्न स्रोतों से जो खबरें फ्लैश की जा रही थीं कि अंडरग्राउंड रहते हुए भी खान सर अपनी अग्रिम जमानत की व्यवस्था कर ली है। उससे हो सकता है यह मामला चूंकि काफी ज्यादा तूल हासिल कर चुका है, इसलिए दबा दिया जाए, लेकिन जिस तरह से गोलीबारी और गैंगवार में कोचिंग उद्योग तब्दील होता दिख रहा है, उससे बहुत जल्द ऐसे अनेक मामले सतह पर आकर कोचिंग उद्योग के अपराधीकरण को बेनकाब करेंगे। बात सिर से गुजरे और सरकार को बहुत खतरनाक कदम उठाना पड़े, उसके पहले ही कोशिश यह होनी चाहिए कि शिक्षा का व्यावसायीकरण, व्यावसायिक होने की प्रक्रिया में तब्दील न हो। कोचिंग की टेरीटरी का वार अंडरवर्ल्ड माफिया में तब्दील हो, इसके पहले ही सरकार को गंभीर रुख अपनाना लेना चाहिए।

## सोशल मीडिया



प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'एक राष्ट्र एक समान कानून' की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा, यूसीसी संविधान में निहित समान अधिकार व न्याय की भावना का संकल्प है। केशवप्र. मौर्य.



प्रकृति संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धव:, माध्वीर्न सन्त्वोषधी:। पीएम मोदी.



चौरीचौरा गोरखपुर के अस्पताल में गर्भवती महिला की मृत्यु की जिम्मेदारी तय की जाये और कार्रवाई हो। प्रदेश में कोई सक्रिय स्वास्थ्य मंत्री यद हैं, तो विभाग पर ध्यान दें। अखिलेश यादव.

# प्रकृति की अभिव्यक्ति

अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है। **- वीओएल.**

# पापी पेट का सवाल है...

व्यंग्यलोक

चुनाव की बेला है। वायदों की भरमार है। न्यूज मंडिया भी सज-धज कर तैयार हो गयी हैं। चैनल आपस में टकरा रहे हैं। घूरे में घूमते गधों के सिर चकरा रहे हैं। अपनी ही पार्टी के, अपने ही लोग, अपने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर धक्कम-प्लेट लगा रहे हैं। चैनल फिलहाल बाढ़ की रोटी तोड़ रहे हैं। चैनल रानी, कहे बाढ़ की कहानी! टीवी माता पर बैठे सर्व एंकर ज्ञानी। कशिश ड्रेस में बैठी है एंकरानी! बाढ़ ज्ञान की उल्टी करते दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन इन सबसे चैनलों की पेट भराई नहीं हो रही है। ऐसे में न्यूज चैनलों के आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। हर एक न्यूज चैनल पर खूंखार ज्ञान बाज एंकर मौजूद हैं। ज्ञानबाज एंकर माइक के गले को कस के खड़े हैं। विचार चाहे कितने ही सड़े हैं, परन्तु ज्ञान देने के लिए अड़े हैं। चैनलों पर आजकल न्यूजों को घोट डालने का काम चल रहा है। एक समय था, जब न्यूज चैनलों पर जगपुर के जिन्न और चंचलपुर की चुड़ैलें भारी पड़ती थी। प्राइम टाइम में ये अपना जलवा बिखेरती थीं। अब नगीनानगर की नागिनों का अलग ही जलवा कायम है। प्रीतपुर के प्रेत प्राइम टाइम में डिबेट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे जिन्न की चौथी चुड़ैल ने पांचवें प्रेत की सातवीं नागिन को आपस में मिला दिया है।



रामविलास जॉगिड़

चैनलों को अब भूत, प्रेत, नागिन, चुड़ैल, डाकिन, शाकिन, जिन्न के भरोसे ही अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ रही है। इनकी राजनीति ही सब पर भारी है। टीवी पर फिर कोई एंकरनी आएगी। वह कुर्सी से बीन बजवाएगी। वोटर को नचवाएगी। वैसे जहां-तहां, यत्र-तत्र कुर्सियां पसरी पड़ी हैं। वोटरों को नचाती कुर्सियों का जलवा बरकरार है। देवी एंकरनी चीख रही है। खुद कुर्सी की ड्रेस में दीख रही है। प्राइम टाइम पर हमारे टीवी पर एकमात्र कुर्सी देखिए! कुर्सी जो है, इच्छाधारी, जो है हर इच्छा पर भारी। रूप बदलने में कभी नर तो कभी नारी। कभी मंत्री बन जाती है तो कभी संतरी। कभी इस पार्टी में जाती है, तो कभी उस पार्टी में जाकर सरकार गिराती है। सरकार उठाने वाली और सरकार गिराने वाली कुर्सी। इधर एक खाओ-कमाओ चैनल में बूढ़ा मंत्री बरगद पेड़ के नीचे बैठा चिल्ला-चिल्ला कर चिल्ला रहा है। आज हमारे चैनल पर देखिए लाइव मंत्री! एकदम ताजा मंत्री! मंत्री जो लाइव चैटिंग करता है! मंत्री जो डेटिंग करता है! मंत्री जो सेटिंग करता है! हमारा वाला असली जोरदार मंत्री! पहली बार एक मंत्री व दूसरे मंत्री के बीच लाइव संवाद! शमशान वाला मंत्री व कब्रिस्तान वाला मंत्री। दोनों मंत्री एकसाथ। कौमी एकता की भरपूर मिसाल। इनकी गजब की केमिस्ट्री सिर्फ हमारे चैनल पर! न्यूजों का तो वैसे ही अकाल है। पापी पेट का सवाल है।

# चार धाम धार्मिक ही नहीं सांस्कृतिक यात्रा भी है



धर्म/आध्यात्म

जब उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जून की भीषण गर्मी लोगों को घरों में रहने को विवश कर देती है, तब लाखों-लाख श्रद्धालु कठिन पर्वतीय रास्तों पर चलकर हिमालय की गोद में स्थित चार धाम की ओर बढ़ रहे होते हैं। यह दृश्य केवल तीर्थ यात्रा भर का नहीं है बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना की उस अद्भुत शक्ति का प्रतीक है, जो कठिनाईयों के बीच भी मनुष्य को ईश्वर की ओर अग्रसर करती है। उत्तराखंड के यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम सदियों से श्रद्धा, तपस्या और आत्मशुद्धि के केंद्र रहे हैं। हिमालय भारतीय परंपरा में केवल एक पर्वतभर नहीं माना गया है, उसे देवात्मा कहा गया है। पुराणों और वेदों में हिमालय को देवताओं का निवास तथा ऋषियों की तपोभूमि बताया गया है। यही कारण है कि जब कोई श्रद्धालु चार धाम यात्रा पर निकलता है, तो वह केवल कुछ मंदिरों के दर्शन के लिए नहीं जाता बल्कि वो उस आध्यात्मिक ऊर्जा को अनुभव करने जाता है, जिसने हजारों वर्षों से भारतीय संस्कृति को पोषित किया है। चार धाम यात्रा की शुरूआत यमुनोत्री से होती है।

यमुना सूर्य की पुत्री हैं और उनके दर्शन से अकाल मृत्यु का भय खत्म हो जाता है। ऊंचे पर्वतों और घने जंगलों के बीच स्थित यमुनोत्री तक पहुंचना स्वयं में एक साधना के जैसा अनुभव है। कठिन चढ़ाई के बावजूद श्रद्धालुओं के चेहरे पर थकान से कहीं ज्यादा उत्साह दिखायी देता है। यह उत्साह उसी आस्था से आता है, जो हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विश्वासों में होता है। यमुनोत्री के बाद चार धाम तीर्थयात्री गंगोत्री पहुंचते हैं, गंगोत्री भारतीय संस्कृति में सभ्यता की आत्मा है, यहीं से गंगा नदी निकली है। एक पौराणिक कथा के मुताबिक राजा भगीरथ की तपस्या से गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। गंगोत्री में भागीरथी का निर्मल प्रवाह देखकर श्रद्धालु उस दिव्य दर्शन का अनुभव करते हैं, जो लोगों के जीवन को पवित्रता और आध्यात्मिकता से भर देता है। चार धाम यात्रा का तीसरा पड़ाव समुद्र तल से 3500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम हैं। भगवान शिव का यह धाम तीर्थयात्रियों की श्रद्धा और उनके साहस दोनो की परीक्षा लेता है। कई किलो मीटर की पैदल यात्रा, बदलता मौसम और कठिन मार्ग होने के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसका कारण केवल धार्मिक आस्था नहीं बल्कि आध्यात्मिक अनुभव है, जिसे लोग केदारनाथ पहुंचकर महसूस करते हैं। केदारनाथ मंदिर के सामने खड़े होकर जब श्रद्धालु बर्फ से ढकी चोटियों को देखते हैं, तो जीवन की क्षणभंगुरता और ईश्वर की विराटता का एहसास होता है। साल 2013 की भीषण आपदा के बाद भी मंदिर का सुरक्षित रहना अनेक श्रद्धालुओं के लिए भगवान शिव की कृपा का प्रतीक है। यही कारण है कि आज केदारनाथ केवल एक तीर्थ नहीं बल्कि विश्वास और पुनर्निर्माण की प्रेरक कहानी भी हैं। चार धाम यात्रा का अंतिम पड़ाव बद्रीनाथ धाम है। भगवान विष्णु को समर्पित यह मंदिर अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है। पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु ने यहां तपस्या की थी। यह जगह इतनी दिव्य और आध्यात्मिक है कि यहां पहुंचकर एहसास होता है मानो हम सांसारिक व्यस्तताओं से दूर किसी दिव्यलोक में प्रवेश कर गये हैं। मंदिर परिसर में गूंजते मंत्र, शंख ध्वनि और भक्तों की श्रद्धा, ये सब मिलकर ऐसा वातावरण निर्मित करते हैं कि मन पूरी तरह से गहरे तक आध्यात्मिकता में डूब जाता है।

चार धाम यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठानभर नहीं है। यह मनुष्य के भीतर छिपे धैर्य, अनुशासन और आत्म विश्वास को उजागर करने वाली यात्रा भी है। आधुनिक जीवन में जहां तनाव, प्रतिस्पर्धा और भौतिक सफलता की दौड़ बढ़ती जा रही है, वहीं यह यात्रा लोगों को स्वयं से मिलने का अवसर भी प्रदान करती है। कठिन मार्गों पर चलते हुए श्रद्धालु महसूस करते हैं कि जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियां सुविधा नहीं बल्कि संघर्ष और विश्वास से प्राप्त होती हैं। इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है। देश के विभिन्न राज्यों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग यहां एक साथ दिखायी देते हैं। कोई दक्षिण भारत से आया होता है, कोई गुजरात से, कोई बंगाल से, कोई पंजाब से, सभी की भाषा अलग होती है, लेकिन सबकी आस्थाएं एक होती हैं। चार धाम यात्रा भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण है। हालांकि बढ़ती संख्या के कारण आज कई तरह की चुनौतियां भी पैदा हो गई हैं। पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन, हिमालयी पारिस्थितिकी की सुरक्षा, आज महत्वपूर्ण विषय बन चुके हैं। धार्मिक आस्था तभी सार्थक है, जब वह प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी के साथ जुड़ी हो। **आर. सी. शर्मा.**

## विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तु के लिए श्रम नहीं करेगा, तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

## आपकी बात

### कृषि क्षेत्र में संभावनाएं

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे? हालांकि अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा बीते साल की गयी है। इससे जरूर खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, अनाजों की बर्बादी भी कम होगी, किसानों को उनके उपज का वाजिब मूल्य दिलाने में भी मदद मिलेगी, गांवों में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### सामाजिक सुरक्षा के लाभ

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

## रोजगार मेले में 65 युवाओं को मिला रोजगार

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा राजकीय आई.टी.आई. परिसर बेनीगंज में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में 195 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेल में किमी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के एच०आर० द्वारा 65 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी क्रम में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण



**अयोध्या।** पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा आयोजन में शासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा कक्षों, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र के साथ निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना चाहिए ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों की सघन जांच, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र परिसर एवं उसके आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था तथा परीक्षा कक्षों में उपलब्ध संसाधनों का भी परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नकल, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा अव्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 के प्रथम दिन जनपद के 12 केन्द्रों पर आयोजित हुयी, जिसमें प्रथम पाली में कुल 5136 अभ्यार्थियों में से 4037 अभ्यार्थी (78.60 प्रतिशत) उपस्थित रहें तथा 1099 अभ्यार्थी (21.40 प्रतिशत) अनुपस्थित रहें।

## पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में अनुपस्थित रहे 1043 परीक्षार्थी

बहराइच 08 जून। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 के प्रथम दिन जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3181 रही जबकि 1043 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 175, आजाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 291, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 179, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 554, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 285, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 368, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 176, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3190 रही जबकि 1034 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 188, आजाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 288, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 297, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 314, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 294, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 178, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 545, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 309, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 369, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 188, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 291 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## बाबा मजार पर उर्स व मेले का वसीम राईन ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**बाराबंकी।** प्रसिद्ध शाहिद मर्द रहमतुल्लाह अलैहि, बाबा मजार पर आयोजित उर्स एवं भव्य मेले का शुभारंभ ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उर्स केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी है, जहां हर वर्ग और समुदाय के लोग एक साथ मिलकर सहभागिता निभाते हैं। उर्स मुबारक पर मजार परिसर को विशेष रूप से रंग-बिरगी झालरो से सजाया गया। तथा मजार पर चादरपोशी कर देश एवं समाज की तरक्की और अमन-चैन की दुआ की गई। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष मुनीर राईन, महमूद राईन, इम्तियाज राईन, हाजी मुन्ना राईन, निसार राईन, जावेद राईन, शफीक राईन, शाहरुख राईन, रियाज राईन, नदीम राईन, मुन्ना राठौर, मो.शफीक, नौशाद पहलवान, आलम राईन, शादाब कुरैशी, अब्दुल्ला राईन, मोमिन राईन, रिजवान राईन, असफाक राईन, इमरान राईन, जुनैद राईन, हारून राईन, सुहैल राईन, तय्यब राईन, मोहम्मद दानिश, सद्दाम राईन, पप्पू राईन, मोहम्मद आमिर मौजूद रहे।

## गरीब अस्पताल को पुनः चालू कराने की पुरजोर मांग, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** नगर पालिका परिषद नवाबगंज के मोहल्ला पीरबटावन वार्ड स्थित वर्षों से बंद पड़े गरीब अस्पताल को पुनः संचालित कराने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक के नेतृत्व में पदाधिकारियों जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि गरीबों, मजदूरों, किसानों, रिक्शा चालकों, महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों के उपचार के लिए स्थापित किया गया अस्पताल कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। अस्पताल के बंद रहने से क्षेत्र के हजारों परिवार स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। और उन्हें उपचार के लिए दूर-दराज के सरकारी अस्पतालों अथवा महंगे निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। भाकियू ने अस्पताल की भूमि, भवन, उपकरणों एवं अभिलेखों की जांच कराने, अस्पताल को पुनः चालू करने की समयबद्ध कार्ययोजना घोषित करने तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की नियुक्ति सुनिश्चित किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान बलराम यादव, अनुराग सिंह, मोहम्मद अरशद, कलीम उर्फ मुनिया, मोहम्मद वसी, मोहम्मद नदीम, जफर अंसारी, समीर यादव, विक्कू सिंह, तुलसी रावत, नसीम खान, नदीम कुरैशी, रिंकू वर्मा, सुधीर यादव आदि मौजूद रहे।

# धर्मेन्द्र शर्मा की पावर से अवध विवि को पावर लिफ्टिंग में मिला गोल्ड मेडल



अयोध्या। डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी धर्मेन्द्र शर्मा ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 105 भार वर्ग कैटेगरी में प्रथम स्थान पर रहते हुए अवध विश्वविद्यालय के लिए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पावर लिफ्टिंग टीम के साथ टीम मैनेजर डॉ.मनीष सिंह एवं कोच बबलू रहे।

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पावर लिफ्टिंग पुरुष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी धर्मेन्द्र शर्मा के शानदार प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने धर्मेन्द्र शर्मा को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है उन्होंने कहा कि निरन्तर अभ्यास एवं कौशल को विकसित करके सफलता प्राप्त की जा सकती है, धर्मेन्द्र शर्मा ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरान्वित किया है, विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ी को सम्मानित करेगा। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की खेल सुविधाओ में कोई कमी नही होगी। धर्मेन्द्र शर्मा की सफलता पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बधाई के साथ शुभकामनाएं दी है। प्रो.आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति जी के नेतृत्व में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी ऑल इंडिया प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर रहे है, कुलपति जी के निर्देशन में अवध विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार स्टेडियम एवं अन्य खेल सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को उच्च खेल सुविधाओं के साथ ट्रेनिंग प्राप्त होगी एवं खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन में निखार आयेगा। पदक विजेता खिलाड़ी की सफलता पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.नीलम पाठक, कुलानुशासक प्रो. एस. एस. महाविद्यालय विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि थाना क्षेत्र के मातगढ़ तिराहा के निकट स्थित अनिल टेलर्स की दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग जाने से भारी नुकसान हो गया। आग की चपेट में आने से दुकान में रखी सिलाई मशीनें, इंटरलॉकिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा ग्राहकों के सिलाई के लिए दिए गए कपड़े जलकर राख हो गए। घटना में लगभग 4 से 5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार दुकान संचालक कन्हैयालाल पुत्र राम गरीब, निवासी कंधरपुर, ऋणमोचन घाट, अयोध्या हैं। उनकी दुकान मातगढ़ तिराहा के पास अनिल टेलर्स के नाम से संचालित होती है। बुधवार देर रात करीब 1.30 बजे दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर कन्हैयालाल मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान धू-धू कर जल रही थी। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तथा श्रीराम जन्मभूमि थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। पीड़ित दुकानदार कन्हैयालाल ने बताया कि आग की घटना में दो इलेक्ट्रिक मशीनें, तीन सामान्य सिलाई मशीनें, इलेक्ट्रॉनिक सामान तथा बड़ी मात्रा में ग्राहकों के कपड़े जल गए। इस हादसे से उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित ने प्रशासन से आग लगने के कारणों की जांच कराने तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रभावित दुकानदार को राहत दिलाने की मांग की है। समाजसेवी श्यामजी ने शासन-प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि कन्हैयालाल अत्यंत गरीब परिवार से हैं और इस अग्निकांड में उनका भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने पीड़ित दुकानदार को शीघ्र आर्थिक सहायता एवं क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने की मांग की है।

## एमएलसी अंगद सिंह व पालिका अध्यक्षा शीला सिंह ने किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**बाराबंकी।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून 2026 तक संचालित विशेष जन-जागरूकता एवं जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद नवाबगंज के वाल्मीकि नगर मलिन बस्ती वार्ड में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्षा शीला सिंह की अध्यक्षता में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि एमएलसी श्री सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संजय शुक्ल सहित संबंधित अधिकारी, सभासद मौजूद रहे।

# पूर्व बार अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित हुआ सिविल डिफेंस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह



- प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों की सुरक्षा, राहत कार्य में प्रशासन का करते है सहयोग: हिसाल बारी किदवाइ
- अधिवक्ताओ ने बैच, अंगवस्त्र व बूके भेंटकर किया स्वागत

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई द्वारा अपने सिविल कोर्ट स्थित अधिवक्ता चैम्बर पर सिविल डिफेस कोर के नवनियुक्त चीफ, डिप्टी व डिवीजिनल वार्डन का स्वागत एंव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे सर्वप्रथम सिविल डिफेस कोर के नवनियुक्त चीफ वार्डन नवीन सेठ, डिप्टी चीफ वार्डन जतिन गुप्ता, डिवीजिनल वार्डन सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की को उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा बैच लगाकर बधाई दी। तत्पश्चात अधिवक्ताओ द्वारा बूके व शॉल भेंटकर बधाई दी गई। अंशुमान सिंह द्वारा भी सिविल डिफेंस टीम को अंगवस्त्र पहना कर उनका सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए हिसाल बारी किदवाई ने कहा कि सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक बाढ़, भूकंप, और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों की सुरक्षा और राहत कार्य में प्रशासन का सहयोग करते हैं। लीगल रेमेडी और मेडिकल रेमेडी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, इसलिए अधिवक्ता समाज ऐसी निष्काम सेवा भावना और अनुशासन की सराहना करता है। समारोह में नवनियुक्त सिविल डिफेस कोर पदाधिकारियो नवीन सेठ, जतिन गुप्ता व सरदार भूपेंद्र सिंह शैंकी ने अधिवक्ता समाज द्वारा किये गये सम्मान और स्वागत के लिए उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए सभी से अपने स्वास्थ्य के लिए अधिक सजग होने का आह्वान किया और किसी भी आकस्मिक दशा के लिए स्वयं को हर एक के लिए उपलब्ध बताया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से अधिवक्ता पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, रमेश चंद्रा, रोहित निगम, अंशुमान सिंह, राजेंद्र बहादुर राणा, दिनेश त्रिपाठी, अशोक वर्मा, यासिर अराफात, देवेंद्र यादव, विजय पांडे, जिम्मी, अजय प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, प्रत्यूषकांत शुक्ला, संदीप कुमार, सचिन प्रताप, श्रवण सिंह, श्याम सिंह, आमिर खान, अनुराग यादव, प्रभात सिंह, प्रमोद यादव, सरफराज, अमित सिंह, अनूप अवस्थी नारद, सलाम मोहम्मद, प्रदीप पांडे, दारा यादव, नितीश पांडे, अंकुल वर्मा अंकुर सिंह, राहुल विक्रम, मो. शादाब, सफवान किदवाई, नंदिनी वर्मा, मो. अबू बक्र, नमिता पंकज, महमूद अंसारी, कुणाल, मंजेश वर्मा, शावेज खान, मान सिंह यादव, फरहीन, आशुतोष पाठक आलोक वर्मा, आदित्य वर्मा, अभय वर्मा, रीना मौर्य आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने पेश की नगर पंचायत की प्रगति रिपोर्ट



बहराइच । जिले की पयागपुर नगर पंचायत के गठन के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर सियासत पूरी तरह गर्मा गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद्र श्रीवास्तव व पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर नगर पंचायत का 'विकास रिपोर्ट कार्ड' प्रस्तुत किया। ह्य3 वर्ष बनाम 1.5 वर्ष की विकास यात्राह्ल के नारे के साथ जारी इस प्रगति रिपोर्ट में जहां एक ओर 31 करोड़ के विकास कार्यों का दावा किया गया, वहीं क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी पर विकास कार्यों में अड़ंगा लगाने का आरोप लगाया । वही भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने आरोपों को निराधार बताया है ।

पूर्व विधायक व समाजवादी पार्टी के नेता मुकेश ने कहा कि जून 2023 में हुई पहली बोर्ड बैठक में ही विकास के 185 प्रस्ताव पास किए गए थे, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते बोर्ड को करीब डेढ़ वर्ष के लिए बर्खास्त कर दिया गया। इसके खिलाफ उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जहां से न्याय मिला और कोर्ट ने पुनः बहाल कर बालेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। बहाली के बाद से अब तक पयागपुर के विकास के लिए लगभग 31 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत और प्रस्तावित कराया जा चुका है ।

पूर्व विधायक ने कहा कि हम अपने कार्यकाल के एक-एक पैसे का हिसाब देने के लिए तैयार हैं। विधायक चुनाव से पहले किए गए 50 करोड़ के विकास कार्यों के दावों का हिसाब जनता के सामने रखें।

वही पूर्व विधायक के आरोपों पर मौजूदा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि ये सारे आरोप पूरी तरह निराधार है ।

## नवागत डीआईओएस शिक्षा गुणवत्ता, लंबित प्रकरणों व शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रमुख प्राथमिकताएं



**बाराबंकी।** नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक अमिता सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुये अपने प्रथम साक्षात्कार मे कहा कि माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों में अनुशासन की स्थापना, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक इससे पूर्व जनपद उन्नाव मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डीआईईटी में उप प्राचार्य के पद पर कार्यरत थीं। शासन द्वार किये गये फेरबदल के बाद जनपद पहुँची जिला विधालय निरीक्षक ने आगे कहा कि छात्र-छात्राओ को बेहतर शैक्षिक वातावरण, विद्यालयों की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने हेतु सभी संबंधित शिक्षको, अधिकारी और कर्मचारी के साथ बैठक करते हुए टीम भावना के साथ कार्य करेंगी। उनसे शिक्षकों की समस्याओं के समाधान पर बात करने पर उन्होंने कहा कि विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की समस्याओं व उनके निराकरण पर भी उनका विशेष ध्यान है।

# राज्यकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन



- जीएसटी 2.0 के तहत लागू किये नये सुधारों पर दी विस्तृत जानकारी
- कर क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले उद्यमियों को प्रशांसा पत्र देकर किया सम्मानित

**बाराबंकी।** उपायुक्त राज्य कर खण्ड 3 विकास कुमार सेठ की अध्यक्षता मे मसौली चैराहे पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे उपायुक्त राज्यकर श्री सेठ ने जीएसटी 2.0 के तहत लागू किये गये नये सुधारों पर व्यापारियो को सम्बोधित करते हुये कहा कि समय पर पंजीयन प्राप्त करना, नियमित रिटर्न दाखिल करना और कर नियमों का पालन करना व्यावसायिक गतिविधियों को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाता है। सहायक आयुक्त ज्योत्स्ना सिंह ने व्यापारियों को जीएसटी पोर्टल पर करदाताओं को उनके स्वयं के मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी अपडेट करने हेतु प्रेरित किया। राज्य कर अधिकारी भावेश तिवारी व राम तीरथ प्रसाद ने मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के लाभों के बारे में व्यापारियों को जागरूक किया तथा पंजीयन बढ़ाने व समय से रिटर्न दाखिल किये जाने के महत्व को बताया। कार्यक्रम में कर अनुपालन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 6 उद्यमियों शेखर सिंह, शकील अहमद, प्रेम किशोर वर्मा, राकेश कुमार सोनी, लक्ष्मीकान्त गुप्ता, अंकित गुप्ता को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य कर विभाग कर्मचारी राम कुमार मौर्य, सुधीर दीक्षित, गौरव सिंह, दुर्गेश कुमार मौजूद रहे।

# सर्वे तय करेगा फाइलेरिया के खिलाफ अगली रणनीति



**बहराइच** । फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनपद में 9 से 17 जून तक नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) संचालित किया जाएगा। इसकी तैयारियों के तहत अचल प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय लैब टेक्नीशियनों (एलटी) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नमूना संग्रहण, स्लाइड निर्माण, जांच प्रक्रिया तथा रिपोर्टिंग संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के तहत जनपद के तीन विकास खंडों के नौ चयनित गांवों में रक्त नमूने लिए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक में दो रैंडम और एक सेंटीनल गांव का चयन किया गया है। नवाबगंज ब्लॉक के जमोघ, जमुनहा और गंगापुर, कैसरगंज ब्लॉक के कड़सर बिटौर, देवलखा और कुदौनी तथा तेजवापुर ब्लॉक के मैगला, भिरवा और चंदनापुर गांव सर्वे में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर लोगों की उंगली से रक्त की बूंद लेकर माइक्रोफाइलेरिया की जांच के लिए स्लाइड तैयार करेंगी।प्रशिक्षण के दौरान नोडल संचारी रोग डॉ. अनुराग वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया रोग फैलाने वाले सूक्ष्म परजीवी (माइक्रोफाइलेरिया) दिन के समय शरीर की गहरी रक्त वाहिकाओं में रहते हैं और रात में सतही रक्त प्रवाह में सक्रिय हो जाते हैं। इसी कारण रक्त नमूने रात्रि 10 बजे से तड़के 2 बजे के बीच लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे से किसी क्षेत्र में संक्रमण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाता है। सर्वे के परिणामों के आधार पर यह तय किया जाता है कि आगामी चरण में किन क्षेत्रों में फाइलेरिया रोधी दवा वितरण और अन्य नियंत्रण गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी।सेंटीनल गांव वे गांव होते हैं जहां पहले फाइलेरिया संक्रमण पाया गया हो या जहां नियमित रूप से रोग की निगरानी की जाती है। इनके आंकड़े संक्रमण की प्रवृत्ति समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जिला बार एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान मे अधिवक्ताओ ने विभिन्न मांगो को लेकर महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एंव भूतल परिवहन सड़क मंत्री नितिन गड़करी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन लागू करने, जनपद मे पड़ने वाले हाइवे टोल टैक्स फ्री किये जाने, बाराबंकी को अयोध्या मंडल से हटाकर लखनऊ मण्डल मे जोड़ने, तहसील रुदौली को जनपद मे शामिल किये जाने की पुरजोर मांग की। प्रदर्शन में बार अध्यक्ष रमनलाल द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दौलता कुमारी, रामकुमार वर्मा, अंकुर यादव, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रणय बाजपेई, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय रुबी सिंह, अमित सिंह सूर्यवंशी, पूर्णिमा गुप्ता, सात्वंना सिंह वर्मा, नमिता पंकज, अनिता सिंह, अनुराग शुक्ला, सहदेव मौर्य सहित सैकड़ो की संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा2 नियो और प्रो की समीक्षा बिक्री से पहले लॉन्च को ओपन ट्रायल में बदला

नई दिल्ली। भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए एआई+ स्मार्टफोन ने घोषणा की है कि वह अपने आगामी नोवा2 नियो और नोवा2 प्रो स्मार्टफोन को बिक्री शुरू होने से पहले ही देशभर के रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, टेक्नोलॉजी समुदाय के सदस्यों को उपलब्ध कराएगा, ताकि वे इन डिवाइसेज की खुलकर समीक्षा कर सकें और अपनी निष्पक्ष राय दे सकें। ऐसे समय में जब उद्योग आमतौर पर लॉन्च इवेंट्स पर केंद्रित रहता है, एआई+ स्मार्टफोन ने अलग रास्ता चुना है, जहाँ प्रचार से पहले संवाद, बिक्री से पहले फीडबैक और मार्केटिंग से पहले उपभोक्ताओं को महत्व दिया जा रहा है। ऐसे समय में जब प्रोडक्ट लॉन्च के साथ अक्सर पहले से तय और नियंत्रित संदेश पेश किए जाते हैं, एआई+ एक अलग सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें लॉन्च के दिन की मार्केटिंग से ज्यादा उपभोक्ताओं के हित को प्राथमिकता दी जाती है। हमें सिर्फ तारीफ नहीं चाहिए, बल्कि उपयोगकताओं के हित में ईमानदार और निष्पक्ष फीडबैक चाहिए।

## टाटा पावर का घर-घर सोलर अभियान का शुभारंभ

सुल्तानपुर। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड का हिस्सा एवं टाटा पावर की सहायक कंपनी, टाटा पावर सोलर रूफटॉप ने अपने प्रमुख घर-घर सोलर अभियान के साथ टाटा पावर बैटरी स्टोरेज, एक एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य राज्य के शहरी, अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की गति को और तेज करना तथा घरों एवं समुदायों को चौबीसों घंटे विश्वसनीय एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी बढ़ती बिजली आवश्यकताओं को किफायती और टिकाऊ तरीके से पूरा करने में सहायता प्रदान करना है। एयर कंडीशनर, घरेलू उपकरणों, सिंचाई, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा छोटे व्यवसायों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली की खपत में हो रही वृद्धि को देखते हुए, टाटा पावर सोलारूफ का एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का सहज रूप से उत्पादन, भंडारण और उपयोग करने में सक्षम बनाएगा। साथ ही, यह बिजली बिलों तथा पारंपरिक ग्रिड बिजली पर निर्भरता को उल्लेखनीय रूप से कम करने में भी मदद करेगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे रूफटॉप सोलर बाजारों में से एक बनकर उभरा है।

## जस्ता की कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार से कमजोरी का संकेत लेकर सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में सोमवार को जस्ता की कीमत 60 पैसे की गिरावट के साथ 362.75 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 60 पैसे या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 362.75 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इसमें 73 लॉट के लिए कारोबार हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा बाजार में जस्ता कीमतों में गिरावट आई।

## तांबा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में सोमवार को तांबा की कीमत 2.15 रुपये की गिरावट के साथ l,334 रुपये प्रति किग्रा रह गई। एमसीएक्स में ताांबा के जुलाई माह में डिलीवरी वाले तांबा अनुबंध की कीमत 2.15 रुपये अथवा 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ l,334 रुपये प्रति किग्रा रह गई जिसमें 4,729 लॉट के लिए कारोबार हुआ। हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की कमजोर मांग के कारण मुख्यतः वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में गिरावट आई।

## एल्युमीनियम वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में मजबूती के रुख के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा कारोबार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 40 पैसे की तेजी के साथ 384 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव 40 पैसे यानी 0.1 प्रतिशत की तेजी के साथ 384 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 102 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

# सेंसेक्स में 719 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। दुनिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में नरमी तथा कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी से बीएसई सेंसेक्स 719 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 244 अंक की गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 719.08 अंक यानी 0.97 प्रतिशत टूटकर 73,524.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 924.4 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 243.70 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,123 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, निफ्टी 296.55 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,117 में गिरावट आई जबकि l,249 लाभ में रहे। वहीं 171 के भाव अपरिवर्तित रहे। लेबनान में इजराइल की कार्रवाई के जवाब में ईरान के इजराइल पर किए गए मिसाइल हमलों के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत तीन प्रतिशत बढ़कर लगभग 96 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इससे मुद्रास्फीति और बाह्य क्षेत्र के दबावों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। जिंस के दाम बढ़ने से महंगाई, कमजोर मानसून रहने का अनुमान और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी से निकट भविष्य में चुनौतियां बनी रहने की संभावना है। वैश्विक स्तर पर, एआई (कृत्रिम मेधा) और सेमीकंडक्टर शेयरों में मुनाफावसूली के साथ ही स्पेसएक्स के आईपीओ से पहले नकदी बढ़ाने के लिए की गई बिकवाली ने जोखिम से बचाव को लेकर वैश्विक धारणा को और मजबूत किया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.10 प्रतिशत चढ़कर 96.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के कारण वैश्विक बाजार में अस्थिरता आई है। इससे कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई। साथ ही, वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में भी बिकवाली देखी गई है, क्योंकि निवेशक एआई की अगुवाई में तेजी के बने रहने पर सवाल उठाने लगे हैं। सेमीकंडक्टर से जुड़े सूचकांकों में भी बिकवाली का दबाव देखा गया। वास्तव में मूल्यांकन अधिक होने से निवेशकों के अब अधिक निवेश से बचने के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। हालांकि, इसे रुख में बदलाव कहना अभी जल्दबाजी होगी। एफआईआई ने शुक्रवार को 8,776.25 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# रुपया 56 पैसे टूटकर 95.74 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 56 पैसे कमजोर होकर 95.74 (अस्थायी) पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की उंची कीमतों के बीच निवेशकों के जोखिम न लेने की धारणा के कारण घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण डॉलर-रुपयप जोड़ी ने पिछले कारोबार की बढ़त को गंवा दिया। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में वृद्धि ने भी निवेशकों के विश्वास को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.35 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.15 के उच्च स्तर तक गया और अंत में 95.74 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 56 पैसे कमजोर है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने के उपायों की घोषणा के बाद रुपया 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 100.16 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.94 प्रतिशत गिरकर 96.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा कच्चे तेल की उंची कीमतों के कारण रुपये में और गिरावट की आशंका है। डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। निचले स्तर पर आरबीआई का हस्तक्षेप रुपये को सहारा दे सकता है। उनका अनुमान है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर दर 95.40 से 96.10 के दायरे में रह सकती है। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 719.08 अंक गिरकर 73,524.26 अंक पर, जबकि निफ्टी 243.70 अंक लुढ़ककर 23,123 पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 8,776.25 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

## शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 6.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट से निवेशकों को 6.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दुनिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में नरमी तथा कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी से शेयर बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 719.08 अंक यानी 0.97 प्रतिशत टूटकर 73,524.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 924.4 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 243.70 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,123 अंक पर बंद हुआ। इस गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,31,440.41 करोड़ रुपये घटकर 4,55,28,758.96 (4,760 अरब डॉलर) रहा।

## सोना 1100 रुपये और चांदी 5000 रुपये टूटी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में l,100 रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह l,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वैश्विक बाजारों में कमजोरी, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच यह गिरावट आई।

स्थानीय सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के बंद भाव l,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से l,100 रुपये घटकर l,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। इसी तरह, चांदी की कीमतों में भी दबाव देखने को मिला। चांदी का भाव 5,000 रुपये टूटकर 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर आ गया। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। विश्लेषकों के मुताबिक, कीमती धातुओं में यह गिरावट हाल में देखी जा रही कमजोरी का ही विस्तार है। निवेशक अब सुरक्षित निवेश के बजाय बढ़ती ऊर्जा कीमतों से महंगाई पर पड़ने वाले असर पर कहीं अधिक ध्यान दे रहे हैं। अमेरिका में उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़े आने से महंगाई और ब्याज दरों को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस वजह से सोना और चांदी जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों को लेकर आकर्षण कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, खासकर इजराइल से जुड़ी हाल की घटनाओं ने भी बाजार में अस्थिरता बढ़ाई है, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना करीब एक प्रतिशत गिरकर 4,291.79 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 1.34 प्रतिशत घटकर 66.93 डॉलर प्रति औंस रही। इस बीच, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब पांच प्रतिशत चढ़कर 97.44 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। अमेरिका के मजबूत रोजगार आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि ब्याज दरें अभी लंबे समय तक उंची रह सकती हैं। इस धारणा से डॉलर मजबूत हुआ है।

## देश का चालू खाता अधिशेष बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 7.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारत का चालू खाता अधिशेष वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.1 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.7 प्रतिशत रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में चालू खाता अधिशेष 13.7 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.4 प्रतिशत था। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान चालू खाते पर घाटा रहा और यह 25.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.6 प्रतिशत रहा। जबकि 2024-25 में यह 22.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.6 प्रतिशत था। आरबीआई के वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान भारत के भुगतान संतुलन पर जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध सेवा प्राप्तियां वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बढ़कर 60.4 अरब डॉलर हो गईं, जो एक वर्ष पहले 53.3 अरब डॉलर थीं। कंप्यूटर सेवाओं और अन्य व्यावसायिक सेवाओं जैसी प्रमुख श्रेणियों में सेवाओं के निर्यात में सालाना आधार पर वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर 2025-26 की चौथी तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 83.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक वर्ष पहले की समान तिमाही में 59.3 अरब डॉलर था।

## ईंधन महंगा होने से बढ़ी किफायती व ईवी वाहनों में दिलचस्पी



नयी दिल्ली। ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के कारण उपभोक्ताओं की रुचि मई में ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन वाहनों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ी है। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन्स (फाडा) के अनुसार डीलरों ने ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन विकल्पों के बारे में लोगों द्वारा जानकारी हासिल करने की पुष्टि की है। इसका असर दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर 9.25 प्रतिशत होने के रूप में दिखा। फाडा के अनुसार, देश में मोटर वाहनों की कुल खुदरा बिक्री मई में सालाना आधार पर 9.55 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,31,067 इकाई रही। फाडा के अनुसार, मई में ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बाद उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया उल्लेखनीय रही। डीलरों ने ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन विकल्पों के बारे में जानकारी हासिल करने के मामलों में वृद्धि की सूचना दी जिसका असर दोपहिया ईवी हिस्सेदारी के 6.11 प्रतिशत से बढ़कर 9.25 प्रतिशत होने में दिखा। उद्योग निकाय के अनुसार, जून से अगस्त की अवधि के लिए डीलरों का भरोसा मजबूत दिख रहा है, जहां 59.07 प्रतिशत डीलर अब वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। यह मध्यम अवधि की मांग को लेकर बढ़ते विश्वास का संकेत है, खासकर जब मानसून आगे बढ़ रहा है। यह रुझान दर्शाता है कि खरीफ बुवाई के साथ ग्रामीण आय बढ़ने पर मौसमी सुस्ती खत्म और मांग तेज हो सकती है। फाडा ने कहा कि ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी, लू की स्थिति और पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद मई में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री 9.55 प्रतिशत बढ़कर 25,31,067 इकाई हो गई जो पिछले साल इसी महीने 23,10,451 इकाई थी। मई में तिपहिया, यात्री वाहन और ट्रैक्टर श्रेणियों में अब तक की सर्वाधिक खुदरा बिक्री दर्ज की गई जबकि आम तौर पर इस महीने बिक्री कमजोर रहती है। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री पिछले महीने 23.25 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,02,591 इकाई रही जो मई 2025 के 3,26,656 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 17,15,581 इकाई से 7.54 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 18,44,947 इकाई हो गई। उद्योग निकाय फाडा के अनुसार, तिपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने l,11,526 इकाई रही, जो मई 2025 की l,07,688 इकाइयों से 3.56 प्रतिशत अधिक है।

## तीन दिवसीय ड्रीम हैबिटेट समिट एक्सपो 2 अक्टूबर से



लखनऊ। वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य के बीच, उत्तर प्रदेश देश की हरित अवसंरचना को गति देने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हुए उभर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज राइज यूपी के कर्टेन रेजर का शुभारंभ करते हुए उत्तर भारत के अब तक के सबसे बड़े समिट एक्सपो की औपचारिक घोषणा की।

हरित ऊर्जा और नेट-जीरो भवनों को केंद्र में रखने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन 2 से 4 अक्टूबर, 2026 तक लखनऊ के शहीद पथ स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का संचालन रीगल नेक्सस द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 2025 में लगभग 45 लाख करोड़ रुपये मूल्य वाला देश का रियल एस्टेट बाजार वर्ष 2032 तक बढ़कर लगभग 100 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने का अनुमान है, जो 13 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर को दर्शाता है। वहीं, देश का इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र भी वर्ष 2026 में 173 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2031 तक 250 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है, जिसे एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, मेट्रो कॉरिडोर और अर्बन मोबिलिटी में हो रहे निवेश से गति मिल रही है। इस राष्ट्रीय परिदृश्य में, देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल उत्तर प्रदेश इस परिवर्तन का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। विकास के इस नए चरण के लिए एक प्रमुख संवाद और निवेश मंच के रूप में परिकल्पित राइज यूपी ग्रीन टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और सरकारी नीति-निमार्ताओं को एक ही मंच पर एकत्रित करेगा।

पेज एक का शेष

### इजराइल-ईरान

ने पश्चिमी और मध्य ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। हालांकि, इजराइल ने भी इससे अधिक कोई जानकारी साझा नहीं की।इस बीच, सऊदी अरब में सोमवार सुबह उस क्षेत्र में मिसाइल हमले की चेतावनी को लेकर सायरन बज उठे, जहां अमेरिकी सैनिकों की तैनाती वाला एक महत्वपूर्ण एयरबेस स्थित है। सऊदी सरकारी मीडिया के अनुसार, अल-खार्ज प्रांत में यह चेतावनी जारी की गई। इसी क्षेत्र में प्रिंस सुल्तान एयर बेस स्थित है, जहां अमेरिकी बल तैनात हैं। यह अलर्ट इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद जारी किया गया। हालांकि, कुछ देर बाद सऊदी अरब ने कहा कि इलाके में मिसाइल का खतरा टल गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास सह कार्यालय व्हाइट हाउस ने इन हमलों और अमेरिका के साथ किसी संभावित समन्वय से जुड़े सवालों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### दक्षिणी फिलीपीन

चले जाएं या अंदरूनी इलाकों में सुरक्षित पहुंच जाएं। ताइवान, जापान, गुआम, पापुआ न्यू गिनी और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र के कई द्वीपीय देशों और क्षेत्रों में सुनामी की कुछ लहरें आ सकती हैं। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलवेसी और उत्तरी मलुकु प्रांतों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए।

### पासपोर्ट सेवा

कहा कि तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने, विवाद कम करने और राजस्व अपवंचन रोकने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपत्तियों के मूल्यांकन में एकरूपता और पारदर्शिता लाने के लिए मानकीकृत मूल्यांकन व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। इससे बाजार आधारित मूल्यांकन सुनिश्चित होगा तथा मूल्यांकन संबंधी विवादों में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से निवेश और औद्योगिक विकास का केंद्र बन रहा है। ऐसे में विधिक व्यवस्थाओं को भी वर्तमान आर्थिक और व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में स्पष्टता होने से निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, अनावश्यक विवाद और मुकदमेबाजी कम होती है तथा कारोबार करने की सुगमता को बल मिलता है। बैठक में कॉरपोरेट पुनर्गठन, विलय, विभाजन, समामेलन, अधिग्रहण, सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी), शेयरधारिता में परिवर्तन, आवासीय सहकारी समितियों तथा रेरा के अंतर्गत विक्रय करारों से जुड़े विषयों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में स्पष्ट और व्यावहारिक स्टाम्प शुल्क व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न राज्यों की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का अध्ययन करते हुए ऐसा विधिक ढांचा तैयार किया जाए जिससे निवेश को प्रोत्साहन मिले, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मजबूत हो, विवादों में कमी आए और राज्य के राजस्व हित भी सुरक्षित रहें।

### यूपी में 450

सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह संग बटन दबाकर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया। इसे लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र को परिवर्तित कर स्थापित किया गया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि हम लोग सीजन में अतिवृष्टि-अनावृष्टि, आकाशीय बिजली आदि के संबंध में मेट्रोलॉजिकल व अन्य विभागों की बैठक में चर्चा करते थे कि समय पर सटीक जानकारी मिलने से सही रणनीति संभव होती है। आज केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में लखनऊ खुद को मेट्रोलॉजिकल रीजनल सेंटर के रूप में स्थापित कर रहा है। यह यूपी के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को वैज्ञानिक तरीके से आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के प्रति आभार भी जताया। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद इस विषय पर अपेक्षित ध्यान न देने का परिणाम था कि अन्नदाता किसान अपेक्षित प्रगति नहीं कर पाए। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनधन की हानि को रोकने वाले प्रयास भी अधूरे रहे। लेकिन, पिछले 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में डॉ. जितेंद्र सिंह ने जो अभियान प्रारंभ किया, उसका परिणाम सभी देख रहे हैं। 12 वर्ष पहले बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, आकाशीय बिजली के खतरों के बारे में जो जानकारी मिलती थी, होता उससे ठीक उल्टा था, लेकिन अब मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त हो रही है। सीएम ने कहा कि 13 मई को आंधी-तूफान से प्रदेश के कुछ जनपदों में जनधन की काफी हानि हुई थी। बैठक में मैंने पूछा कि अर्ली वार्निंग सिस्टम क्यों काम नहीं कर रहा था। पता चला कि सिस्टम तो काम कर रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की सक्रियता का अभाव है। फिर रात में पूरे प्रदेश के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मैंने कहा कि जब आपको अलर्ट मिल रहा है तो आपको भी स्थानीय स्तर पर लोगों व संस्थाओं को अलर्ट करना चाहिए। इस बैठक के चौथे-पांचवें दिन भी आपदा आई, लेकिन तीन घंटे पहले सबके मोबाइल पर अलर्ट आना प्रारंभ हो गया। सीएम ने सहारनपुर की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां शिवालिक पहाड़ी की तलहटी में मां शाकम्भरी देवी का मंदिर है। देहरादून व शिवालिक पहाड़ियों में भारी बरसात हुई। यहां बारिश होने से एकत्र होने वाला जल बाढ़ जैसा माहौल पैदा कर देता है। उस समय मंदिर में कीर्तन चल रहा था, काफी श्रद्धालु मौजूद थे, लेकिन मौसम विभाग ने समय से सही जानकारी दी तो सभी को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया, जिससे जनधन की व्यापक हानि रुक गई।

### प्रदेश में बनेंगे

को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे और आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होगा। प्रमुख सचिव, आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ भारत की पारंपरिक चिकित्सा विरासत को भी मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं ताकि प्रदेशवासियों को सुरक्षित, सस्ती तथा प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर पांच नये एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालय के लिए पांच मंडलों में जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। देवीपाटन मंडल में गोंडा के विकास खंड वजीरगंज के ग्राम कोडर में लगभग 14.82 एकड़ भूमि, मीरजापुर मंडल में सदर तहसील के ग्राम अकोढ़ी में 13.83 एकड़ भूमि, मेरठ मंडल के लिए गाजियाबाद के मोदीनगर तहसील के ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डलना में 11 एकड़ भूमि, आगरा मंडल में किरावली तहसील के ग्राम अकबरा में 13.5 एकड़ भूमि और बस्ती मंडल में हरैया तहसील के ग्राम जोगापुर में 15 एकड़ भूमि महाविद्यालय की स्थापना के लिए चिन्हित की गयी है। इनमें से चार मंडलों में जमीन पहले ही आयुष विभाग के नाम दर्ज है, जबकि बस्ती में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आयुष महानिदेशक एवं मिशन निदेशक चैत्रा वी. ने बताया कि सभी पांच मंडलों में आयुष महाविद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध हो गयी है। वहीं वर्तमान में राजकीय एकीकृत आयुष महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का नक्शा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए आयुष महाविद्यालय केवल शिक्षा संस्थान नहीं होंगे, बल्कि शोध और नवाचार के केंद्र के रूप में भी विकसित किए जाएंगे। यहां आयुर्वेदिक औषधियों, योग चिकित्सा, जीवनशैली आधारित उपचार और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे भारतीय चिकित्सा परंपरा को वैज्ञानिक आधार पर और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही मंडल में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों को बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। महाविद्यालयों में आधुनिक प्रयोगशालाएं, चिकित्सालय, अनुसंधान सुविधाएं और प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे, जिससे आयुष शिक्षा को नई गुणवत्ता और पहचान मिलेगी।

### विशाखापत्तनम

अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता पहुंचा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई। पीएम मोदी ने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक मदद देने का एलान किया है। विशाखापत्तनम जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव को बताया कि सोमवार शाम 6.30 बजे तक आठ मृतकों में से छह के शव इस्पात संयंत्र के सामान्य अस्पताल पहुंच चुके हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय पिघले लोहे का तापमान करीब 1,600 डिग्री सेल्सियस था। अत्यधिक गर्म धातु मजदूरों पर गिरने से वे इसकी चपेट में आ गए।

### राजग का

आया है, जहां उसके 80 विधायकों में से 58 ने पार्टी आला कमान के अनुभवी नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता नियुक्त करने के फैसले को सिरे से खारिज कर दिया और निष्कासित विधायक रिताब्रता बनर्जी को उस पद पर नामित कर दिया। विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद से तृणमूल कांग्रेस में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल सोमवार को उसके संसदीय खेमे में भी फैलती नजर आई, जब बागी सांसदों के एक समूह ने केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को समर्थन दिया, जबकि पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ अखिल भारतीय स्तर पर रणनीति तैयार करने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली में थीं।

### सांस्कृतिक धरोहर

के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। दूरस्थ गांवों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विशेष विकास कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही छात्रवृत्ति, कौशल विकास और अन्य शैक्षणिक सहायता योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### वकीलों की हड़ताल

जारी कर दो सप्ताह में शपथपत्र के साथ जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने यह भी नोट किया कि सेंट्रल बार एसोसिएशन ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पांच वर्ष के लिए सदस्यता से निष्कासित किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी। दरअसल इस केस की सुनवाई करते हुए पूर्व में कोर्ट ने कैसरबाग में पुराने हाईकोर्ट परिसर के आस-पास से वकीलों व अन्य द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था, पुलिस प्रशासन और नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का अधिवक्ताओं ने विरोध किया था और न्यायिक कार्य का बहिष्कार भी किया था । इस पर कोर्ट बहुत नाराज हुई थी और जिला जज से रिपोर्ट मांगी थी ।

